मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024
वर्ष 34, अंक 300, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 16

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 15

## एक नजर

### बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

रांची। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को झारखंड के आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

दुबई/कराची। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी। इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है।

### संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित

नई दिल्ली। अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अब कार्यवाही 2 दिसंबर को शुरू होगी।

# निचली अदालत मस्जिद सर्वेक्षण पर आगे न बढ़े

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- संभल सर्वे : तब तक यथास्थिति बरकरार रखने का दिया निर्देश



सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है।

### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख 8 जनवरी तय की गई है।

### मथुरा शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस पर विस्तार से सुनवाई होगी। हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

### सर्वे मामले की सुनवाई अब 8 जनवरी को होगी

चन्दौसी। कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

### हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से दाखिल हुईं। पुलिस गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई।

# राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

- कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी
- मामला पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। इस दौरान अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था।

सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### 40 से अधिक प्रतिष्ठानों पर आयकर का छापा जारी

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं।

# तय करनी होगी जवाबदेही अब लेने होंगे कठोर निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी



- पार्टी वर्किंग कमेटी की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाद्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और पार्टी के कई अन्य नेता शामिल हुए।

# 24 दिन में मिली सजा, दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दर्ज अभियोग में ट्रायल के 24 दिनों के भीतर आया फैसला प्रदेश की नजीर बना। दुष्कर्मी को आजीवन कारावास के साथ अर्थदण्ड की सजा भी सुनाई गई। मामला सीतापुर जनपद के पिसावां थानाक्षेत्र का है।

पिसावां के एक गांव का विशाल कश्यप 8 वर्षीय बालिका को मेला दिखाने के बहाने ले गया। गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के पीछे उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पिसावां थाने पर अभियोग दर्ज कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियोग में पीड़ित पक्ष के बयानों के साथ पुलिस और मेडिकल टीम के सहयोग से साक्ष्य संकलित किये गए। 5 नवंबर को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 (पाक्सो एक्ट) में मामला ट्रायल पर आया। इसी के बाद एक एककर साक्ष्य प्रस्तुत किये गए। भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में 24 दिनों तक वाद चला। फिर न्यायाधीश भगीरथ वर्मा ने अपना फैसला सुनाया। जिसमें अभियुक्त विशाल को धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता के आरोप में दोषी पाए जाते हुए आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास होगा, तथा बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



## एक नजर

### सभासद उपचुनाव : नहीं हुआ एक भी नामांकन

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले में दो नगर पालिकाओं में सभासद पद के लिए होने वाले उपचुनावों में अब तक कोई नामांकन नहीं हो सका है। बताते चलें शाहाबाद नगर पालिका के वार्ड संख्या 10 तथा बिलग्राम के वार्ड संख्या 20 में सभासद के लिए उप चुनाव होना है। नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। अभी तक दोनों जगहों पर किसी ने नामांकन नहीं कराया है।

### पुलिस ने बालिका को भगाने वाले को दबोचा

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।। क्षेत्र के एक पिता ने 14 नवंबर को कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि लोनार थाना अंतर्गत गांव बावन निवासी नसीम मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

### पूनम बनीं रालोद की जिलाध्यक्ष

**हरदोई, अमृत विचार।** रालोद जिलाध्यक्ष रामदास दीक्षित ने बताया कि पार्टी की महिला प्रदेश अध्यक्ष परिणीता सिंह से पूनम सिंह तोमर को जिलाध्यक्ष बनाया है। नवनियुक्त महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष से पार्टी ने संगठन को और मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।

### हटाया गया अतिक्रमण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** तहसील प्रशासन ने पिपराइच में अतिक्रमण हटवाया। नायब तहसीलदार भागीरथी सिंह कानूनगो विनय कुमार श्रीवास्तव के साथ पिपराइच पुलिस व रेलवे पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटवाया।


# जिपं अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

## कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से मौजूद रहे मंत्री नितिन अग्रवाल, समूह की महिलाओं को सौंपा चेक

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड हरियावां की ग्राम पंचायत कुरसेली के विभिन्न जनहित विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से तथा विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने किया।

अध्यक्ष जिला पंचायत प्रेमावती ने गौ पूजन कर वृहद गौ संरक्षण केन्द्र का लोकार्पण किया। जिला पंचायत द्वारा निर्मित अमृत सरोवर का लोकार्पण तथा ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित विभिन्न जनहित विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर ग्रामवासियों को शुभकामनायें प्रदान कीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं यथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 7200 लाख का सीसीएल चेक, कृषि, उद्यान एवं पशुपालन विभाग के लाभार्थियों को मिनी बीज किटों का वितरण किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा० आर०पी० शर्मा, सहायक परियो० प्रबन्धक, यू०पी०पी०सी०एल, अशोक कुमार त्यागी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप कुमार गुप्ता, खण्ड विकास अधिकारी हरियावां निधि राठौर, कार्यक्रम आयोजक एस पी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरियावां शशांक सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसेवक वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजीव सिंह टेनी सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।



लाभार्थियों को चेक सौंपतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

# साइबर फ्रॉड से बचने के दिये टिप्स

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय, हरदोई परिसर में चल रहे त्रिदिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत ध्वजारोहण और झंडा गीत के साथ हुई। जिसमें ए एल टी प्रशिक्षक प्रेम श्रीवास्तव और बेसिक कोर्स प्रशिक्षक साधना कश्यप ने छात्राओं को साइबर क्राइम से जुड़े हुए बहुत ही संवेदनशील मुद्दों पर बात की। उन्होनें बताया कि अगर हमारे सामने ऐसी स्थिति आ जाती है तो हम इसका कैसे निपटारा कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने बहुत ही मनोरंजन और रोचक तरीके से छात्राओं को खेल ही खेल में बहुत सारी स्काउट और गाइड के नियमों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी, जिससे छात्राओं का ज्ञानवर्धन हुआ और छात्राएं प्रेरित होकर आगे भी प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए इच्छा जताई। श्री श्रीवास्तव ने महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर भी चर्चा की। उन्होनें कहा कि यदि विपरीत परिस्थितियों आ जाएं तो लड़कियां कैसे अपनी आपको सुरक्षित रख सकती हैं और दूसरों को भी सुरक्षित कर सकती हैं। शुक्रवार को शिविर के समापन सत्र में पाक विद्या के माध्यम से बहुत सारे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किया और उसे बहुत ही सुंदरता पूर्वक सजाकर प्रस्तुत किया। छात्राओं ने टेंट निर्माण भी किया जिसमें कुल 8 टीमों ने भाग लिया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत स्काउट गाइड, हरदोई संस्थान के डीओसी रमेश वर्मा उपस्थित रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते प्रशिक्षक। अमृत विचार

# हिरासत से फरार आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** फ्रिंगर प्रिंट वेरीफिकेशन के दौरान हथियार रखने का आरोपी पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था, उसे ढूंढने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई थी। एसएचओ कासिमपुर की अगुवाई वाली टीम ने फरार हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में ढूंढ निकाला।

कासिमपुर थाने के घुसपहा निवासी मनोज पर साल-2011 में हथियार रखने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। कोर्ट में हाज़िर न होने पर उसके खिलाफ नॉन वेलेबल वारंट जारी हो चुका था। उसी बीच कासिमपुर पुलिस ने आरोपी मनोज को गिरफ्तार कर लिया था। गुरुवार को कासिमपुर में तैनात कांस्टेबिल विकास यादव अपने हमराही होमगार्ड किशोरी कुमार के साथ आरोपी मनोज को ले कर कोर्ट पहुंचे, उसे फिंगर प्रिंट वेरिफिकेशन के लिए सेशन हवालात से अभियोजन आफिस लाया गया। उसी बीच आरोपी फरार हो गया। आरोपी मनोज को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम लगाई गई थी, एसएचओ कासिमपुर की अगुवाई वाली टीम ने कुछ ही घंटों में आरोपी मनोज को ढूंढ निकाला।

# हादसों व जाम का सबब बने ओवरलोड वाहन

संवाददाता, टोंडरपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** यातायात नियमों की अनदेखी ही राहगीरों के हादसों का कारण बन रही। सबसे अधिक दुर्घटनाएं ओवरलोड वाहनों से हो रही हैं। संपर्क मार्गों पर सबसे अधिक हादसे हो रहे हैं, टोंडरपुर क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों से बुजुर्ग के अलावा कई राहगीर हादसों का शिकार हो चुके हैं। यातायात नियमों के बावजूद भी जिम्मेदार कागजों पर यातायात रफ्तार भर रहा है।

गन्ना लदे वाहनों के कारण सिंगल मार्गों पर जाम लगता है। जाम के चलते कई बार सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं।


**नियमों की अनदेखी :** सड़क से गुजरता ओवरलोड वाहन। अमृत विचार

पुलिस की खानापूर्ति जाम को समाप्त कराने तक ही सीमित रहती है। गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों के अलावा ओवरलोड भूसा लदे ट्रक भी रोजाना देखे जा जाते हैं।

**गन्ना मिलों के जिम्मेदार नहीं कर रहे पुख्ता बंदोबस्त :** चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू हो चुका है। क्रय केंद्रों से मिलों तक गन्ना पहुंचाने के लिए बड़ी संख्या में वाहन चलते हैं। जो जाम ही नहीं बल्कि हादसों का कारण भी बनते हैं। शाहबाद से पिहानी मार्ग पर लोनी चीनी मिल स्थित है जहां पर रोजाना जाम लगता है।


गन्ना लदे ओवरलोड वाहन। अमृत विचार

विकास खंड टोंडरपुर के लोनी क्षेत्र के कई गांवों में बड़ी विकराल समस्या है, गन्ना यार्ड में किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों की खड़ी करने की व्यवस्था मजबूत करनी चाहिए, लेकिन चीनी मिल के द्वारा पर्याप्त व्यवस्था ना होने के कारण एवं बड़ी संख्या में किसानों को गन्ना पर्चियां एक साथ जारी करने के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं जिससे रोजाना जाम लगता है।

# आकांक्षा प्रथम, संतोष द्वितीय व अमित रहे तृतीय

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** गणित प्रदर्शनी प्रतियोगिता में जिले के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों एवं डायट प्रशिक्षुओं ने मॉडल प्रदर्शित किए।

प्रतियोगिता में शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं ने गणित के क्षेत्र में नवाचार जैसे मॉडलों व चार्टों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक समित के रूप में जीडीसी से डा. ब्रज मोहन यादव, प्रधानाचार्य आरके राव व आर.आर. इण्टर कालेज से सुनील शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में संख्याओं का ज्ञान ,ल.प.स. व म.स.प.,कोणों का मापन , अबेकस द्वारा संख्याओं का जोड़ घटाव, त्रिभुजों की आकृतियों आदि के बारे में प्रयोगात्मक विधि से प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में ब्लाक सुरसा की आकांक्षा सिंह चौहान प्राथमिक विद्यालय इच्छनापुर की सहायक अध्यापक ने प्रथम स्थान, ब्लाक सण्डीला के प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर के संतोष कुमार गौतम ने द्वितीय स्थान और ब्लाक कछौना के अमित कुमार प्राथमिक विद्यालय बर्रा घुमन के सहायक अध्यापक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बीच प्रवक्ता अनीता कुमारी, मुनीश मोहम्मद, शिखा चौहान, उज़्मा जबी, सौरभ कुमार, पीताम्बर चौरसिया, आशा यादव व दिवाकर सिंह यादव मौजूद रहीं।


प्रदर्शनी का निरीक्षण करते निर्णायक। अमृत विचार

# हीरे की अगूंठी चोरी, एक्सईन की बहन ने पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में रह रही एक्सईएन के घर रखी उनकी बहन की हीरे की अगूंठी चोरी हो गयी। तहरीर के मुताबिक कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज हुई है। इस मामले में खुद एक्सईएन पीडब्ल्यूडी (निर्माण खण्ड -प्रथम,प्रा.प.) कानपुर नीलम देवी का कहना है कि केस फाइल कराने के लिए उनकी बहन को काफी दौड़-भाग करनी पड़ी, उसके बाद एसपी के एक्शन में आने के बाद रिपोर्ट दर्ज हुई।

कानपुर की शशि प्रभा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि पीडब्ल्यूडी (निर्माण खण्ड-प्रथम प्र.प.) एक्सईएन नीलम देवी उनकी बहन हैं, के साथ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस बी-3 में 21 अक्टूबर तक रहती रहीं। वहीं वंदना पाण्डेय काम करती थी, उसने अगस्त में चार दिनों तक काम किया उसके बाद काम छोड़ दिया। इसी बीच देखा गया कि शशि प्रभा की हीरे की अंगूठी गायब थी। वंदना से पूछताछ की गई तो कि उसने बताया कि पड़ी पाई थी और पीतल समझकर कहीं फेंक दी। शशि प्रभा ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई सुनवाई नही हुई, खुद एक्सईएन नीलम देवी ने बताया कि उनकी बहन को काफी दौड़-भाग करनी पड़ी, लेकिन जब एसपी से शिकायत की गई।

## सार-संक्षेप

### 113 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को दिए गए उपकरण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** समग्र शिक्षा अभियान के समेकित शिक्षा के तहत शुक्रवार को शाहाबाद तहसील में दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए उपकरण वितरित किए जाने के लिए शिविर लगाया गया। एसडीएम शाहाबाद दीक्षा जोशी की मौजूदगी में शाहाबाद तहसील के शाहाबाद, टोंडरपुर, भरखनी, पिहानी और शाहाबाद ब्लाक के 113 दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हे ट्राई साइकिल, व्हील चेयरटीएलएम-किटसुगम्य केन, रोलेटर, बैसाखी आदि उपकरण वितरित की गई। इस दौरान डीसी (समेकित शिक्षा) आशा वर्मा ने दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की मंशा के बारे में बताया। उन्होने कहा कि सरकार का मानना है कि शिक्षित होने के लिए दिव्यांगता अड़चन न बनें, इस लिए ऐसे बच्चों को शिक्षा से सीधे जोड़ने के लिए तमाम योजनाए शुरु की गई है। शिविर में एल्मिको कंपनी के मोहन लाल, हर्ष कुमार, सूरज कुमार और शिक्षकों में शब्बन खां, रामाशीष गुप्ता, अर्चना द्विवेदी, श्रीशचंद्र पाण्डेय व नीलम सिंह आदि मौजूद रहीं।


दिव्यांग को उपकरण देतीं डीसी आशा वर्मा।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** एक य युवक अचानक तालाब में गिर पड़ा, जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। इस तरह का हादसा लोनार थाने के सकरा पोखर का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है।

बताया गया है कि शुक्रवार को लोनार थाने के सकरा पोखर के एक तालाब में युवक का पानी में उतराता हुआ शव देखा गया। वहां काफी लोगों की भीड़ जुट गई। बाहर निकाले गए शव की शिनाख्त शिवम सिंह पुत्री रामदास निवासी तेरिया थाना लोनार के रूप में की गई। शिवम तालाब तक किस मकसद से पहुंचा ? इस बारे में उसके घर वाले कुछ बता नहीं पा रहें है, लेकिन कुछ लोगों का कहना है कि वह सिघांड़े तोड़ने गया था और गहरे में डूब गया।

### फसल अवशेष प्रबन्धन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि शुक्रवार को ग्राम-बरखेडा विकास खण्ड-बावन में फसल अवशेष प्रबन्धन योजनान्तर्गत ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फसल अवशेषों को भूमि में दबाकर मृदा स्वास्थय को सुधारना है। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, हरदोई के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. डीबी सिंह ने बताया कि निरन्ता धान-गेहूं के फसल चक्र को अपनाने से मृदा स्वास्थ्य काफी गिर गया है। भूमि में जीवांश कार्बन की मात्रा आवश्यकता की लगभग 20 प्रतिशत ही रह गई है। भुमि में फसल अवशेष मिलाने से मृदा स्वास्थ्य में सुधार होगा व फसल उत्पादन अच्छा व स्वास्थ्य बर्धक होगा तथा पर्यावरण में सुधार होगा। केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. एके तिवारी ने बताया कि जल संरक्षण करने, पर्यावरण को प्रदुषण से बचाने एवं मृदा स्वास्थ्य को सुधारने हेतु तथा नमी संरक्षण हेतु पराली आदि फसल अवशेषों को भूमि में मिलाना आवश्यक है, ताकि जीवांश कार्बन की मात्रा बढाकर अच्छा व गुणवत्ता पूर्ण उत्पादन लिया जा सकें। उन्होंने वेस्ट डिकम्पोजर का प्रयोग करने की सलाह दी।


बावन में धू-धूकर जलता रावण का पुतला। अमृत विचार

# रावण का वध होते ही लगे श्रीराम के जयकारे

संवाददाता, बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** बावन की ऐतिहासिक रामलीला में शुक्रवार को रावण वध की लीला का मंचन किया गया। उसके बाद प्रभु श्रीराम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। रावण लक्ष्मण को शिक्षा देता है और बाद में प्राण त्याग देता है। रावण का पुतला दहन होते ही आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन हुआ। मेले में बहुत भीड़भाड़ रही।

रामलीला मैदान पर शाम चार बजे रामलीला का मंचन शुरू हुआ। इस दौरान पहले पाताल लोक में हनुमानजी के हाथों अहिरावण के मारे जाने की लीला का मंचन हुआ।

उसके बाद प्रभु री राम और रावण के बीच भयंकर युद्ध की लीला का मंचन किया गया। रावण के सिर बार-बार काटने पर पुनः आ जाते थे, ऐसे में विभीषण श्रीराम के पास आते हैं और उन्हें बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है। जब तक अमृत को नहीं सुखाया जाएगा तब तक रावण की मृत्यु नहीं हो पाएगी। यह जानकारी मिलते ही प्रभु श्री राम बाण मारकर रावण की नाभि का अमृत सुखा देते हैं। उसके बाद रावण जमीन पर गिर जाता है। रावण के जमीन पर गिरने के बाद प्रभु श्री राम लक्ष्मण को रावण के पास जाकर राजनीति की शिक्षा लेने का आदेश देते हैं। इस पर लक्ष्मण रावण के सिर के पास खड़े होकर राजनीति की शिक्षा देने को कहते हैं।

रावण लक्ष्मण से कहता है कि यदि उन्हें शिक्षा लेनी है तो वह उनके पैरों के पास आकर खड़े हों। रावण की यह बात सुनकर लक्ष्मण प्रभु श्री राम की ओर देखते हैं। प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण को रावण के पैरों के पास खड़े होने को कहते हैं। उसके बाद लक्ष्मण रावण के पैरों के पास जाकर खड़े हो जाते हैं। इसके बाद रावण लक्ष्मण को शिक्षा देता है और इसके बाद प्राण अपने त्याग देता है।

रावण वध के मंचन के बाद उसका पुतला फूंका गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मेला कमेटी अध्यक्ष देशदीपक दीक्षित, नाजिम खाँ, अबधेश राठौर, सौरभ अग्निहोत्री, महादेव कश्यप, करुणेश मिश्रा झबले, भूपेंद्र अबस्थी, विद्यानिधि मिश्रा, सचिन शुक्ला, उजाला शुक्ला, उमाकांत पाठक, निशीत शुक्ला, रामवीर यादव, जितेंद्र सिंह, अतुल मिश्रा, अनीस खान, शीलू मिश्रा, संदीप शुक्ला, स्वदेश अग्निहोत्री, पुनीत मिश्रा, मोहित अबस्थी, मयंक समेत बड़ी संख्या में स्थानीय व आसपास के गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

**लापरवाही** किसानों का आरोप- पक्की पुलियों के पास नहीं कराया गया सफाई का कार्य

# माइनर की सफाई के नाम पर खानापूर्ति, ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, कोथावां, हरदोई

**अमृत विचार।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अल्पिकाओं से निकली माइनरों की सिल्ट सफाई कराने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन विभाग द्वारा महज खानापूर्ति की जा रही है। इसके चलते किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाएगा, इससे आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन किया।

बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोरोकला शारदा नहर से निकले माइनर से किसानों के खेतों तक निर्बाध पानी पहुंचाने के लिए माइनर की सिल्ट सफाई कराने का आदेश दिया है, लेकिन विभाग ने माइनर की सिल्ट सफाई जेसीबी मशीनों से तो करवा ली है, जिससे माइनर की सफाई सही तरीक़े से नही हो सकी है। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। किसान पिंटू, छोटे सिंह, स्वरूप, संदीप, अरुण, जीतू, चंद्रप्रकाश मिश्रा, अचल, नरेंद्र आदि किसानों के मुताबिक कोरोकला से दीननगर के रास्ते जाने वाले माइनर की सिल्ट सफाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही विभाग द्वारा की गई है।

कोरोकला के किसान रामस्वरूप का कहना है कि सफाई के बाद मिट्टी भी सही तरीक़े से नहीं उठाई गई है जिससे माइनर मे पानी नहीं निकलेगा

किसान छोटे सिंह का कहना है कि सफाई के दौरान माइनर पर पड़ने वाली पक्की पुलियों के पास बिल्कुल भी सफाई नही की गई हैं। पुलियों के पाइप अभी भी चोक हैं, जिससे माइनर से पानी खेतों तक पहुंचना असम्भव लगता है।


बदहाल माइनर। अमृत विचार


प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### खेतों तक पहुंच जाएगा पानी

कोरोकला शारदा नहर से कोरोकला माइनर की सफाई का कार्य कराया गया है। नहर में पानी छोड़े जाने पर खेतों तक पानी आसानी से पहुंच जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

–**रंजीत कुमार**, जेई सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग

# स्टे के बाद भी दबंगों ने शुरू कराया निर्माण

**शाहाबाद हरदोई, अमृत विचार।** महमंद मोहल्ले में । कोर्ट का स्थगन आदेश होने के बाद भी दबंगों ने डंके की चोट पर निर्माण कार्य प्रारंभ रखा।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महमंद निवासी नबी जान पुत्र जान खान के अनुसार उनकी एक विवादित जमीन पर न्यायालय के स्टे के बावजूद मोहल्ले के दबंग रिजवान हुसैन उर्फ़ मन्नू पुत्र इकबाल हुसैन एवं तालिब ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। बकौल नवी जान जब उसने उपरोक्त विपक्षियों को निर्माण कार्य रोकने से मना किया तो उपरोक्त लोग जान माल की धमकी देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। तब उसने 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया लेकिन दबंगों ने अपनी दबंगई का प्रदर्शन करते हुए आधा घंटे बाद फिर से निर्माण कार्य तेज कर दिया। समाचार लिखे जाने तक दबंग का निर्माण कार्य जारी था। बताया जाता है रिजवान उर्फ मन्नू ट्रांसपोर्टर होने की वजह से पुलिस के संपर्क में है। पुलिस से सांठ गांठ करके कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाई गई और स्टे के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। पीड़ित नबी जान ने बताया कि वह अपनी फरियाद लेकर पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होगा।

**न्यायालय गजट**

**नोटिस निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम) व अदालत श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बिलग्राम हरदोई**

**रामसनेही बनाम रामलखन आदि**

**वाद अंतर्गत धारा 116 उ0 प्र0 राजस्व संहिता ग्राम कुरसठ खुर्द परगना मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई**

1- महावीर पुत्र रामलाल 2- रमेश चंद्र 3- रामलखान पुत्रगण रघुनाथ सर्वनिवासीगण ग्राम मंशाखेड़ा मजरा कुरसठ खुर्द परगना मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई तह0 व जिला हरदोई। हरगाह मुशम्मो वादीगण मैं दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है कि लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 04माह 12 सन 2024 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइए। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त मजबूरन आपके गैरहाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 19 माह 11 सन 2024ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया गया।

**आज्ञा से- श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय बिलग्राम हरदोई।**

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# आशा बहू ने फंदा लगा दी जान

## पिता ने लगाया आरोप-देवर ने की हत्या, सीएचसी पर थी तैनात

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सीएचसी में तैनात आशा बहू ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। पिता का आरोप है कि उसकी बेटी के देवर ने हत्या की और शव को फांसी पर लटका दिया। जबकि उसकी ससुराल वालों का कहना है कि वह मोबाइल फोन से बाहरी लोगों से हंस-हंस कर बातें करती थी,मना करने के बाद भी नहीं मानी,उसी बात से गुस्साए उसके देवर ने तीन दिन पहले उसका मोबाइल छीन कर फेंक दिया था,उसी से नाराज़ हो कर उसने ऐसा कदम उठाया।

बताया गया है कि शाहाबाद कोतवाली के राभा मुरादपुर निवासी कुलदीप की 23 वर्षीया पत्नी अनीता सीएचसी पर आशा बहू थी। गुरुवार की शाम को उसने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहा. कोहराम मच गया।

अनीता के पिता परमेश्वर दीन निवासी हुल्लापुर पिहानी का कहना है कि करीब पांच साल पहले उसने अनीता की शादी की थी,उसके दो बेटे हैं। परमेश्वर दीन का आरोप है कि अनीता के देवर महाजन ने उसकी हत्या की और उसे आत्महत्या का रंग देने के लिए शव फंदे पर लटका दिया गया,जबकि अनीता के ससुराल वालों का कहना है कि वह अक्सर बाहरी लोगों से मोबाइल पर हंस-हंस कर बातें किया करती थी,जबकि उसका देवर महाजन उसे मना करता रहता था,लेकिन अनीता नहीं मानी,तीन दिन पहले वह उसी तरीके से मोबाइल पर बातें कर रही थी,उसी बीच वहां महाजन पहुंच गया,उसने अनीता के हाथ से मोबाइल छीन कर फेंक दिया था, इसी से नाराज़ हुई अनीता ने ऐसा कदम उठाया। वहीं पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

## छात्रों को दिये कॅरियर के टिप्स

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहुती कलां में शुक्रवार को कॅरियर मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अवधेश त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बच्चों को कॅरियर संबंधी टिप्स दिए। बिंदुवार कैरियर के सम्बन्ध में बच्चों का मार्गदर्शन किया। विशिष्ट अतिथि विभूति नारायण बाजपेई ने बच्चों को संबोधित किया। आयोजक प्रधानाचार्य चित्रा सोनकर ने अतिथियों का स्वागत किया। मेले में राजेश्वरी, मनोज कुमार तिवारी, प्रिया मिश्रा, श्वेता, डॉ वंदना, आदित्य पांडेय, मो. आरिफ, प्रज्ञा बाजपेई, श्रेष्ठी अवस्थी व अभिभावक उपस्थित रहे।

# पासी, निषाद, लोधी व अन्य जातियों के नाम पर बने रेजीमेंट : सांसद

## मिश्रिख के सांसद अशोक रावत ने सदन में उठाया मुद्दा

संवाददाता, अतरौली, हरदोई,


**अमृत विचार।** सांसद अशोक रावत ने गुरुवार को संसद में नियम 377 के तहत भारतीय सेना में पासी, निषाद, लोधी व मल्लाह सहित अन्य जातियों के नाम से रेजीमेंट की स्थापना की मांग की।


सांसद अशोक रावत। अमृत विचार

सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई ने बताया कि सांसद अशोक रावत ने कहा है कि 1857 की क्रांति के बाद ब्रिटिश सरकार के सैन्य अधिकारियों के द्वारा देश की सभी जातियों को योद्धा हर गैर योद्धा जातियों में वर्गीकृत किया था। उस समय जो भी जातियां ब्रिटिश प्रशिक्षित सैन्य बल में थी उन्होंने क्रांति में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। लेकिन तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने पासी, लोधी निषाद, केवट, मल्लाह, राजपुर, कोली, मीणा, अहीर, त्यागी, गुर्जर, जाट, सैनी आदि जातियों पर 12 अक्टूबर 1871 में क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के माध्यम से रोक लगा दी। स्वतंत्रता के बाद 1952 में सरदार बल्लभ भाई पटेल ने इन जातियों को आपराधिक जातियों से मुक्त कर दिया था। लेकिन तब से अभी तक इन जातियों के सम्मान को वापस लौटाने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाये गए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गोरखा, जाट, महार, नागा जैसे रेजीमेंट हैं। इसी तरह पासी, निषाद, लोधी, राजभर, मल्लाह जातियों के नाम से भी रेजीमेंट बनाया जाए।

## एक नजर

### कल आएंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



**हरदोई, अमृत विचार।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 01 दिसम्बर को एक विद्यालय के वार्षिक समारोह में भाग लेने आ रहे है। उनके आगमन की तैयारियों प्रशासन द्वारा जोरों से की जा रही है।

### जिलाधिकारी ने की डैशबोर्ड की समीक्षा

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड में रैंकिंग का विशेष ध्यान रखा जाये। विभागीय योजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** तमंचे व कारतूस सहित देहात कोतवाली के वैष्णो नगर निवासी मुकुल उर्फ बूचा पुत्र बृजेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# फीस न देने पर मैनेजर ने छात्र को बेरहमी से पीटा

» सीसीटीवी में कैद हो गयी छात्र की पिटाई की घटना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एक निजी स्कूल में 7 वीं का पढ़ाई कर रहा छात्र मजबूरी में अपनी फीस जमा नहीं कर सका। उसकी इस गलती पर वहां के मैनेजर ने उसे क्लास से बाहर खींचते हुए पहले तो डंडे से पीटा इसके बाद थप्पड़ पर थप्पड़ मारे। मैनेजर की करतूत सीसीटीवी में कैद है गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है। छात्र को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

कछौना कोतवाली के गोठवा निवासी मोहम्मद यासीन का पुत्र मोहम्मद सईद (13) कछौना के एक निजी स्कूल में 7 वीं का छात्र है। किसी मजबूरी के चलते सईद की फीस नहीं जमा हो सकी थी। दो दिन पहले मैनेजर ने सईद से फीस जमा न करने के बारे में पूछा। फिर उसे क्लास के बाहर खींच कर ले गया और डंडे और थप्पड़ से उसकी पिटाई कर दी।पुलिस ने छात्र का मेडिकल कराने के लिए मेडिकल कालेज भेजा। मेडिकल से पहले एक फोन आया और छात्र के साथ आए पुलिसकर्मी उसे लौटा ले गए। अंदरखाने से पता चला है कि सुलह के लिए छात्र को बगैर मेडिकल बुला लिया गया,जबकि इलाकाई पुलिस ने ऐसी किसी बात से इंकार किया है।

## पेड़ के नीचे बैठे वृद्ध पर गिरी डाल, मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** खेत पर काम कर रहा बुजुर्ग पेड़ के नीचे बैठकर आराम करने लगा। तभी उसी पेड़ की डाल टूटकर उस पर गिर पड़ी,जिससे उसकी डाल के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

सवायजपुर कोतवाली के बड़ौरा गांव निवासु 60 वर्षीय कप्तान पुत्र कोमिल खेती-बाड़ी करता था,उसके परिवार में पत्नी शांति के अलावा दो बेटे मुकेश व रजनीश के साथ चार बेटियां है। गुरुवार की दोपहर को कप्तान खेत पर काम कर रहा था,उसी बीच बगल में पेड़ के नीचे बैठ कर आराम करने लगा,उसी बीच पेड़ की डाल टूट कर उसके ऊपर गिर पड़ी,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई।

# बेरहमी से हुई थी अजय की हत्या

फॉलोअप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अजय की हत्या बेरहमी से की गयी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किए गए इस तरह के खुलासे के बाद पुलिस अजय की हत्या के पीछे बताई गई प्रेम-प्रसंग की कहानी के पन्ने उलटने-पलटने लगी है ,माना जा रहा है कि पूरी वारदात का सच्चा किस्सा जल्द ही सामने आ जाएगा।

बताते चलें कि पचदेवरा थाने के अनंगपुर निवासी 24 वर्षीय अजय पुत्र रामनरेश मंगलवार की सुबह घर से कहीं निकल गया था,उसके बाद वापस नहीं लौटा। गुरुवार की सुबह की बात है,रामनरेश के पड़ोसी राकेश सिंह की पत्नी अपनी बकरी ढूंढ रही थी,वह प्रेमपाल पुत्री जगपाल के बंद पड़े मकान की तरफ पहुंची,उसने मकान के अंदर झांका,वह बरामदे में जमीन पर पड़ा अजय का शव देख कर उसने शोर मचाया। इसका पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ लग गई। अजय के सिर से खून बह रहा था,साथ ही उसकी आंख और गले में भी चोट थी, सिर पर वार कर अजय की हत्या की गई,इस तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है। प्रेमपाल के बारे में बताया जा रहा है कि वह दिल्ली में रहता है,उसके मकान में ताला पड़ा हुआ था। सवाल है कि आखिर उस बंद मकान में अजय क्यों और कैसे पहुंचा ? लोगों के बीच इसी पर बहस छिड़ी हुई है। वहीं अजय की मौत के पीछे प्रेम-प्रसंग की बातें भी हो रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने अजय के शव का पोस्टमार्टम कराया,उसकी रिपोर्ट में कहा गया है कि अजय की न सिर्फ गला घोंट कर हत्या की गई,बल्कि उसके सीने पर चढ़कर घूंसे मारे गए। बाईं तरफ की आंख फोड़ी गई,साथ ही उसके प्राइवेट पार्ट को कुचला गया था। रिपोर्ट में ऐसा खुलासा होने के बाद पुलिस मान चुकी है कि हत्या की असल वजह प्रेम-प्रसंग ही होगी। उसी का पता लगाने के लिए उसने प्रेम-प्रसंग की कहानी के पन्ने उलटने-पलटने शुरू कर दिए है,उम्मीद की जा रही है कि वारदात का पूरा चिट्ठा जल्द ही सामने आ जाएगा।

## खेलते समय नदी में गिरकर बच्चे की मौत

**अमृत विचार, हरदोई ।** एक ढ़ाई साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। वहां से खेलते-खेलते वह बगल से निकली सुखेता नदी के किनारे पहुंच गया और किसी को पता ही नहीं चला,वह नदी में गिर पड़ा। इधर घर वाले उसे ढूंढ रहे थे, उसी बीच नदी में उसका शव उतराता मिला। बेहटा गोकुल थाने के मियांपुर निवासी रवि का ढाई साल का इकलौता बेटा आयुष गुरुवार की शाम घर के बाहर खेल रहा था,वहीं बगल से सुखेता नदी निकली है। खेलते समय आयुष नदी के किनारे पहुंच गया। किसी को पता ही नहीं चला कि कब आयुष नदी में गिर गया। उधर घर वाले उसे ढूंढ रहे थे,उसी बीच गांव में शोर होने लगा कि किसी बच्चे का शव सुखेता नदी में उतरा रहा है।

# सोशल मीडिया के सहारे हुई महिला के शव की शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** इधर-उधर भटकती घूम रही अधेड़ महिला की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। उसके बाद शव की शिनाख्त की गई। महिला के बेटों का आरोप है कि उन लोगों के बाहर जाने के बाद उनकी मां अकेली थी,बेगारी कराने के लिए उन्हें बंधक बना लिया गया था और जब तबियत बिगड़ी तो उन्हे छोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

शाहाबाद कोतवाली के आगापुर की 50 वर्षीया धनदेवी पत्नी श्रीराम के दो बेटे राजीव और सर्वजीत हैं, काम-धंधे के चलते दोनों बाहर चले गए,मां अकेली रह गई। गुरुवार को उसकी तबियत बिगड़ गई,कुछ लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचा दिया,जहां उसकी मौत हो गई। जैसा कि बताया गया था कि अधेड़ इधर-उधर घूमा करती थी। उसकी मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शव की शिनाख्त की गई। धनदेवी के पुत्र राजीव व सर्वजीत ने आरोप लगाया है कि पाली थाने के नसियापुर के एक शख्स ने उसकी मां को बेगारी के लिए अपने घर में बंधक था और तबियत बिगड़ने पर उन्हे इधर-उधर भटकने के लिए छोड़ दिया था। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

# जुमे की नमाज पर सतर्क रही पुलिस

चौकसी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** शाहाबाद नगर क्षेत्र की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस काफी सतर्क रही। संभल जिले में हुए बवाल के बाद कोतवाली पुलिस लगातार पैदल भ्रमण कर रही है और निगरानी कर रही है।


जामा मस्जिद के समक्ष फोर्स के साथ मौजूद प्रभारी निरीक्षक। अमृत विचार

इसी क्रम में शुक्रवार को दोपहर तकरीबन 1:30 बजे से 2:30 बजे तक पुलिस ने जामा मस्जिद में होने वाली जुमे की नमाज को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह फोर्स के साथ मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक जमात खड़ी होने से पहले ही पुरानी गल्ला मंडी स्थित जामा मस्जिद के समक्ष पहुंचे और नमाज संपन्न होने तक लगातार बने रहे और इधर-उधर टहलकर निगरानी करते रहे। शांतिपूर्वक नमाज संपन्न होने के बाद जामा मस्जिद से लोगों के निकल जाने के बाद पुलिस फोर्स जामा मस्जिद के समक्ष से कोतवाली के लिए रवाना हुआ।



सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का किया गया स्वागत। अमृत विचार

### श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने पुष्प वर्षा कर किया सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का स्वागत

**हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई के सिनेमा चौराहे से बागेश्वर धाम के संत धीरेन्द्र शास्त्री के समर्थन में चली सनातन हिन्दू एकता पदयात्रा का जिले के प्रमुख धार्मिक संघठन श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने लखनऊ चुंगी पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया कांशीराम कालोनी, नयागांव के सैकड़ों सदस्यों के साथ लखनऊ चुंगी पहुंचकर जिला कार्यकारी सचिव गौरव अग्रवाल, युवा संयोजक संध्या श्रीवास्तव समेत संस्था के सभी पदाधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया इस अवसर पर रीता गुप्ता, अनीता कटियार, उमाकांति, रामेश्वरी कश्यप, रजनी कटियार, पूनम मिश्रा, राधे मिश्रा, भावना, रिंकी सिंह, अनीता कश्यप, पिंटू कश्यप, नितिन, अभिलाष, शिवानी, नीलम, दुर्गा, नीति, मधु वर्मा, शिवम्, उत्कर्ष और क्षमा त्रिवेदी आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# डीएम के आश्वासन पर हड़ताल खत्म

टला गतिरोध

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** डीएम और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी के मध्य हुई वार्ता के बाद जिलाधिकारी के आश्वासन पर डीएम की अदालत की हड़ताल समाप्त कर दी गई है ।

बताते चलें कि बीते तीन दिनों से डीएम की अदालत की हड़ताल चली आ रही थी। बार संगठन महामंत्री महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अध्यक्ष केडी शुक्ला की अगुवाई में बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक हुई।

इसमें डीएम द्वारा भेजे गए पत्र पर सदस्यों ने अपनी राय रखी। बैठक में तय किया गया कि जिलाधिकारी से वार्ता के बाद ही इस मामले में कोई निष्कर्ष निकाला जाएगा।

इसके बाद दोपहर के बाद जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वार्ता की। इस पर डीएम ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल बनवाया जाएगा और उनके आवागमन के लिए रास्ता भी सुलभ करा दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया गया।

बताते चलें कि कलेक्ट्रेट परिसर के गेट नंबर तीन जो रजिस्ट्री कार्यालय के निकट स्थित है, पर बैरिकेडिंग के चलते वकीलो के वाहनों का आवागमन कचहरी में नहीं हो पा रहा था। इसको लेकर आमसभा में तय किया गया था कि दो दिन की डीएम की अदालत का बहिष्कार किया जाएगा और यदि मांगे नहीं मानी गई 29 दिसंबर को धरना देकर प्रदर्शन किया जाएगा।

इस पर जिलाधिकारी ने बार एसोसिएशन को पत्र भेजा। इस पत्र पर शुक्रवार की सुबह बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक बुलाई गई और सदस्यों से राय मांगी गयी। इसके बाद जिलाधिकारी से हुई वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त किए जाने का ऐलान किया गया। इस प्रकार तीन दिनों से चली आ रही हड़ताल समाप्त की गयी।

## सार-संक्षेप

### टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम में कर्मियों को दिए टिप्स

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद ब्लॉक मुख्यालय के उपेंद्र तिवारी स्मृति सभागार में टीबीमुक्त ग्राम पंचायत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी रोग के प्रति जानकारी और बचाव के तरीके बताते हुए तमाम टिप्स दिए गए। शुक्रवार को दोपहर तकरीबन तीन बजे ग्राम पंचायत व फैमिली केयर गिवर पर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व सचिवों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में टीबी के लक्षण, बचाव के तरीके, संक्रमण, टीपीटी, डीबीटी व ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए सभी बिंदुओं पर विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर प्रवीण दीक्षित ने मरीजों को दी जाने वाली पोषण पोटली का महत्व व टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की तथा टीबी रोग से समस्त ग्राम पंचायत को मुक्त करने के लिए प्रधानों, पंचायत सहायकों और सचिवों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में जितेंद्र तोमर एडीओ पंचायत, अवधेश कुमार वरिष्ठ क्षय रोग उपचार पर्यवेक्षक, रोहित कुमार कठेरिया, अभय प्रताप, जावेद आलम एवं रुपेश वर्मा आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### सरकारी कार्यालयों में किया जा रहा है फॉगिंग का कार्य



सरकारी अस्पताल में फागिंग करते कर्मचारी। अमृत विचार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद नगर क्षेत्र में ठंड बढ़ने के साथ-साथ मच्छरों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। मच्छरों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। सुबह से लेकर देर रात तक मच्छर भनभनाते रहते हैं। मच्छरों की वजह से डेंगू जैसी महामारी का प्रकोप बढ़ा था लेकिन पालिका प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग में एंटी लारवा दवाओं का छिड़काव नहीं किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को शाम तकरीबन 4 :00 बजे नगर पालिका की फॉगिंग मशीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर घुसती है और सरकारी डॉक्टरों के आवास के साथ-साथ पूरे कैंपस में फागिंग करके निकल लेती है। उसके बाद यह मशीन सरकारी कार्यालयों में फागिंग करती है एसडीएम के मंडी आवास में यह फागिंग मशीन स्प्रे करके निकल गई लेकिन मच्छरों से बीमारियों का शिकार हो रहे लोगों की ओर पालिका प्रशासन कि यह फागिंग मशीन नहीं पहुंची। नगर के 25 वार्डों में मच्छरों की बढ़ती हुई संख्या के कारण वार्ड वासी परेशान है। सुबह से लेकर देर रात तक मच्छरों ने जीना हराम कर रखा है। नालियों में जलभराव होने की वजह से बड़े-बड़े मच्छर लोगों पर हमला कर रहे हैं। डेंगू जैसी बीमारियां फैली। लेकिन पालिका प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग में कहीं भी एंटी लारवा दावों का छिड़काव नहीं किया। लेकिन अस्पताल से लेकर सरकारी कार्यालय फागिंग का यह कार्य अक्सर दिखाई देता है। नगर वासियों से पालिका प्रशासन या स्वास्थ्य विभाग का कोई लेना देना नहीं है।

### महीनों से खराब पड़े हैं हैंडपम्प


खराब पड़ा हैंडपम्प। अमृत विचार

**सुरसा, हरदोई, अमृत विचार।** सरकार पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है लेकिन यह पैसा सिर्फ कागजों पर ही खर्च हो रहा है। इसका नजारा ग्राम पंचायत कमरौली में देखा जा सकता है। जहां कई हैंडपम्प महीनों से खराब पड़े हैं। विकास खण्ड की ग्राम पंचायत कमरौली मे लगे दर्जनों हैंडपम्प कई माह से खराब पड़े हैं। पेयजल के लिए ग्रामीणों को संकट का सामना करना पड़ रहा है। इधर प्रदेश सरकार ब्लॉक स्तर से लेकर ग्राम पंचायतो तक पेयजल के नाम पर लाखों रुपए खर्च कर रही है जिससे ग्रामीणों को पानी की किल्लत न हो। गांव निवासी आदर्श ने मुख्यमंत्री से लेकर जिला अधिकारी तक से इस मामले की शिकायत की है। इसके साथ ही मांग की है कि खराब पड़े हैण्डपम्प ठीक कराये जाएं। गांव में हो रहे भ्रष्टाचार पर रोक व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। इस सम्बंध में खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में नही है, शिकायत आने पर इसकी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम

परिषदीय विद्यालयों की खेल प्रतियोगिता का डीएम ने किया उद्घाटन, बच्चों ने दिखाया खेल कौशल

# बच्चों में सकारात्मकता का संचार करती हैं खेल प्रतियोगिताएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिन तक चलने वाली जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जूनियर हाईस्कूल सिंहपुर की छत्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

बच्चों ने अतिथियों को बैज लगाया व स्पोर्ट्स कैप प्रदान की। परिषदीय विद्यालयों से आए बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। जिलाधिकारी ने झंडा फहराकर खेल प्रतियोगिता का औपचारिक उदघाटन किया। बच्चों के मार्च को जिलाधिकारी ने मंच से सलामी दी। मार्च का नेतृत्व प्राथमिक विद्यालय सनफरा के बच्चो ने किया। जिलाधिकारी ने एक बच्चे के हाथ में मशाल सौंपी। मशाल वाहक बच्चे ने सभी को प्रतियोगिता की शपथ दिलायी।


मां सरस्वती का पूजन करते जिलाधिकारी मंगलाप्रसाद। अमृत विचार



मुख्य अतिथि को सलामी देते बच्चे। अमृत विचार

400 मीटर की दौड़ से खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिता बच्चों में सकारात्मकता का संचार करती है। बच्चों में खेल भावना के विकास से जनपद का विकास होता है। उन्होने कहा कि इन्ही बच्चों में से कोई आगे चलकर सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा व एमएस धोनी बनेगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने समस्त खेल प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की।

प्रांतीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिव शंकर पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जिले के तमाम सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आए बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को उजागर किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी मंजू शर्मा, एचसीएल फाउंडेशन के प्रतिनिधि योगेश सिंह, गीता शर्मा सहित दर्जनों शिक्षिकाएं व शिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### गाजे-बाजे के साथ दी बाबू व अर्दली को विदाई

**महमूदाबाद, सीतापुर :** सिविल कोर्ट जूनियर डिवीजन के फौजदारी बाबू सुनील गौड़ व अर्दली रावेंद्र कनौजिया का आगरा स्थानांतरण होने पर महमूदाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने समारोह आयोजित कर विदाई दी। बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में गाजे-बाजे के साथ दोनों को विदाई दी गई। आयोजित समारोह में वकीलों के साथ अच्छे कार्य व्यवहार पर फौजदारी बाबू व अर्दली की जमकर तारीफ की गई। इस मौके पर लॉयर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश वर्मा, मुन्ना सिंह, निसार सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### आपदा मित्र चयन प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप

**सेवता, सीतापुर :** मुख्यमंत्री आपदा मित्र की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप है। इस मामले में शिकायत विकास क्षेत्र रेउसा के सेवता निवासी अनुराग शुक्ला पुत्र सुनीत कुमार शुक्ला ने मुख्यमंत्री को पीजी पोर्टल (शिकायत संख्या GOVUP/E/2024/0086039) के माध्यम से की है। अनुराग शुक्ला का आरोप है कि जनवरी माह में जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री आपदा मित्र पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया था। 25 नवंबर को उन्हें तहसील कार्यालय से फोन नंबर 9161431657 से कॉल आई, जिसमें नामनी का नाम पूछा गया। इसके बाद जब वे बुधवार को तहसील कार्यालय में जानकारी लेने पहुंचे, तो पता चला कि उनका आवेदन निरस्त हो गया है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी बिसवां से हस्तक्षेप की मांग की है।

### स्वास्थ्य केंद्रों के मरीजों को फलों का वितरण

**कमलापुर, सीतापुर :** कमलापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर में कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा कमलापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर वहां भर्ती सभी मरीजों को फल व बिस्किट वितरण किया गया। इस दौरान मरीज व तीमारदीवार फल और बिस्किट पाकर काफी प्रसन्न नजर आए। इस मौके पर ज्ञानेंद्र धनगर, बृजेंद्र सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र यादव और तमाम समर्थक मौजूद रहे।

# सार्वजनिक शौचालयों का हाल बताएं अधिकारी

## जिलाधिकारी ने बैठक कर अधीनस्थों को सुनाई खरी-खरी, गुरुद्वारा रोड को सही करने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और उद्योगों को स्वीकृतियां शीघ्र प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु, सिंगल विंडो, और निवेश मित्र की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों और उद्यमियों से संबंधित स्वीकृतियों और उनकी समस्याओं के समाधान की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सार्वजनिक शौचालयों का हाल एवं उनकी स्थिति के बारे में बताएं। साथ ही जिलाधिकारी ने खरी-खरी सुनाते हुए गुरुद्वारा रोड को सही करने के दिशा-निर्देश जारी किए।


कलेक्ट्रेट सभागार में अधीनस्थों को निर्देशित करते डीएम अभिषेक आनंद। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, एक जनपद, एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा करते हुए बैंकों के स्तर पर लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए सर्वेक्षण कराने का आदेश दिया। इस दौरान कुछ अधीनस्थों को खरी-खरी का सामना भी करना पड़ा। साथ ही, दुग्ध विक्रय केंद्रों की गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मुख्य बाजार स्थित गुरुद्वारा रोड की मरम्मत के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह समेत अन्य अधिकारी और समितियों के सदस्य आदिल लोग उपस्थित रहे।

### एसपी ने 29 निरीक्षक-उप निरीक्षक किए इधर से उधर

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। 25 निरीक्षक और 4 उप निरीक्षक का ट्रांसफर किया गया है। लापरवाही बरतने पर हरगांव थाने के अपराध निरीक्षक को लाइन हाजिर करते हुए प्रयागराज के कुंभ मेले में ड्यूटी के लिए रवाना किया है। एसपी चक्रेश मिश्र ने कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं जनसुनवाई को बेहतर बनाने के लिए थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में शुक्रवार को फेरबदल किया। जिसमें 25 निरीक्षक और 4 उप निरीक्षक का ट्रांसफर किया गया है। वहीं शिथिल पर्यवेक्षण, कार्य में रुचि न लेने तथा लापरवाही बरतने पर हरगांव थाने में तैनात अपराध निरीक्षक अक्षय कुमार सिंह को पुलिस लाइन्स संबद्ध कर प्रयागराज में कुंभ मेले में ड्यूटी के लिए रवानगी की है। निरीक्षक महेश चंद्र पाण्डेय को प्रभारी आरटीसी से वाचक पुलिस अधीक्षक तो वहीं निरीक्षक चंद प्रकाश त्रिवेदी को वाचक पुलिस अधीक्षक से प्रभारी आरटीसी की कमान सौंपी गई है।


एसपी चक्रेश मिश्रा।

### सिधौली सर्किल की नवीन चौकियों का हुआ परिसीमन

पुलिस प्रशासन द्वारा सिधौली सर्किल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नवीन चौकियों की स्थापना और परिसीमन संबंधी निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। थाना सिधौली में नवीन चौकी संतनगर स्थापित होगी। नवीन चौकी बाड़ी बनेगी। नवीन चौकी भंडिया स्थापित होगी। चौकी कस्बा सिधौली भी बनेगी। थाना कमलापुर में नवीन चौकी जयरामपुर, चौकी कस्बा कमलापुर और मास्टरबाग बनेगी। हल्का सरौरा कलां और बसंतपुर रहेंगे। थाना नवीन चौकी बहादुरपुर, नवीन चौकी भगौतीपुर रहेगी। थाना रामपुरकलां में नवीन चौकी बेहमा चौकी सरैया और कंदुनी बनेगी।

# 24 दिन के अंदर फैसला, दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, सीतापुर

**सजा**

▸▸ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में दर्ज अभियोग में प्रदेश का बना पहला फैसला

**अमृत विचार:** भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दर्ज अभियोग में ट्रायल के 24 दिनों के भीतर आया फैसला प्रदेश की नजीर बना। दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास के साथ अर्थदण्ड की सजा भी सुनाई गई। मामला सीतापुर जनपद के पिसावां थानाक्षेत्र का है।



पिसावां इलाके के एक गांव का विशाल कश्यप 8 वर्षीय बालिका को मेला दिखाने के बहाने ले गया। गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के पीछे मासूम के साथ दुष्कर्म हुआ। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पिसावां थाने पर अभियोग दर्ज कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अभियोग में पीड़ित पक्ष के बयानों के साथ पुलिस और मेडिकल टीम के सहयोग से साक्ष्य संकलित किये गए। 5 नवंबर को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 14 (पॉक्सो एक्ट) में मामला ट्रायल पर आया। इसी के बाद एक एककर साक्ष्य प्रस्तुत किये गए। भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में 24 दिनों तक वाद चला। फिर न्यायाधीश भगीरथ वर्मा ने अपना फैसला सुनाया। जिसमें अभियुक्त विशाल कश्यप को धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता के आरोप में दोषी पाए जाते हुए आजीवन कारावास, जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास होगा, तथा बीस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने की स्थिति में अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में दर्ज अभियोग में 24 दिनों में आया फैसला प्रदेश का पहला फैसला बन गया।

# चकमार्ग को खेत में मिलाने को लेकर हंगामा

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** बिसवां विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम सभा लालपुर के मजरा पट्टी में राजस्व अभिलेखो में दर्ज चकमार्ग को बीते सप्ताह लेखपाल से सीमांकन कराने के बाद पक्के खड़ंजे से बेचेलाल के खेत तक मनरेगा योजना से कच्चा पटान ग्राम प्रधान नीतू देवी द्वारा कराया गया था। ऐसे में चकमार्ग को खेत मिलाने के विरोध में ग्रामीणों हंगामा काटा।

आरोप है कि विपक्षियों द्वारा पुनः सीमांकन को खेत में मिला लिया गया। इससे अन्य किसानों का चकमार्ग होकर जाने का रास्ता बंद हो गया। ग्राम प्रधान नीतू देवी बताया कि उक्त लोगों को रोकने का प्रयास किया गया तो गलियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दी गई। डायल 112 पुलिस पहुंची तो विपक्षी देख लेने की धमकी देकर भाग गये। ग्राम प्रधान नीतू देवी के द्वारा थाना प्रभारी को आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। उधर, देवियापुर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया घटनास्थल पर गया था, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि कुछ लोगों ने रास्ते को खोद कर खेत में मिला लिया है। उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।


गांव के बाहर हंगामा करते ग्रामीण। अमृत विचार

▸▸ बिसवां विकास खण्ड क्षेत्र के लालपुर गांव का मामला

## वाहन के हेरफेर में दो पर केस दर्ज

**सीतापुर:** श्रीराम फाइनेंस कंपनी के शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार मिश्रा ने अभियोग दर्ज कराया है। कंपनी के प्रबंधक का दावा है कि वर्ष 2015 में हरगांव थानाक्षेत्र के अयोध्या सिंह पुरवा निवासी महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र राजेश कुमार द्वारा वाहन के लिए साढ़े तीन लाख रुपये का ऋण लिया गया। इसमें इलाके के ही माधवपुर निवासी गारण्टर कमलेश कुमार थे। ऋण की अदायगी 44 मासिक किश्तों में देनी थी। लेकिन कई किश्ते नहीं दी गईं। वाहन का भी पता नहीं चल रहा। आरोपों के आधार प्रबंधक की तहरीर पर कोतवाली नगर में महेंद्र प्रताप सिंह और गारण्टर कमलेश कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है। कोतवाली नगर अनूप शुक्ला ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है।

# जुमे पर मस्जिदों में रही कड़ी चौकसी

अमृत विचार टीम, सीतापुर

**अमृत विचार:** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दिन भर पुलिस बल मुस्तैद दिखा। जुमे पर मस्जिदों के बाहर कुछ स्थानों पर पुलिस ने ड्रोन उड़ाए, ताकि घनी आबादी का अंदर तक हाल जाना जा सके। मुख्य मार्गों पर वाहनों की चेकिंग कराई गई। देर रात तक पुलिस बल मुस्तैद दिखा।

संभल की घटना को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार सुबह से ही पुलिस मुस्तैद दिखी। पुराने शहर में पुलिस के साथ पीएसी हमराह रही। खैराबाद सहित कुछ अन्य स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिगत ड्रोन कैमरों की सहायता से निगरानी की गई। जुमे की नमाज को ध्यान में रखते हुए कई स्थानों पर पुलिस बल भी लगाया गया। जिले के संवेदनशील स्थानों तैनात पुलिस बल ने निगरानी रखते हुए वाहनों की चेकिंग का अभियान भी चलाया। देर शाम तक पुलिस गश्त जारी रही।


मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

▸▸ ड्रोन से की गई निगरानी, सड़क पर पुलिस की गश्त

# सीतापुर जाने वाले मार्ग पर टूटी पुलिया दे रही हादसे को दावत

संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर

**अमृत विचार:** मछरेहटा से परसदा होते हुए सीतापुर जाने वाले मार्ग पर बड़ी नहर पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। इस मार्ग पर होकर सैकडों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं। परसदा बाजार होने के कारण आसपास के गांवों की अच्छी खासी आबादी का आना-जाना लगा रहता है। लोगों ने मांग की है कि हादसे का सबब बनी इस पुलिया की जल्द मरम्मत करवाई जाए। क्षेत्रीय लोगों ने कहा-पुलिया की मरम्मत अगर समय पर नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादासा होने की संभावना है।


मछरेहटा परसदा-सीतापुर मार्ग पर टूटी पुलिया।

## नाली न बनने से मुख्य मार्ग के आसपास हो रहा जलभराव

**मछरेहटा-सीतापुर-** मछरेहटा-परसदा मार्ग पर काफी लंबे अरसे के बाद पीडब्लूडी ने सड़क की मरम्मत करवाई। लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों ने सड़क के किसी भी साइड नाली बनवाना मुनासिब नहीं समझा जिसका खामियाजा कस्बे वासियों और राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि नाली न होने से घरों का गंदा पानी चारों ओर फैलता है। कस्बे के लोगों ने इस जलभराव से छुटकारे के लिए जिम्मेदारों से गुहार लगाई है।

## करो योग तभी रहोगे निरोगी



आयुष आपके द्वार शिविर में उपस्थित चिकित्सक।

संवाददाता खैराबाद/ सीतापुर

**अमृत विचार:** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय, आंबेडकर नगर में आयुष आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत सभासद सुरेश चंद्र कनौजिया द्वारा किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक गंगा सागर ने कहा कि करो योग तभी निरोगी रहोगे।

▸▸ कम्पोजिट प्रा. विद्यालय आंबेडकर नगर में हुआ शिविर का आयोजन

शिविर में डॉ. सुबोध वर्मा और डॉ. प्रगति श्रीवास्तव द्वारा 64 रोगियों तथा विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आहार-विहार, दिनचर्या व ऋतुचर्या संबंधित जानकारी दी गई, साथ ही योग प्रशिक्षक गंगा सागर द्वारा रोगियों एवं उनके परिजनों को योग के बारे में भी बताया गया। शिविर में आए सभी रोगियों को औषधि वितरित की गई। डॉ. सुबोध वर्मा ने बताया कि शिविर में 32 पुरुष और इतनी ही संख्या में आई महिलाओं का परीक्षण किया गया। इस दौरान अनीता वर्मा, ऊषा कुमारी, जितेंद्र संदीप, हरिश्याम एवं योग प्रशिक्षक गंगा सागर एवं योग सहायिका ऊषा मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं **रईस पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम गोछौरा, पोस्ट मानपुर, थाना जैदपुर, जिला–बाराबंकी,** मेरे दो पुत्र मो0 अरबाज व अरफाज हैं। जिसमें बडा पुत्र मो0 अरबाज उसकी पत्नी शहेर बानो मेरा कहना नहीं मानते हैं और गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन मेरे व परिवार वालों से गाली गलौज, लडाई झगड़ा करते हुए घरेलू कलह का माहौल व्याप्त रखते हैं जिस कारण मैं व मेरा परिवार काफी आहत है।वह लोग मुझे जान से मारने का प्रयास करते हैं तथा जहर देकर मारने की धमकी देते हैं। जिस कारण मैं उन्हें अपनी चल–अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र व बहू को बेदखल करता है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 24/11/2024 को कैसरगंज बाजार में मेरे मकान की मूल रजिस्ट्री जिसकी गाटा संख्या 595 रकबा 0.120 हेक्टेयर ग्राम पबना, थाना व तहसील कैसरगंज कहीं गिर गई है यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो निम्नलिखित पते पर अथवा दिए गए मोबाइल नंबर पर सूचना दे सकता है। **रश्मि साहू, पत्नी– राजेश साहू, निकट रानीबाग, थाना व तहसील–कैसरगंज, बहराइच।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित हो गया है जो सही नहीं है। मेरा सही नाम सुरेश कुमार है। अतः मेरे जिन अभिलेखों में सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित है उनके स्थान पर मेरा सही नाम सुरेश कुमार अंकित किया जाये। सुरेश कुमार एवं सुरेश रामचन्द्र यादव दोनों एक ही व्यक्ति हैं। **सुरेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी पुराफगुई बाकराबाद मछली शहर जौनपुर, उ0प्र0– 222143**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **तेजी पुत्र स्व0 मन्ना निवासी ग्राम निकरोजपुर रघुनाथपुर थाना माल जनपद लखनऊ,** मेरा पुत्र लोकेन्द्र भारती जो बुरी संगत के लोगों के साथ बुरी आदतो मे पड़कर शराबी व जुआडी हो गया है उसके इस कृत्य से मैं व मेरा पूरा परिवार काफी परेशान एव दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अर्चित यादव पुत्र राजमणि यादव, निवासी– आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, गाडी सख्या 12230 लखनऊ मेल के कोच संख्या एस2 सीट नं0–7 पर नई दिल्ली से लखनऊ जं0 दिनांक 11.05.2024 को यात्रा के दौरान मेरा एक ट्राली बैग ट्रेन से उतरते समय भीड अधिक होने के कारण कहीं गुम हो गई उक्त बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम जाति प्रमाण–पत्र व निवास प्रमाण–पत्र व हाईस्कूल अंक पत्र/प्रमाण–पत्र जिसका अनुक्रमांक 0774576 इण्टर अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र अनुक्रमाक 225594539 में बी. पी. एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर बैच–2023 के अंकपत्र व अन्य प्रपत्र वास्तव में खो गये है।

**सूचना**
मेरे हाईस्कूल वर्ष 2020 का अंकपत्र अनुक्रमांक 1362110 तथा इंटरमीडिएट का अंकपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226015847 वास्तव में खो गए हैं। – **आजिद अली पुत्र जानिफ अली, निवासी–टड़हा, सराय प्रयाग, कन्नौज (यूपी)**

**नीलामी सूचना**
राही पर्यटक आवास गृह (यू0 पी0 टी0 होटल), पहलवारा, बलरामपुर मे 04 शीशम सूखा वृक्षों की नीलामी दिनांक 20.12.2024 प्रातः 11: 00 बजे की जायेगी।, **प्रबन्धक, मो0नं0 9415013781**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MAHMOOD KHAN MOHAMMAD से बदलकर MOHD MAHMOOD KHAN रख लिया है, अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD AMEEN ADD-448/254 KHA G L M ROAD NAGARIYA THAKURGANJ LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**
मेरी एल आईसी पॉलिसी सं0 275907425 में मेरा घरेलू नाम हरेंद्र कुमार दर्ज है। जबकि आधार व स्कूल के अभिलेखो में कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही हैं। **–कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल, निवासी–ग्राम सुल्तानपुर जाला, पोस्ट– ऐहार, जिला– रायबरेली।**



**क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?**

SINCE 2006

**जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में !**

**कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं?** जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

**दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें**

VACHAK **वाचक आयुर्वेद**®

**आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश**

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


**डॉ. ओम प्रकाश वर्मा**
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

**अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266**

**आलमबाग**
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

**मुंशीपुलिया**
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

**रविवार सांय अवकाश**

# गोंडा के सूरज बने मैन ऑफ द मैच

संवाददाता बिसवां, सीतापुर

**अमृत विचार:** मेला हजरत गुलजार शाह रह. के ग्राउंड में चल रहे हाकी टूर्नामेंट में दूसरे दिन चार मैच खेले गए। पहला मैच गोंडा और हरदोई के बीच खेला गया। गोंडा की टीम ने 2 गोल दागे उसके जवाब में हरदोई की टीम 1 गोल ही कर सकी। मैच में गोंडा टीम के खिलाड़ी सूरज को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। वही दूसरा मैच बदायूं और गोला के बीच खेला गया। इसमें गोला की टीम कोई भी गोल नहीं कर सकी। जबकि बदायूं की टीम ने 1 गोल मारकर मुकाबला अपने नाम किया।


प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी व अतिथि। अमृत विचार

तीसरा मैच बिसवां बनाम बाराबंकी हुआ जिसमें बाराबंकी की टीम ने 3-0 से बिसवां की टीम को धूल चटा दी। चौथा मैच गोंडा व लखीमपुर के मध्य खेला गया। जिसमें गोंडा के टीम ने 4-0 से लखीमपुर टीम को मात दे दी। मुख्य अतिथि के रूप में सपा महिला सभा की जिला सचिव पिंकी यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में आराध्य शुक्ला रहीं। असलम, इशरत अली, हाजी इसरार खां, जैनुल आबदीन, हुस्न नबी, मधु शर्मा, रिंकी वर्मा रहीं।

# हैंडपंड से नहीं आ रहा पानी, शौचालय बन गए शोपीस

संवाददाता सीतापुर

**अजब-गजब**

- विकास खण्ड रेउसा के महेशपुर टपरा गांव का मामला
- शिकायतों को सीडीओ ने लिया संज्ञान, शुरू हुई जांच

**अमृत विचार:** विकासखंड रेउसा में हो रहे विकास कार्यों को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ समय पहले खुद जिलाधिकारी ने 4 से अधिक ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की जांच कराई थी। जांच का क्रम पूरा नहीं हो पाया कि एक और ग्राम पंचायत ग्रामीणों ने फर्जीवाड़े का आरोप लगाया। मुख्य विकास अधिकारी ने जांच के निर्देश दिये हैं। लापरवाही का आलम यह है कि यहां के ज्यादातर हैंडपंप खराब हैं और शौचालय बंद पड़े रहते हैं। जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। मामला ग्राम पंचायत महेशपुर टपरा से जुड़ा हुआ है।

विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत महेशपुर टपरा का है। ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में विकास कार्यों के नाम पर वर्ष 2024-25 में एक लाख नौ हजार रुपये के हेरफेर कर दिये गए।


प्राइमरी विद्यालय में झाड़ियों के बीच लगाया गया खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

**दिव्यांग शौचालय तो है लेकिन खुलता नहीं:** गांव में कुछ दिव्यांग भी हैं। पूछने पर नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन लोगों के लिए काफी समय पहले शौचालय का निर्माण जरूर कराया गया था, लेकिन मानकविहीन, अगर जरूरत पड़ जाए तो बंद ही मिलता है। यही स्थिति प्राइमरी स्कूल के शौचालयों की है।

### अधिकतर हैंडपंप पड़े हैं खराबः रामचंदर



गांव के रामचंदर कहते हैं कि गांव के अधिकतर हैंडपंप खराब है। लेकिन रिबोर के नाम पर वर्ष 2024-25 में अस्सी हजार पांच सौ रुपये, वर्ष 2023-24 में एक लाख छः हजार छ सौ साठ रुपये खर्च कर दिये गए। इतना ही नहीं विकास के अन्य कार्यों में अनियमितता बरती गई है।

### क्या बोलीं जिम्मेदार

विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत महेशपुर टपरा गांव में हुए विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों की शिकायत है। कुल प्रकरण में जांच के निर्देश दे दिए गए हैं, निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**- निधि बंसल, मुख्य विकास अधिकारी।**

## एक नजर

### गोदाम पर किया गया बीज का वितरण

**रुपईडीह, गोंडा:** एक सप्ताह बाद गोदाम पर आये गेहूँ के बीज को लेने के लिए किसानों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। ब्लॉक परिसर मे स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडार पर गेहूं का बीज एक सप्ताह से नहीं उपलब्ध था जिससे किसानों को गेहूं की बुआई करने मे देरी हो रही थी। किसान आये दिन गोदाम का चक्कर लगाने को मजबूर थे। शुक्रवार को गोदाम पर बीज उपलब्ध होने के बाद सैकड़ों की संख्या मे किसान जुट गए। गोदाम प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया गेहूं का 60 कुंतल बीज उपलब्ध हो पाया। किसानों की भीड़ को देखते हुए उन्हें पंक्तिवार खड़ा कर बीज वितरित किया जा रहा है।

### विद्यालय का किया निरीक्षण

**रुपईडीह:** ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने सात विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर निपुण आकलन परीक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय कोचवा, नौव्वागाँव, मनोहर जोत, अड़बड़वा, मोफिया, सिसई माफी तथा कंपोजिट विद्यालय मंगल नगर का निरीक्षण किया गया। यहां पर उन्होंने विद्यालयों में कक्षा एक, दो व तीन के निपुण आकलन परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के बारे में जानकारी हासिल की।

# लाखों खर्च के बाद भी शोपीस बन गए कैमरे

## ब्लॉक रामपुर मथुरा की 79 ग्राम पंचायतों में अधिकांश सीसीटीवी कैमरे हुए खराब

वली चौधरी, सीतापुर

**अमृत विचार:** विकास कार्यों की प्रगति और आपराधिक हलचलों पर कानूनी पहरेदारी के लिहाज से ग्राम पंचायतों में लगाई गई सीसीटीवी को मानों जैसे मोतियाबिंद मानिंद बीमारी हो चली है। रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र की 79 ग्राम पंचायतों में से कुछ गांवों को छोड़कर अधिकांश गांवों में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए सीसीटीवी कैमरों में लाखों खर्च कर दिए गए, जबकि लगाए गए कैमरे शोपीस बन गए हैं।

बीतते समय में विकास कार्यों के सहारे लगाए गए सीसीटीवी कैमरे विभागीय जिम्मेदारों द्वारा दी जाने वाली सुरक्षा व जीरो टॉलरेंस की गारंटी के जुमले की चादरों से ढक गए हैं। वैसे तो अधिकांश गांवों में कैमरे या तो खराब पड़े हैं या रिचार्ज के आभाव में बंद चल रहे हैं। ऐसे में विकास की गतिविधियां और अपराधिक वारदातों को


बांसुरा गांव में लगा सीसीटीवी कैमरा बन गया शोपीस। अमृत विचार

जानने में हाईटेक व्यवस्था कारगर साबित नहीं हो रही है। रामपुर मथुरा विकास खंड क्षेत्र में 79 ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का हाल जानने के लिए वर्ष 2023- 24 में 200 से अधिक सीसीटीवी लगाए गए थे। इसको लेकर ग्राम प्रधान और सचिव आदि को जानकारी भी दी गई, ताकि ग्राम निधि से कराए जा रहे कार्य और गतिविधियों की जानकारी मिल सके। शुरुआती दौर में तो ब्लॉक स्तर पर रोजाना व्यवस्थाओं की समीक्षा हुई, फिर देखरेख के आभाव में कड़ियां कमजोर पड़ने लगीं। बांसुरा गांव निवासी कफील का दावा है कि बड़े खेल को छुपाने के लिए तीसरी आंख को कमजोर बना दिया गया, क्योंकि सीसीटीवी की निगरानी में निर्माण कार्य और अन्य गतिविधियों की कलई खुलने जो लगी थी।

### ग्राम पंचायतों में लगे कैमरों का संचालन हो गया बाधित


अमित तिवारी।


पुष्पेंद्र जैन।

बाढ़ और कटान गांव अखरी निवासी अमित तिवारी कहते हैं कि शुरू में ये व्यवस्था बड़ी कारगर रही, लेकिन अब अधिकतर ग्राम पंचायतों में लगे कैमरों का संचालन बाधित हो गया है। रामपुर मथुरा के पुष्पेंद्र जैन कहते हैं कि बीसी संचालक के घर में इतनी बड़ी डकैती पड़ गई। रामपुर मथुरा कस्बे में चोरों ने कृषि बीज भंडार के ताले तोड़ डाले, रामपुर मथुरा में कई वारदातें अभी भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हैं। यदि यही कैमरे सही तरह से संचालित हो रहे होते, तो बड़ी वारदातें खत्म होकर अपराधी भी जेल की सलाखों के पीछे होते। सरैया के किसान प्रताप वर्मा कहते हैं कि सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर और पुरानी रिकार्डिंग खंगाल ली जाए, तो बड़े फर्जीवाड़ों में बड़े जिम्मेदार भी फंसते नजर आ सकते हैं।

**यहां पर लगे हाईटेक कैमरे भी हुए कमजोर:** रामपुर मथुरा ब्लॉक क्षेत्र के बांसुरा, बहादुरगंज, चांदपुर, चांदपुर लोधौनी, तुलापुर, महिमापुर समेत कई चौराहों, सड़कों, स्कूलों, बाजारों, और अस्पतालों के बाहर कैमरे स्थापित किये गए थे। रख रखाव के आभाव में इनकी नजर कमजोर पड़ती जा रही है।

**प्रधान अपनी जेब से करा रहे कैमरों का रिचार्ज:** ब्लॉक क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में लगे कैमरे रिचार्ज न होने के चलते बंद हैं। एक ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि ज्यादातर इन कैमरों का रिचार्ज अपने निजी मद से ऑनलाइन कराना पड़ता है। शुरुआत में जब कैमरे लगे तो उनमें पड़ने वाले सिम कार्ड भी अपने निजी खर्च से खरीदे। एक कैमरे के रिचार्ज पर 299 रुपए का शुक्ल पड़ता है। जिस पर एक रिचार्ज की वैधता 28 दिन की होती है।

> विकास कार्यों सहित अन्य संचालित गतिविधियों पर कैमरे से नजर रखी जाती रही है। कुछ स्थानों पर कैमरे खराब होने की शिकायतें मिली है। जिन ग्राम पंचायतों में कैमरे खराब हैं या रिचार्ज के आभाव में बंद पड़े उनको दुरुस्त कराने के निर्देश सचिवों को दिए जा चुके हैं। सीसीटीवी कैमरों में तकनीकी त्रुटि पर संबंधित कम्पनी से भी संपर्क स्थापित किया जाएगा।
>
> -ज्ञानेंद्र कुमार,, सहायक विकास अधिकारी, रामपुर मथुरा।

# याद किए गए काकोरी कांड के वीर सपूत


मुख्य अतिथि को सम्मानित करते विद्यालय के चेयरमैन। अमृत विचार

संवाददाता महमूदाबाद, सीतापुर

- सीता इण्टर कॉलेज में हुआ आयोजन, साहित्यकारों ने कार्यक्रम को किया संबोधित

**अमृत विचार:** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी कांड एक ऐसी घटना थी, जिसने ब्रिटिश हुकूमत को हिला कर रख दिया। क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश खजाने को लूटकर आजादी की लड़ाई के लिए धन जुटाया और अपने प्राणों की आहुति देकर देशभक्ति की मिसाल पेश की। काकोरी कांड के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में काकोरी कांड के वीर सपूतों को याद किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रख्यात साहित्यकार व इतिहासकार जयराम सोनी ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि काकोरी कांड के क्रांतिकारियों ने भारत की आजादी के लिए अपार त्याग और बलिदान दिया। उन्होंने राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी और ठाकुर रोशन सिंह जैसे वीर सपूतों की कहानी सुनाई, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता निराला साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष और अंग्रेजी व्याख्याता विनोद गुप्ता ने की। इस दौरान सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# नगर पालिका ने जांची सड़कों की गुणवत्ता

**खबर का असर**

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** महमूदाबाद में सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का अमृत विचार की ओर से उठाए गए मुद्दे का असर हुआ। जिलाधिकारी के निर्देश पर सड़क निर्माण की पर्त दर पर्त जांच शुरू हो गई है।

नगर पालिका महमूदाबाद क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य हो रहा है। इसमें लोगों की शिकायतों को आधार बनाते हुए अमृत विचार ने इसे मुद्दे के रूप में उठाया था। प्रकरण को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए। ऐसे में शुक्रवार को हरकत में आई नगर पालिका परिषद ने सड़कों का निरीक्षक किया। अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे, वरिष्ठ लिपिक राम गोपाल व जेई दीप मणी पांडेय ने कस्बे की नवनिर्मित व निर्माणाधीन प्रीमिक्स सड़कों का निरीक्षक किया।

टीम ने प्रीमिक्स मार्ग की पड़ी गिट्टियों की गहराई नापी गई। जानकारों की मानें तो मानकता कम होने पर विशेष निर्देश जांच टीम की ओर से दिए गए। इस दौरान पालिका के जिम्मेदारों सहित एडवोकेट जाहिद, सलमान व कई अन्य मौजूद रहे।


निर्माण कार्यों की जांच करती टीम। अमृत विचार

### औचक निरीक्षण में नदारद मिले पशु चिकित्सा अधिकारी

**संवाददाता मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार:** पशु चिकित्सालय में पशुओं की देखरेख और उपचार की व्यवस्था को आइना दिखाती खबर का असर हुआ। अमृत विचार में खबर प्रकाशन के बाद जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशत किया। ऐसे में एसडीएम मिश्रिख ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया तो पशु चिकित्साधिकारी नदारद मिले। ऐसे में सवाल-जवाब हुए हैं। बता दें कि अमृत विचार ने शुक्रवार को पशुओं को दिखाना है तो चिकित्सालय की चाभी का इंतजार कीजिए शीर्षक से जुड़ी खबर का प्रकाशन किया। इसको जिलाधिकारी ने संज्ञान लेते हुए सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए।


पशु चिकित्सा केंद्र में पसरा सन्नाटा।

## हवन-पूजन के साथ चीनी मिल में पेराई शुरू

**महमूदाबाद, सीतापुर:** दि किसान सहकारी चीनी मिल महमूदाबाद के 2024-25 पेराई सत्र का शुभारंभ एसडीएम, विधायक तथा मिल उपाध्यक्ष ने हवन-पूजन व फीता काट केन कैरियर में गन्ना डाल कर किया।

शुक्रवार को विधिवत मंत्रोच्चार के साथ एसडीएम शिखा शुक्ला के साथ विधायक आशा मौर्या और मिल उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिवेदी ने हवन-पूजन किया। चीनी मिल को निर्विघ्न और लाभ में चलने की भगवान से प्रार्थना की गई। हवन-पूजन के बाद एसडीएम कांटे पर पहुंची। यहां बैलगाड़ी से गन्ना लेकर आए कटरा गांव के गन्ना किसान राम कुमार व घूरेहटा के किसान राजा राम को बाल्टी भेंट कर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष 30 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। मिल प्रबंधन व किसानों के सामंजस्य से इस बार चीनी मिल पेराई लक्ष्य को पार कर रिकॉर्ड कायम करेगी। इस मौके पर मुख्य गन्ना अधिकारी सुभाष पांडेय, जीएम अनिल चतुर्वेदी, गन्ना लेखाकार ओमकार नाथ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## दिवंगत सपा नेता के घर में घुसा युवक

**परसपुर, गोंडा:** नगर पंचायत के राजा टोला निवासी सपा नेता स्वर्गीय ओमप्रकाश सिंह के घर में शुक्रवार को एक बाइक सवार अज्ञात युवक घुस आया। पीड़िता नीलम सिंह ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बिना नंबर की बाइक लेकर एक अज्ञात युवक ने उनके घर में घुसकर पूछताछ की।

## मौत के बाद युवती का शव छोड़ गए

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**जांच जारी**

- बाराबंकी के रामनगर में दर्ज हुआ अभियोग, जांच स्थानांतरित
- रामपुर मथुरा में युवती को घरेलू कार्य के लिए ले गया परिवार

**अमृत विचार:** साहब! बेटी लगातार यातनाएं दिए जाने की बात कह रही थी, लेकिन परिवार ने उसे घर से निकलने नहीं दिया। अचानक मौत होने पर शव छोड़कर चले गए। बाराबंकी जनपद की महिला ने अपनी बेटी की मौत पर रामपुर मथुरा इलाके के एक परिवार पर अमानवीय यातना देने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बाराबंकी जनपद की पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच सीतापुर स्थानांतरित कर दी है।

बाराबंकी जनपद की रामनगर थाना क्षेत्र स्थित शाहपुर निवासी रामादेवी पत्नी स्व. सज्जन लाल ने रामनगर थाने पर रपट दर्ज कराई है। इनका दावा है कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री वन्दना को सीतापुर जनपद के रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र स्थित टपरा मजरा टिक्ठा निवासी सुशील कुमार त्रिपाठी उर्फ कन्हैया पुत्र मदन मुरारी त्रिपाठी करवा चौथ के तीसरे दिन ये कहकर लेकर चले गए थे कि वे घरेलू काम के एवज में 1500 रुपये प्रति माह देंगे। आरोप है कि सुशील ने तनख्वाह नहीं दी, साथ ही काम के नाम पर अमानवीय यातनाएं देने लगे। इस बात की खबर उसकी बेटी ने फोन पर बताई, तो उन्होंने वन्दना को भेज देने के लिए कहा। जिस पर सुशील और उनका परिवार राजी नहीं हुआ। बीते दिन अचानक वन्दना का शव सुशील सहित कई अन्य लोग लेकर पहुंचे और कहा कि उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। पीड़िता की मानें तो उसकी पुत्री के साथ अनहोनी हुई है। इन्हीं सभी आरोपों के आधार पर रामनगर थाने में रपट दर्ज कराई गई, बाराबंकी पुलिस ने निल संख्या पर अभियोग दर्ज करते हुए जांच सीतापुर स्थानांतरित कर दी है।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांगों के लिए शासन की हैं योजनाएं


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राएं और अतिथि। अमृत विचार

**संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा विभाग द्वारा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की, पैरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी तालगांव दीपक कुमार राय उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी लहरपुर ओंकार सिंह ने तथा संचालन संकुल शिक्षक अनवर अली ने किया। इस मौके पर न्यायालय पंचायत जीतामऊ एवं करसेउरा आदि के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। पैरेंट्स काउंसलिंग में मौजूद शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कोतवाली प्रभारी तालगांव दीपक कुमार राय ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह परवरिश पाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का पूरा अधिकार है। सरकार की ओर से दिव्यांग बच्चों के विकास के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं संचालित है। खण्ड शिक्षा अधिकारी लहरपुर ओंकार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। विशेष शिक्षक अनूप शुक्ला एवं राजीव कुमार वर्मा ने दिव्यांग बच्चों से सम्बंधित सहायक उपकरणों के रखरखाव और उसके प्रयोग के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों के साथ एमडीएम का भोजन भी गृहण किया। कार्यक्रम में समाज सेवी जेडआर रहमानी एडवोकेट, संकुल शिक्षक जुबेर वारिस, रामचन्द्र वर्मा, अनवर अली, यामीन अंसारी, रामावती वर्मा राजीव कुमार, श्रीनिवास लेखाकार पंकज वर्मा आदि मौजूद थे।

### जन चौपालः समस्या तो हैं लेकिन हल करने वाले नहीं

**संवाददाता मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार:** जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के आदेश सरकार की ओर से दिए गए हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट आदेश हैं कि स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली,आंगनवाड़ी, जल जीवन मिशन, कृषि, समाज कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विभागों के जिम्मेदार बैठक में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओ का हर संभव समाधान सुनिश्चित करें। लेकिन जमीनी हकीकत इतर है। जिसका खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ रहा है। मछरेहटा विकास खंड में शुक्रवार को सकरारा और किन्हौटी ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल हुई। जिसमें प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, एडीओ कृषि, एडीओ कोआपरेटिव और जेई धीरेन्द्र सिंह के अलावा किसी विभाग का कोई जिम्मेदार नही मौजूद रहा। ऐसे में समस्याओं को कौन सुने और कैसे निस्तारण हो। सकरारा ग्राम पंचायत में प्रधान ने खुद ही कहा कि सफाई कर्मचारी महीनों नहीं आता। वहीं नीतू, बालगोविन्द, बाबू, भिम्मा आदि ने बताया कि जल जीवन मिशन द्वारा रास्तों की मरम्मत नहीं करवाई गई। दरवाजे पर जो टंकी लगाई गई, उनमें अभी तक सप्लाई नहीं शुरू हुई। सकरारा और ढहरवू गांवों में नालियां नहीं होने से जलभराव की समस्या बनी है। किन्हौटी ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा समस्या विधवा वृद्धावस्था पेंशन की रही लेकिन समाज कल्याण विभाग के जिम्मेदार नदारद रहे। सुखदेव, संतलाल ने वृद्धावस्था पेंशन तो मालती और जानकी ने विधवा पेंशन न आने की समस्या बताई। जिम्मेदारों के जन चौपाल से गैर हाजिर रहने पर खंड विकास अधिकारी से संपर्क किया गया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। वहीं उपजिलाधिकारी पंकज सक्सेना ने कहा कि समस्या के लिए लोग प्रार्थनापत्र दें, उसका निस्तारण होगा।


पेंशन की समस्या को बतातीं जानकी।

**आस्था** — नैमिषारण्य में रुद्रावर्त नाम से विश्व विख्यात है स्थान, रोजाना लगता है श्रद्धालुओं का जमावड़ा

# नदी के जल में अदृश्य रूप में विराजमान हैं शिव

संवाददाता नैमिषारण्य, सीतापुर

**अमृत विचार:** तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में एक ऐसा अलौकिक स्थान है जहां शिव गोमती नदी के जल में अदृश्य रूप में विराजमान हैं और समस्त भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। यह चमत्कारिक स्थान रुद्रावर्त तीर्थ के नाम से प्रसिद्ध है। धार्मिक आस्था का पावन संगम नैमिषारण्य से सीतापुर - हरदोई मार्ग से तीन किलोमीटर दूर गोमती नदी के किनारे जल में विराजित है।

शिव महापुराण में नैमिष भूमि को महादेव की प्रिय भूमि और महापापों का नाश करने वाला बताया गया है, यही कारण है कि नैमिषारण्य में शिव के अनेक दिव्य एवं रमणीक स्थान हैं। ऐसा ही एक दिव्य स्थान है बाबा रुद्रावर्त का पावन धाम, जो अपने आप में काफी अकल्पनीय और तर्क से परे है। विज्ञान की सीमाओं से परे आस्था को एक अलग ही रूप में परिभाषित करता है। मान्यता है कि रुद्रावर्त तीर्थ पर भोलेनाथ गोमती के जल के अंदर लिंग रूप में विराजित हैं, जिसका जीता जागता उदाहरण यहां पर देखने को मिलता है। वहीं विज्ञान कहता है कि कोई भी पत्ती या दूध जल के अंदर नहीं जा सकता, जबकि इस स्थान पर अन्य पत्ते तो जल के ऊपर रहते हैं लेकिन ऊं नमः शिवाय मंत्र के साथ अर्पित बेलपत्र जल के अंदर समा जाता है। इस स्थान की एक खास बात यह भी है कि वैसे तो पानी में दूध डालने से दूध फैल जाता है मगर जब भक्तजन शिव मंत्र का पाठ करने के साथ रुद्राव्रत स्थान पर दूध चढ़ाते हैं और जितनी पतली धार से दूध चढ़ाते हैं, उतनी ही पतली धार जल के अंदर चली जाती है और दूध फैलता भी नहीं है।

वहीं एक और चमत्कार यहां देखने को मिलता है, यहां भक्त हाथ में पांच फल लेकर बाबा से प्रसाद स्वीकार करने का निवेदन करते हैं तो गोमती के जल में फल अर्पण करने के बाद सभी फल पहले तो जल के अंदर चले जाते है फिर एक या दो फल प्रसाद के रूप मे ऊपर चले आते हैं, आस्था और भक्ति के ऐसे पावन स्थल पर पूरे वर्ष भक्तों द्वारा पूजन व दर्शन का क्रम चलता रहता है।


तट पर पूजन-अर्चन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### बोले पुजारी- भक्तों की पूर्ण होती है मनोकामना

यहां के पुजारी राम दास कहते हैं कि यहां दर्शन करने मात्र से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। यहां सावन मास एवं शिवरात्रि के दिन यहां काफी संख्या में भक्तों की भीड़ जुटती हैं और उस दौरान मेले जैसा माहौल हो जाता है। हालांकि अन्य दिनों भी यहां भक्तों का दर्शन करने और पूजन-अर्चन का दौर जारी रहता है।

## धर्म रक्षा निधि अर्पण समारोह का आयोजन

**गोंडा:** एकीकृत हिंदू समाज ही भारत देश की एकता व अखंडता का आधार है , विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा निधि का आयोजन हिंदू समाज व धर्म की रक्षा के लिए ही आयोजित करता है। हिंदू समाज द्वारा किया गया यह समर्पण समाज को ही समर्पित हो जाता है। अस्तु प्रत्येक सनातनी समाज के बंधु को चाहिए कि वह कार्यक्रम को सर्वस्पर्शी बनाएं। उक्त उद्बोधन विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने टाउन हॉल में आयोजित धर्म रक्षा निधि अर्पण समारोह में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद के द्वारा छात्रावास, गौशाला, चिकित्सा सेवा, एंबुलेंस सेवा जैसे अनेकों सेवा कार्य किया जाता है। इसके पूर्व प्रांत संगठन मंत्री ने श्री राम दरबार पर पुष्प अर्चना माल्यार्पण कर एवं दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

# गुलाब का फूल देकर पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के मूल मंत्र के साथ मनाया जा रहा यातायात माह, लापरवाह चालकों को किया जा रहा दंडित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के मूल मंत्र के साथ नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। प्रतिदिन ही यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को जागरूक व लापरवाह वाहन चालकों को दंडित किया जा रहा है। लेकिन इस बीच शुक्रवार को पुलिस ने अपना तरीका थोड़ा बदल दिया। हेलमेट नहीं पहनने वालों और कार की सीट बेल्ट नहीं लगाने वालों को पुलिस ने प्रेम से रोका और गुलाब का फूल भेंट कर उनसे नियम पालन का अनुरोध किया।

शहर कोतवाली अंतर्गत पटेल तिराहे पर शुक्रवार को कुछ ऐसा ही अभियान पुलिस ने चलाया।

हेलमेट न लगाकर बाइक चलाने वालों को सीओ सिटी सुमित कुमार त्रिपाठी ने यातायात प्रभारी रामयतन यादव के साथ रोका और उनसे हेलमेट न लगाने का कारण पूछा। ऐसे लोगों को गांधीगिरी करते हुए प्यार से गुलाब का फूल देकर उन्हें जागरुक भी किया गया। इसके बाद जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के सहयोग से इन्हें मुफ्त हेलमट पहनाने के बाद ही आगे जाने दिया। यातायात पुलिस की इस गांधीगिरी से शर्मिंदा हुए लोगों ने आगे से यातायात नियमों का पालन करने का वादा किया। इस दौरान जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री रोहिताश्व दीक्षित मौजूद रहे।



फूल देकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते सीओ सिटी व टीएसआई। अमृत विचार


लोगों को जागरूक करते टीएसआई।

### खूब रंग ला रही टीएसआई की मेहनत

एसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर टीएसआई रामयतन यादव जगह–जगह माइकिंग कर दिनभर लोगों को यातायात नियम के अनुपालन के प्रति जागरूक भी करते रहते हैं। सड़क हादसे में हेलमेट नहीं रहने से होने वाली मौत, सीट बेल्ट नहीं पहनने से हादसे के समय जीवन रक्षक बैलून के नहीं फूलने से कैसे जान चली जाती है यह जानकारी दे रहे हैं। उनकी मेहनत का असर ही है कि अब शहर में अब कम लोग बिना हेलमेट के नजर आ रहे हैं। कार चलाने वाले सीट बेल्ट लगा कर चलने लगे हैं। इस दौरान टीएसआई रामयतन यादव द्वारा हाईवे पर गन्ना लगे 18 ट्रकों पर रिफ्लेक्टर भी लगाये गए।

# खाई में पलटा ट्रक, चालक घायल

**रामनगर, अमृत विचार:** लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकाघाट मोड़ के पास स्थित एक ढाबा के सामने बीती रात एक ट्रक खाई में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक धनराज धोबी निवासी जिला अजमेर राजस्थान से ट्रक में कोयला लेकर अयोध्या जा रहा था। नींद की झपकी आने के कारण चालक का नियंत्रण हट गया और ट्रक अनियंत्रित होकर करीब बीस फीट गहरी खाई में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे हल्का सिपाही सुजीत कुमार ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच**

**कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच**

पत्रांक : 890/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा(2)/2024–25 दिनांक : 18.11.2024

**ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस (द्वितीय कॉल)**

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच द्वारा .महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से स्वीकृति की प्रत्याशा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्य का विवरण :– (विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि)

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (GST छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में तीरथराम लोधी के घर के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 2. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में खैरिहनपुरवा मन्दिर के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 3. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में परसियन टोला मन्दिर के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 4. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में बुद्धूपुरवा कब्रिस्तान के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 5. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में कैलाश बढ़ई के घर के पास जयरामपुर में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 6. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में वैश्य राम के घर के पास जयरामपुर में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 7. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में राधे किशन के घर के पास जयरामपुर में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 8. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में अहिरनपुरवा में देव स्थान के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 9. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में जीत राम के दुकान के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 10. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में बृज लाल के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 11. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में टेपरा आबादी में मस्दिज के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 12. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में रशीद के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 13. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में निबिया गौढ़ी मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 14. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में भोलापुरवा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 15. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में दुर्गा माता जी के मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 16. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में मंशापुरवा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 17. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में लालजी मौर्या के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 18. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में पुलिया चौराहे पर एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 19. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में अम्बेडकर मूर्ति के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 20. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में तौलारामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 21. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में राम सुमिरन के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 22. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में उमेश मिश्रा के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 23. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में औराहा बाबा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 24. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में ओम नारायण विश्वकर्मा के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 25. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया में रामादल के मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 26. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया में हरिश्चन्द्र के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 27. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में बालाजी मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 28. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में मेन मार्केट में धर्मेन्द्र के दुकान के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 29. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में हरिजन समाज दुर्गा पण्डाल के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 30. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में राजा हीरा सिंह कोठार मण्डी के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 31. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया के बलदानपुरवा में छेद्दू कहार के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 32. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में ढकिया गीता प्रसाद के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 33. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में कैलाशपुरी त्यागी बाबा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 34. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में सिरसियनपुरवा बाजार में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 35. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में मंगलपुरवा में शंकर सिंह के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 36. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में लक्खा बाबा काहुराहे के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 37. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में विजय नगर गोपाल यादव के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 38. | बहराइच | ग्रामसभा बरदिया में कोचिंग सेन्टर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 39. | बहराइच | ग्रामसभा बरदिया में बी0एस0एन0एल0 टावर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 40. | बहराइच | ग्रामसभा बरदिया में दिलदार के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 41. | बहराइच | ग्रामसभा आम्बा जीवन फार्म क्लीनिक के सामने एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 42. | बहराइच | ग्रामसभा बाजपुर बनकटी में चफरिया चौराहे पर एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 43. | बहराइच | ग्रामसभा मटेही में गुरूद्वारे के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 44. | बहराइच | ग्रामसभा मटेही में त्यागी बाबा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 45. | बहराइच | ग्रामसभा मटेही में गुरूदास सिंह के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 46. | बहराइच | ग्रामसभा जंगलगुलरिया में भैसा बड़ना में रामदास के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 47. | बहराइच | ग्रामसभा जंगलगुलरिया में धर्मपुर में रतन लाल के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 48. | बहराइच | ग्रामसभा जंगलगुलरिया में सम्मतपुरवा में परशुराम के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 49. | बहराइच | ग्रामसभा जंगल गुलरिया में धनियाबेली में द्वारिका के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 50. | बहराइच | ग्रामसभा जंगल गुलरिया में नौकपुरवा में सिर्फनाथ के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 51. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया के राजापुर में मिथलेश के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 52. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया के राजापुर में मस्जिद के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 53. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया के राजापुर में जवाहिर के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |

1. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि–02.12.2024
2. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 09.12.2024 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि 09.12.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई–निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोलें तथा बिड् डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच

**UP-223016 दिनांक 28.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

# महिला को बेहोश कर उड़ाए जेवर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** शादी में आई एक महिला को सम्मोहित करके किसी शख्स ने उसके जेवर उड़ा लिये। जब महिला को होश आया तब तक उसके सारे जेवर गायब हो चुके थे। जिसके बाद महिला और उसके बच्चे रोने बिलखने लगे। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी के सहारे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पटेल तिराहे पर हुई। जहां सफदरगंज थाना क्षेत्र के प्यारेपुर सरैया गांव की कहने वाली एक महिला ममता देवी शुक्रवार सुबह शादी समारोह से वापस लौट रही थी। तभी उसने बच्चे का आधार कार्ड संशोधन करवाने के बारे में सोचा और डाकखाने की ओर बढ़ी। इस दौरान रास्ते में मिले एक अंजान व्यक्ति ने उसे रोका। महिला के मुचाबिक उस अंजान व्यक्ति ने उसे सम्मोहित कर दिया और ऊपर रुपए लगी कागजों की गड्डी पकड़ा दी। उसके बाद महिला पूरी तरह से उसके काबू में हो गई और अपने सभी जेवर जिसमें कान की झुमकी, माला समेत अन्य उतार उतार कर उसी व्यक्ति को दे दिया। कुछ देर में वह व्यक्ति जेवर लेकर मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद महिला उसके सम्मोहन से बाहर निकली, तब उसे अपने साथ हुई घटना की जानकारी हुई। टीएसआई रामयतन यादव ने उससे पूरी घटना की जानकारी ली।


घटना के बाद रोती-बिलखती महिला और उसका बच्चा। अमृत विचार

# बालाजी क्रिकेट क्लब ने मेवरिक्स को छह विकेट से किया पराजित

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही प्रथम बाराबंकी नाइट लीग में बालाजी क्रिकेट क्लब ने मेवरिक्स क्रिकेट क्लब को छह विकट से हराया।

पहले टॉस जीतकर बालाजी क्लब ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहली पारी में मेवरिक्स क्रिकेट क्लब ने अपने निर्धारित 20 ओवरो में 9 विकेट खोकर 144 रन बनाए। मेवरिक्स टीम से नफीस अली ने सर्वाधिक 20 और शुजात ने 18 रनों का योगदान दिया। वहीं बालाजी क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए नजरुल ने 3, विजय ने दो, प्रणव, लोकेश और राहुल ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बालाजी क्रिकेट क्लब की टीम ने 17 ओवरों में ही बड़ी आसानी से शानदार जीत दर्ज की। बालाजी क्लब की ओर से बैटिंग करते हुए कप्तान गौरव तिवारी ने नाबाद 30, उमर ने 26 व मुकेश ने निर्णायक 24 रनों का योगदान दिया। जयीम ने दो व जसमीत और शुजात ने एक-एक मिनट विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नजरुल हसन को दिया गया। इस अवसर पर बीडीसीए अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, सचिव सीए जावेद, संयुक्त सचिव अंकुर माथुर, राजेश अरोरा बब्बू, तारिक जिलानी, अफाक अली, मोहम्मद इकबाल, योगेंद्र पाल सिंह, अजय श्रीवास्तव और बालाजी क्लब के प्रबंधक गौरव तिवारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, एक की गई जान

**देवा,बाराबंकी, अमृत विचार:** वैवाहिक कार्यक्रम से कैटरिंग का काम खत्म कर घर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे वे घायल हो गए। सीएचसी में डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे को जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम घेरी निवासी विपिन कुमार और राहुल कैटररिंग का काम करते हैं। शुक्रवार की सुबह करीब चार बजे सीतापुर जनपद के महमूदाबाद से एक कार्यक्रम में कैटरिंग का काम खत्म करके बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी कुर्सी थाना क्षेत्र के ग्राम दरावा रेगुलेटर के पास एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी देवा लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान विपिन की मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल राहुल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

### 141 जोड़ों ने लिए सात फेरे, एक का हुआ निकाह

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज मैदान में समाज कल्याण विभाग की ओर से 142 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने वर–वधुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सामूहिक विवाह कराकर दहेज रूपी दानव को ध्वस्त कर रही है। कार्यक्रम में दरियाबाद ब्लॉक के 39, पूरेडलई ब्लॉक के 20, बनीकोड़र ब्लॉक के 64, सिरौलीगौसपुर ब्लॉक आंशिक क्षेत्र के 12, सिद्धौर के दो, नगर पंचायत दरियाबाद के दो और बनीकोडर के तीन जोड़ो का विवाह गायत्री परिवार की तरफ से संपन्न करवाया गया। एक मुस्लिम जोड़े का निकाह भी करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा ने की। इस मौके पर आकाश पाण्डेय, रत्नेश सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, रामआसरे वर्मा, जटाशंकर मिश्रा, दिवाकर यादव, केके वर्मा, समित मौर्या रहे।

# संदिग्ध बुखार से दो लोगों की मौत, डेंगू की आशंका

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार:** संदिग्ध बुखार से पीड़ित दो लोगों की इलाज के दौरान लखनऊ स्थित अलग-अलग अस्पतालों में मौत हो गई। ग्राम साहेबगंज निवासी मनीष वर्मा (23) की तीन दिन तक क्षेत्र के एक निजी चिकित्सालय में इलाज कराने के बाद जब हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे लखनऊ स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां गुरुवार रात मनीष की मौत हो गई। उधर, मंगलपुर निवासी रामनरेश वर्मा (67) का भी मंगलपुर चौराहा स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज चल रहा था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने रामनरेश को लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां गुरुवार को उनकी मौत हो गई। जांच में जहां मनीष के रक्त में प्लेटलेट्स की मात्रा 15,000 पाई गई। वहीं रामनरेश के रक्त में मात्र 12,000 हजार प्लेटलेट्स ही पाई गई थी। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है दोनों की मौत का कारण डेंगू रहा है।


बैठक करते एएसपी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह। अमृत विचार

### प्रकाश व्यवस्था के साथ लगवाएं सीसीटीवी

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय थाना परिसर पर शुक्रवार को एएसपी डॉ. अखिलेश नरायन सिंह व इंस्पेक्टर कोठी संतोष सिंह ने संयुक्त रूप से क्षेत्रीय बैंक मैनेजर, शराब के सेल्समैन व सराफा व्यवसाइयों साथ बैठक की। एएसपी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की दुकानें व बैंक एकांत स्थानों में हैं। जिससे परिसर के आगे व पीछे सुरक्षा दृष्टि से प्रकाश व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरा लगाने की जरूरत है। इंस्पेक्टर ने सभी से अधिक नकदी दुकानें से घर या अन्य स्थानों पर लाने ले जाने में पुलिस का सहयोग लेने अपील की। इस मौके पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रामनरेश, एसएसआई शिवसागर तिवारी और दरोगा सरफराज अहमद समेत सिपाही राजेश्वर, विवेक व दिनेश आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**बाराबंकी, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया और सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई, वहीं पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने एवं आने वाली समस्याओं के संबंध में वार्ता की गई। पुलिस अधीक्षक ने परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, मेस, बैरक, व्यायामशाला, सीपीसी कैण्टीन, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान हर्षित चौहान, गरिमा पंत, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एएसपी ने किया पैदल मार्च

**सुबेहा, अमृत विचार :** एडिशनल एसपी साउथ डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने शुक्रवार देर शाम पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया। सुबेहा में बनी बैरक, भोजनालय और अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी।**

पत्रांक :मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/वॉक-इन-इन्टरव्यु/2024-25/30428 दिनांक- 27 नवम्बर 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एस0पी0एम0यू0/CH/DAP/73/2024-25/2105-2 दिनांक-12.07.2024 एवं एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एच0एस0/03/2024-26/3583-3 दिनांक-11.09.2024 में प्राप्त निदेशानुसार एवं जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, बाराबंकी के अनुमोदनोपरान्त निम्नलिखित कार्यक्रमों के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर एम0बी0बी0एस0 चिकित्सकों (संविदा) की नियुक्ति संविदा के आधार पर वॉक-इन-इन्टरव्यु के माध्यम से की जानी है।

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पदो के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू0 प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एस0एन0सी0यू0) | चिकित्साधिकारी | एम0बी0बी0एस0 डिग्री तथा उ0प्र0/भारतीय चिकि0परि0 पंजीयन | - | 05 (UR-02, OBC-1, SC-02) | रू0 1,00,000/- प्रतिमाह |
| 2 | जिला पुरूष चिकित्सालय, | ई0एम0ओ0 | एम0बी0बी0एस0 डिग्री तथा उ0प्र0/भारतीय चिकि0परि0 पंजीयन | Min. 1 year's Experience in an Emergency ward of any 100 bedded hospital preferable | 02 (UR-01, SC-01) | रू0 1,00,000/- प्रतिमाह |

आवेदन हेतु निर्देशः-

1. उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक-इन-इन्टरव्यु दिनांक- 12.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी में सम्पन्न कराया जायेगा।
2. इच्छुक अभ्यर्थी वॉक-इन-इन्टरव्यु के समय नवीनतम् बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. यह पद पूर्णतयः नियत मानदेय पर संविदा की शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
6. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
7. चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
8. कोई प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आर0सी0एच0 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**UP-223072 दिनांक 28.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हैदरगढ़, अमृत विचार:** थाना सुबेहा क्षेत्र के हैदरगढ़-सुबेहा मार्ग पर पूरे मेहरबान का पुरवा गांव के पास बीती रात ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौंत हो गई। जानकारी के मुताबिक कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के नरौली गांव निवासी कुलदीप गौतम 19 वर्ष पुत्र रामकृपाल किसी कार्य के लिए घर से कमेला चौराहा मोटरसाइकिल से गया हुआ था। वापस लौटते समय रास्ते में हैदरगढ़-सुबेहा मार्ग पर पूरे मेहरबान पुरवा गांव के समीप पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कुलदीप गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए।

# सदैव रहें प्रसन्नः आलोक

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवकलिया में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचक आलोक सरस ने कहा कि चौरासी लाख बार धरती पर जन्म लेने के बाद मनुष्य का शरीर प्राप्त होता है। बड़े भाग्य मनुष्य तन पावा। सुर दुर्लभ सद् ग्रंथन गावा।। इसलिए मनुष्य को सदैव प्रसन्न रहना चाहिए और दूसरों को सदा प्रसन्न रखना चाहिये। नर सेवा नारायण सेवा ही प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। कथा में आयोजक नौमीलाल वर्मा, अजीत कुमार, शिवकुमार, उत्तम चन्द, कन्हैया, वीरेन्द्र कुमार और सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं ग्रापं बांसा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन भंडारा हुआ। कथावाचिका प्रीती दीदी मंदाकिनी ने आखिरी दिन की कथा सुनाई। इस दौरान कथा आयोजक राजेन्द्र कुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, जितेंद्र कुमार वर्मा और नितिन मौर्या मौजूद रहे।



# पूजा-अर्चना के साथ महादेवा महोत्सव शुरू

## विश्व कल्याण द्वार पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर की शुरुआत, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध


विश्व कल्याण द्वार पर महादेवा महोत्सव की शुरुआत करते डीएम सत्येंद्र कुमार।


जलाभिषेक करते डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी।

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** श्री लोधेश्वर महादेवा में सात दिवसीय महोत्सव शुरू हो गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को दोपहर दो बजे महादेवा पहुंचकर 10वीं वाहिनी पीएसी की बैंड की धुनों के बीच विश्व कल्याण द्वार पर फीता काटकर व बाबा के दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर महोत्सव की शुरुआत की।

महादेवा पहुंचने पर डीएम का स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वागत किया। यूनियन इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पुष्प वर्षा की। पूरा मंदिर परिसर फूल मालाओं से सजा धजा लोगों का मन मोह रहा था। गर्भगृह को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। विश्व कल्याण द्वार पर डीएम सत्येंद्र कुमार के पहुंचते ही पंडित आदित्यनाथ तिवारी, अनिल शास्त्री, शिवमंगल पाठक, रामानुज पाठक और अखिलेश तिवारी ने परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके बाद डीएम वस्त्र, नारियल, पुष्प, अक्षत, दूध, गंगाजल, शहद लेकर शिव आराधना के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर अमन चैन के लिए कामना की। श्री लोधेश्वर महादेव के दरबार में पूजन के दौरान हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, हरि ऊं स्वस्ति न इंद्रो स्वस्ति। स्वस्ति नः पूषा स्वस्ति न वृहस्पति दधाति... के वैदिक मंत्र गूंजते रहे। इसके बाद डीएम मेला मैदान में सांस्कृतिक मंच पर पहुंचे और महादेवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर पुजारी आदित्यनाथ तिवारी एवं अनिल शास्त्री के द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस कप्तान दिनेश कुमार सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, उपजिलाधिकारी पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव और पूर्व विधायक शरद अवस्थी को अंग वस्त्र देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मेला प्रशासन के द्वारा महोत्सव शुभारंभ के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नई नवेली दुल्हन की तरह सजाया गया। सुंदरता लोगों का मन मोह रही थी।

**योजनाओं का प्रचार-प्रसार:** सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्वयं सहायता समूह, खादी एवं ग्रामोद्योग व उद्यान समेत अन्य विभागों के द्वारा हस्त निर्मित वस्तुएं, कपड़े इत्यादि के स्टॉल प्रदर्शनी में लगाए गये हैं। जहां से लोगों के बीच सरकार के स्तर पर संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### सुरक्षा रही चाक-चौबंद

महादेवा महोत्सव में करीब आधा दर्जन आईटी सीसीटीवी कैमरे, दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन के साथ तीन सीओ, पांच इंस्पेक्टर, 30 सब इंस्पेक्टर, 110 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल, 41 महिला कांस्टेबल, 30 होमगार्ड, ट्रैफिक पुलिस के 6 जवान, अपराध निरोधक दस्ता की टीम, फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस तैनात किये गए हैं। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी रामभजन से प्रख्यात बिहार के छपरा सदर प्रखंड के एक छोटे गांव माला की निवासिनी गायिका स्वाती मिश्रा मुंबई में रहकर अपने गानों के माध्यम से प्रसिद्धि हासिल कर रही हैं। लोधेश्वर महादेवा महोत्सव के प्रथम दिन सांस्कृतिक मंच पर एक से बढ़कर एक भक्ति भजनों की प्रस्तुति देकर उन्होंने श्रोताओं को खूब झुमाया। पूर्व विधायक शरद अवस्थी, सीडीओ अ. सुदन, एडीएम इंद्रसेन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रख्यात गायिका स्वाती मिश्रा ने सर्वप्रथम तेरी मंद-मंद मुस्कनिया पर बलिहार राघव जी की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपना मशहूर राम भजन राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी सुनाकर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया इसके बाद भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा जैसे ही सुनाया पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ये चमक ये दमक फुलवन मा महेक सब कुछ सरकार तुम्हई से है। आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। उन्होंने रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया सुनाकर खूब तालियां बटोरी। पता नहीं किस भेष में आकर नारायण मिल जाएंगे निमिया की डार मैय्या, राम सिया राम, राम है अंकित सिंह तबला वादक मोहित म्यूजिशियन प्रोड्यूसर साकेत सुमन कंपोजर अभिषेक बांसुरी क्षितिज डमरू संतोष पियानो अमन ड्रम पर सहयोगी दिव्यांशु मिश्रा। इस मौके पर एसडीएम पवन कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।


प्रस्तुति देतीं गायिका स्वाती मिश्रा।

### नृत्यांगना पर्णिका ने बिखेरा जलवा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित 14 वर्ष की कथक नृत्यांगना पर्णिका ने लोधेश्वर महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर अपना जलवा बिखेरा। शंकर अति प्रचंड नाचत शिव डमरू बाजे पर शानदार प्रस्तुति दी, तो श्रोता झूम उठे। इसके बाद शिव स्तुति एवं राधा संग छेड़खानी करें नंदलाला आदि पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। बता दें कि पर्णिका 6 साल की अवस्था से नृत्य की शिक्षा ले रही है। वह लोयोला इंटरनेशनल स्कूल में नौवीं की छात्रा है और अंतरराष्ट्रीय गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव से कथक नृत्य का प्रशिक्षण ले रही है। पर्णिका प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित होने वाले महोत्सव में विगत चार से पांच वर्षों से लगातार अपनी प्रस्तुतियां देती आ रही हैं।

# कलाकारों ने सजाई सांस्कृतिक संध्या

रामनगर, बाराबंकी


मंच पर प्रस्तुति देते बहार सुगम संगीत के कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर प्रभात नारायण दीक्षित की अगुवाई में बहार सुगम संगीत के कलाकारों ने गणेश वंदना व शिव अर्चना की मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया।

बहार सुगम संगीत ग्रुप के कलाकार दीपक वर्मा, वंशिका गुप्ता, उषा सरकार, तेजस्वी त्रिवेदी, सेजल सैनी, श्रेया श्रीवास्तव, राजा कश्यप और नितिन आदि ने कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना हे गणपति गज बदन विनायक तुम हो...प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद शिव अर्चना जय भोले भंडारी शिव शंकर त्रिपुरारी...की प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। इसी कड़ी में शिव राजे फ्यूजन बैंड के संचालक कार्तिकेय कैलाश दीक्षित के संयोजन में अभिजात, आदित्य, अंशिका, प्रत्यूष और वंशिका ने बॉलीवुड गाने मैशअप प्रस्तुत किया। गीत लग जा गले व आओगे जब तुम सजना की शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों को पुरुष्कृत किया गया। सांस्कृतिक मंच का संचालन शानदार तरीके से आशीष पाठक द्वारा किया गया।

## भजनों से खूब बटोरीं तालियां

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर सांध्यकालीन कार्यक्रमों में पीयूष ब्रदर्स म्यूजिकल ग्रुप बाराबंकी के गायक पीयूष मिश्रा ने जय गणेश जय गणेश, महादेवा महाकाल की सवारी भजन जैसे ही सुनाया पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद आली रे मोहे लागे वृन्दावन नीको सहित एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा शिवा भारती ने भी भजन सुना कर लोगों की वाहवाही लूटी। दुर्गेश्वरी, राहुल सहयोगी कलाकार रहे।



## अर्चना ग्रुप ने मचाया धमाल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार:** अर्चना ग्रुप की लोक गायिका ने मतलब की इस दुनिया में, मैं भूल गया रे भूल गया रे भजन करना बाबा, एक बार वृंदावन आकर तो देखो, आजु मिथला नगरिया निहाल सखियां की प्रस्तुति देकर धूम मचा दी। इसके बाद गायक राजन रस्तोगी ने शिव भजन भोले ओ भोले, दादा खाटू श्याम का भजन हरे हरे तुम्हारे ही सहारे सुनकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया।


महादेवा महोत्सव में लोकगीतों की प्रस्तुति देतीं अर्चना मिश्रा।

### महादेवा महोत्सव में आज

4:00 से 4:45
जमुना प्रसाद कनौजिया द्वारा प्रस्तुति
4:45 से 5:15
कठपुतली नृत्य
5:15 से 6:00
पूनम श्रीवास्तव (लोक गायिका)
6:00 से 6:45
मयूर महारस एवं फूलों की होली द्वारा सरिता यादव
7:00 से 7:45
निशांत भदौरिया बुंदेली राई ग्रुप झांसी द्वारा प्रस्तुति
7:45 से 8:30
आल्हा ऊदल कार्यक्रम द्वारा जितेन्द्र चौरसिया
8:30 से कार्यकम समाप्ति तक
इंडियन आइडल म्यूजिक कॉन्सर्ट (भारत की शान इंडियन आइडल जतिन निगम)


महादेवा महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

# महोत्सव के मंच पर बिखरे संस्कृति के रंग

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** महादेवा महोत्सव के पहले दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह और पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा इस जनपद का गौरव है। यहां होने वाले कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर सहयोग करना, हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। मंच के माध्यम से जिलाधिकारी ने जनपद वासियों एवं प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग महादेवा महोत्सव में आएं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करें। इसके बाद सांस्कृतिक मंच पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना और शिव आराधना सहित तमाम रंगारंग मनोहरी कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। प्रशांत बाल विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज रामनगर की छात्रा आस्था, अंशिका, नैनषी गुप्ता और सुभी श्रीवास्तव सहित एक दर्जन छात्राओं ने मां वीणा वादिनी की वंदना मां सरस्वती शारदे वर दे से श्रोताओं का मन मोह लिया। पीजी कॉलेज रामनगर की छात्री जागृति ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कांती महाविद्यालय सूरतगंज की छात्रा अंकिता सिंह, हर्षिता सिंह, ऊषा, तनु, शिव, कन्या व पीजी कॉलेज की छात्रा प्राची सिंह, प्रगति सोनी, शिवानी मौर्य, गोल्डी त्रिवेदी, श्रद्धा मिश्रा, अंशिका और अनुराग आदि छात्र छात्राओं के द्वारा बनाई गई मनमोहक रंगोलिया आकर्षण का केंद्र बिंदु रहीं। बीपीएन कॉलेज की छात्रा निष्ठा, अनामिका और सौम्या ने पार्वती बोली शंकर... पर ग्रुप डांस किया, तो तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। अंजली ने आई गिरि नंदनी पर एकल नृत्य किया। इसके बाद नमो नमो रे शंकरा पर श्रेया मांडवी और प्राची ने ग्रुप डांस दिखाया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनामिका, बेबी, मुस्कान, आफरीन और रोशनी आदि छात्राओं ने शिव तांडव, गणेश वंदना पर भाव नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को डीएम, एसपी व पूर्व विधायक शरद अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी और नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक के द्वारा प्रतीक चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया।


महादेवा महोत्सव में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार


बच्चों ने प्रस्तुत किए शानदार कार्यक्रम। अमृत विचार


रंगारंग कार्यक्रम पेश करते कलाकार। अमृत विचार


विधायक से वार्ता करते अधिवक्ता। अमृत विचार

### विधायक ने अधिवक्ताओं को दिया आश्वासन

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा से मिला। विधायक ने अधिवक्ताओं की मांग पर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। बदा दें कि बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हड़ताल के नवें दिन भी रजिस्ट्री कार्यालय स्थानांतरण मुद्दे पर कोई समाधान न निकलता देख क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान बार अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक ने आश्वासन दिया है कि वह सम्बन्धित विभाग के मंत्री से आपके कार्य के लिए आग्रह करेंगे। इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप निगम, महामंत्री संजय सिंह, राजीव नयन तिवारी, हरिनाम सिंह, शीलरत्न मिहिर, यादवेन्द्र प्रताप वर्मा, ओमप्रकाश यादव, हरीश मौर्या, गणेश शंकर मिश्रा, हरिवंश मौर्या आदि रहे।

### सूचना अधिकारी ने केजीबीवी का किया औचक निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार:** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सूरतगंज का जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं की उपस्थिति, क्लासरूम, शौचालय, रसोईघर और मीना मंच कक्ष को देखा। कहा छात्राओं की रजिस्टर पर प्रतिदिन उपस्थिति अंकित की जाए। जो छात्राएं अनुपस्थित हैं, उनके परिजनों से बात की जाए। परिसर में पर्याप्त साफ सफाई रखी जाए। इसके साथ ही उन्होंने रसोईघर में जाकर बच्चों को प्रतिदिन दिए जाने वाले मेन्यू को देखा और स्टोर रूम में रखे राशन और मसाले इत्यादि की जांच की। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# सरकार शिक्षा पर दे रही विशेष ध्यान: राजरानी


कार्यक्रम में मौजूद जिपंअ व बीईओ बंकी। अमृत विचार


पर्णिका श्रीवास्तव को सम्मानित करते एडीएम व एसडीएम।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** ग्राम प्रधान व स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र बड़ेल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत व डायट प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार आर्य द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। संगोष्ठी में विकासखंड स्थित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सभासद व ग्राम प्रधान शामिल हुए। खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि ग्राम प्रधान व सभासद अपने गांव व वार्ड का प्रथम नागरिक है। नगर पंचायत बंकी की अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने सफाई के प्रति बच्चों को जागरूक करने व घर या विद्यालय का 75 फीसदी कूड़ा स्वयं निस्तारित करने का आह्वान किया। जिपंअ राजरानी रावत ने कहा शिक्षा से ही समाज बदल सकता है। कार्यक्रम में एआरपी ललित मोहन सिंह ने निपुण भारत मिशन, संकुल शिक्षक संतोष कुमार त्रिवेदी ने विद्यालय प्रबंध समिति, वैशाली गुलसिया ने बालिका शिक्षा, राजेंद्र सिंह ने शारदा, वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने डीबीटी योजना पर प्रकाश डाला। संचालन एआरपी सुभाष चंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में रिचा शर्मा, विपिन कुमार, अजिता श्रीवास्तव, अनिमेष कुमार गुप्ता, आलोक यादव और फिरोज अजहर रहे।

### सरकार ने की शिक्षा की उत्तम व्यवस्था

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण एवं संगोष्ठी का आयोजन दहिला स्थित पूर्व मावि के प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा सरकार द्वारा शिक्षा की उत्तम व्यवस्था है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह भी उपस्थित रहे।

### सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था बेहतर : राज्यमंत्री

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार को एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण एवं संगोष्ठी का आयोजन नपं रामसनेही घाट के एक विद्यालय सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा यूपी सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।

## लोन अदा किये बिना बेची बंधक जमीन, केस दर्ज

**रामसनेहीघाट, अमृत विचार:** बनीकोडर विकासखंड में बैंक को गुमराह कर भूमि बेचने वाले क्षेत्र के किसानों के विरुद्ध आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक ने केस दर्ज कराया है। शाखा प्रबंधक ने तहरीर में बताया करौंधिया निवासी कल्लू राम व विश्व नाथ ने अपनी जमीन को बैंक शाखा कोटवा सड़क में बंधक रखकर सात लाख छह हजार रुपये केसीसी लोन ले लिया। दोनों द्वारा बिना ऋण अदा किए ही भूमि की बिक्री कर दी। जिसके संबंध में बैंक ने संबंधित को नोटिस जारी की। इसके बाद संबंधित किसानों पर कार्रवाई करने के लिए शाखा प्रबंधक प्रशांत कुमार सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### पत्रकार के पिता का निधन



**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ के ब्रम्हनान वार्ड निवासी वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश मौर्य के 85 वर्षीय पिता भगौती प्रसाद मौर्य पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार को उनकी तबीयत खराब हुई। परिजन स्थानीय सीएचसी लेकर गए जहां पर डॉक्टरों ने हालात में सुधार होने के चलते शाम को घर भेज दिया। जहां देर रात उनका निधन हो गया। उनके निधन पर पत्रकारों के साथ राजनीतिक दिग्गजों एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में संभ्रांत लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की। शुक्रवार की दोपहर उनका अंतिम संस्कार अवसानेश्वर घाट पर हुआ। इस मौके पर पंडित सिद्धार्थ अवस्थी और सियाराम यादव आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों ने ग्राम चौपाल में सुनीं समस्याएं

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत टिकरा व करुआ में स्थापित ग्रापं भवन में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने जन समस्याएं सुनी। ग्राम चौपाल के माध्यम से सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। दोनों ग्राम पंचायतों में कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके निस्तारण के लिये संबंधित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर टिकरा दिलीप सिंह व रघुनाथ आदि मौजूद रहे।

### जानलेवा हमले को लेकर फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** पूरे बढ़ईन मजरे बबुरी निवासी अधिवक्ता कमलेश कुमार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में असंद्रा पुलिस द्वारा मनमाने ढंग से केस दर्ज करने से अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार को उन्होंने एसडीएम के समक्ष विरोध जताया और ज्ञापन सौंपा। कहा यदि हमला करने वालों के खिलाफ एक दिसंबर तक कार्रवाई न हुई तो दो दिसंबर को आम सभा बुलाकर आंदोलन का ऐलान किया जाएगा। इस मौके पर तेज बहादुर सिंह, रामकुमार सिंह, ओम शंकर अवस्थी, सतीश सिंह और अशोक कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### रकम लेकर नहीं किया बैनामा, मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** जमीन के लिए पांच लाख रुपये लेने के बावजूद बैनामा नहीं किया। दिए गए रुपये वापस मांगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में गुरुवार को फतेहपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ। देवां के मोहल्ला हुज्जाजी दो निवासी वसीम वारसी ने तहरीर में बताया कि उसने देवां के हुज्जाजी तीन निवासी सगे भाइयों अदनान व फरहान से देवां में उनकी जमीन का सौदा तय किया था। जिसके लिए उन्हें पांच लाख रुपये दे दिए गए। इसका एग्रीमेंट भी हो गया। बाद में पता चला कि भूमि विवादित है और केस भी चल रहा है। जब वसीम ने रुपये वापस मांगें तो देने से मना कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को कारावास

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना फतेहपुर पर नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के बारे में दर्ज मुकदमे से संबंधित अभियुक्त मो. सारिक पुत्र अब्दुल कलाम निवासी फुलवारी टोला थाना फतेहपुर को अपर सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या 44 द्वारा दोष सिद्ध करते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### शिक्षकों को बताए मिलेट्स के फायदे

**कार्यालय संवाददादात, बाराबंकी, अमृत विचार :** सभी विकासखंडों के बीआरसी केंद्रों पर यूपी मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना अंतर्गत शुक्रवार को 50-50 अध्यापकों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में कृषि एवं संवर्गीय विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा उपस्थित रहकर अध्यापकों को मिलेट्स की खेती एवं मिलेट्स उत्पादों के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान समय में खानपान संबंधी बीमारियों को दृश्टिगत रखते हुये मिलेट्स फसलों और उत्पादों का विशेष महत्व है। इनके नियमित एवं संतुलित प्रयोग से जीवन शैली संबंधी बीमारियों जैसे ब्लड शुगर, थाइराइड, रक्तचाप आदि में बेहद लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### एएसपी ने मैरिज लॉन मालिकों के साथ की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में मैरिज लॉन मालिकों के साथ बैटक कर अग्निशमन से सम्बन्धित उपकरणों के प्रयोग, विद्युत के स्विच व बोर्ड क्षमता के अनुसार लगवाने, हर्ष फायरिंग न करने व डीजे की ध्वनि मानक के अनुसार रखने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर आलोक मणि त्रिपाठी मौजूद रहे।

### बंदरों ने दो लोगों को किया घायल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के तहवापुर गांव में बंदर के काटने से महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को गम्भीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तहवापुर गांव निवासी रागिनी (30) पत्नी राजकुमार व 12 वर्षीय अतुल को गांव में बन्दर ने हमला कर घायल कर दिया। दोनों को इलाज के लिए सीएचसी त्रिवेदीगंज लाया गया।

### यातायात माह के समापन पर निकलेगी रैली

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** यातायात माह के समापन पर आज सुबह 9 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रिजर्व पुलिस लाइन तक जागरुकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुनार सिंह के नेतृत्व में निकाली जाएगी।

पंचैव पूजयन् लोके यश : प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितृन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि–इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा–स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे तो वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों-संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां


जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।


जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।

हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

## महाकुंभ की महा तैयारी में मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की महातैयारी में दोनों उप मुख्यमंत्रियों समेत मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि महाकुंभ नव्यता, दिव्यता और भव्यता की मिसाल बनेगा। मंत्रीगण सभी विभागीय तैयारियों पर पूरा फोकस करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रदेशों में महाकुंभ के पैवेलियन का नेतृत्व भी करेंगे। पैवेलियन में प्रदेश की हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और पर्यटन का प्रदर्शन होगा। साथ ही, उन प्रदेशों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों समेत खास अतिथियों को निमंत्रित किया जाएगा। बैठक में इसके लिए टीम भी बनाई गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को हुई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केवश प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत करीब सभी मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के 13 दिसबंर को आने से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के साथ तय हुआ कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 की थीम पर उप्र सरकार का पैवेलियन हर प्रदेश में बनेगा। इससे तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ेगा।

# सर्जन बनने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर

## वरिष्ठ चिकित्सकों ने रुचि कम होने के कारण को अमृत विचार से किया साझा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बनी बड़ी वजह**

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं। पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।



सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। दूसरा, अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। हर डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल
बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली



जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– प्रो. जेडी रावत, विभागाध्यक्ष
पीडियाट्रिक सर्जरी केजीएमयू व
अध्यक्ष आईएमए, लखनऊ



विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सर्जंस की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

– प्रो. निशा सिंह
क्वीन मेरी, केजीएमयू



मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आएदिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। विदेशों में टॉपर्स को सर्जरी में दाखिला मिलता है, भारत में उलटा है। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

– डॉ. अंकित पचौरी, पूर्व उपाध्यक्ष
आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ

## आईपीएस हिमांशु कुमार बने डीआईजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं। डीआईजी बनने पर उनकी वापसी होनी है। इसके बाद उन्हें नई जगह तैनात किया जाएगा।

# विपक्ष भयभीत, अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

**उप चुनाव में विजयी एनडीए के सात विधायकों का भाजपा के राज्य मुख्यालय में अभिनंदन**

## मुख्यमंत्री ने कहा, एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। योगी ने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने खैर विधानसभा से विजयी सुरेंद्र दिलेर के पिता पूर्व सांसद और पूर्व विधायक राजवीर सिंह दिलेर का विशेष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं के परिवार के साथ खड़ी रहती है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान ने किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने उप चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को दिलाई शपथ



विधानसभा अध्यक्ष
सतीश महाना

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। सतीश महाना ने नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की कार्यवाही में अधिक से अधिक समय देने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही का अनुभव पुस्तकों से नहीं, बल्कि सदन में बैठकर और बहस में भाग लेकर ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, सदन में उपस्थिति और योगदान से यह साफ हो जाएगा कि कौन विधायक कितनी गंभीरता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है।

## गीडा का स्थापना दिवस आज 1068 करोड़ के निवेश का मार्ग प्रशस्त करेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन होंगे। विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण के साथ गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र दिये जाएंगे।

स्थापना दिवस पर योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं की भी शुरुआत करेंगे। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक के अनुसार, स्थापना के 35वें स्थापना वर्ष में गीडा ने अभी तक 3 लाख 27 हजार 313 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 85 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इसके जरिये 1068 करोड़ रुपये का निवेश और 4658 रोजगार सृजन प्रस्तावित है। स्थापना दिवस समारोह में आवंटित किए गए भूखंडों में से पांच बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा।

# निजी बिजली घरानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश तो नहीं

## दो ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी।

### विरोध सभाएं कर बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे। राजधानी में हुई सभा में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आरवाई शुक्ला, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।

### एससी-एसटी आयोग व सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रकरण को लेकर पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उप्र. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निजीकरण के बाद अनुसूचित वर्ग को आरक्षण के लाभ से वंचित हो जाने की बात कही। इस पर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजकर समाधान निकालने के लिए पत्र भेजा। दूसरी ओर, एसोसिएशन के पत्र का हवाला देते हुए नगीना के सांसद चन्द्रशेखर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रकरण का निराकरण करने की मांग की है।

# दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 4 वर्ष की योजना तैयार क्रियान्वयन पर खर्च होंगे 236 करोड़ रुपये
- किसानों को मुफ्त मिलेंगे बीज कृषि वैज्ञानिक सिखाएंगे उन्नत तौर तरीके

**अमृत विचार :** दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अगले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर कृषि विभाग ने चार साल की कार्ययोजना तैयार की है। इसके क्रियान्वयन पर करीब 236 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत दलहनी व तिलहनी फसलों के बीज के मिनी किट का निःशुल्क वितरण, प्रगतिशील किसानों के यहां प्रदर्शन और किसान पाठशालाओं के जरिये विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी देना शामिल है।

योजना के तहत प्रदेश के अलग-अलग कृषि जलवायु के अनुरूप तय समयावधि में संबंधित क्षेत्र के किसानों को दलहनी फसलों के लिए उर्द, मूंग, अरहर, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई/सरसों और अलसी के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे। विश्व बैंक की मदद से चलने वाली यूपी एग्रीज योजना भी दलहन और तिलहन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगी। खासकर, झांसी और इससे सटे इलाकों में मूंगफली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर विकसित करने की योजना है।

**अभी मांग की तुलना में काफी पीछे प्रदेश :** फिलहाल खाद्य तेलों की आवश्यकता के सापेक्ष 30-35 फीसदी और दलहन की आवश्यकता के सापेक्ष प्रदेश में 40-45 फीसदी ही उत्पादन हो रहा है। दलहनी और तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भर होने के बाद मांग एवं आपूर्ति में संतुलित होने पर ऐसा नहीं हो सकेगा।

**केंद्र सरकार ने भी चयनित किए हैं जिले :** दलहनी फसलों में सर्वाधिक खपत अरहर दाल की होती है, इसलिए केंद्र सरकार ने अरहर की खेती के लिए 35 और उर्द की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 18 जिले चयनित किए हैं। प्रदेश सरकार पहले से दलहनी फसलों के प्रोत्साहन के लिए बुंदेलखंड को फोकस कर दलहन ग्राम योजना चला रही है।

# तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय ने लखनऊ में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी के आधार पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की। आरोप लगाया गया कि तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, साइबर टावर, प्रथम तल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, जो फ्लैटों के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में है। उन्होंने चार खरीदारों को धोखा दिया था। जिन्होंने पंजाब नेशनल बैंक, लखनऊ से कुल 4.63 करोड़ रुपये का गृह ऋण लिया था, जिसे चुकाया नहीं गया।


## वर्ग पहेली-267

**बाएं से दाएं**

1. वध, मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता, कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



### वर्ग पहेली -266 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | 2 सें | | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

## सुडोकू -180

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 5 | |
| | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | |
| | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 4 | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | |
| | 5 | | | | | | 1 | |
| 8 | | | | | | | | 2 |

### सुडोकू - 179 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 नवंबर, शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 10.29 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 12.35 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष:** आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय बर्बाद न करें। माइग्रेन के रोगियों को यात्रा से बचना चाहिए। बड़ा काम करने की इच्छा होगी। व्यापार में सहयोगियों के साथ अनबन हो सकती है।

**वृष:** आज आपको घर पर भी कार्यक्षेत्र का काम करना पड़ेगा। जॉब में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लें। प्रभावशाली लोगों से मैत्रपूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की परेशानियां दूर होंगी।

**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत थोड़ी उदासीन रहेगी। आलस्य के कारण आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं। व्यापार में उधारी न करें। आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ेगा। जल्दबाजी वाले स्वभाव से आपको बचना चाहिए।

**कर्क:** आज आप अपने मित्रों के बीच खासे लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**सिंह:** आज नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का माहौल रहेगा। सभी काम मन लगाकर करें। धीरे-धीरे आप कारोबार में बड़ा लाभ कमा लेंगे। दांपत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी।

**कन्या:** आज भावनाओं में आकर निर्णय न लें। भूमि और संपत्ति को लेकर बड़ी डील होने की संभावना है। आय के साधनों में वृद्धि होगी। सुबह सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला:** आज आप कार्यक्षेत्र में काफी लोकप्रिय रहेंगे। मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनाएंगे। आप दूसरों की भावनाओं का काफी ध्यान रखते हैं। इसीलिए लोगों के चहेते बने रहेंगे। पर्यटन की योजना से घूमने जा सकते हैं। अनजान लोगों पर ज्यादा भरोसा न करें।

**धनु:** आज कारोबार के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना सफल हो सकती है। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। आपको अपनी बात मनवाने के लिए जोर देना पड़ेगा।

**मकर:** आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए। व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। मनोवान्छित कार्य पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आज शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा।

**मीन:** आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें। इससे आप अपने हितों के चुनाव में गलतियां कर सकते हैं। यात्रा से लाभ होगा। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मि. इंडिया — दोपहर : 12.11
रास्कल्स — रात : 07.16

**&pictures**
टॉइलेट-एक प्रेम कथा — सुबह : 10.52
विवाह — रात : 07.30

**Sony Pix**
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.01
द 355 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 10.49
औरों में कहां दम था — रात : 08.00

**Zee Action**
बदला नाग का — सुबह : 11.23
मोहरा — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10.49 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर – आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की – क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर – नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की – ओह! नो अब मैं अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर– धीरज रखिए।
लड़की – अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था– "बिका माल वापस नहीं होगा"।

अध्यापक– रोहन, अगर तुम्हारे पास पंद्रह सेब हों, जिनमें से छह तुम निर्मला को दे दो, चार सुनिता को दे दो और पांच डौली को दे दो तो तुम्हें क्या मिलेगा?
रोहन– सर! मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेगी।

## एक नजर

### महिला से सोने की चेन लूटने वाला एक गिरफ्तार

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के खरौली तिराहे पर 22 नवंबर को पूरे जीवन बख्श की रहने वाली पूनम अपने बिशातखाने की दुकान पर बैठी हुई थी। इस दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने असलहे की नोक पर महिला के गले में पड़े सोने की लॉकेट को लूट लिया था। इसके बाद वह मौके से फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने शुक्रवार की सुबह पट्टी रहस कैथवल के गेट के पास से घटना में शामिल जय प्रकाश उर्फ राम भरोसे निवासी निहालीपुर मजरे कल्याणी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा। जबकि घटना में शामिल दो आरोपी कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र के रहने वाले है। उनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है और दो अन्य की तलाश जारी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर खैरहनी गांव के पास एक अज्ञात कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार किसान श्री पाल पुत्र सुखई (45) निवासी छीटखेड़ा घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल किसान ने बताया कि वह खेतों से अपने गांव वापस जा रहा था, तभी अज्ञात कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत विभाग ने की बिजली चोरी में 19 पर कार्रवाई

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। उपखंड कार्यालय के अंतर्गत कनेक्शन विच्छेद के बाद 17 लोगों ने चोरी से कनेक्शन जोड़ लिया तथा दो लोगों लोगों को विद्युत चोरी करते विद्युत विभाग की टीम ने पकड़ा। 19 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का अभियोग पंजीकृत किया गया। उपखंड कार्यालय के अंतर्गत अलग-अलग गांव के 17 लोगों के बकाया होने पर विद्युत विभाग की टीम ने उनके कनेक्शन काट दिए थे जिसके बाद उन बकायदाओं ने अपने कनेक्शन चोरी से जोड़ लिए थे। विद्युत विभाग की टीम को जानकारी होने पर सभी के विरुद्ध धारा 138 के तहत अभियोग पंजीकृत करवाया तथा चांदमऊ गांव के रहने वाले रामखेलावन व सुंदरलाल विद्युत चोरी करते पकड़े गए थे जिनके खिलाफ धारा 135 के तहत अभियोग पंजीकृत करवाया गया। यह जानकारी अवर अभियंता चंद्रेश पटेल ने दी।

# मानदेय नहीं तो सफाई नहीं, रेलवे स्टेशन पर गंदगी का लगा अंबार

## रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने रेल विभाग को लिखा पत्र, अब तक नहीं आया जवाब

लालगंज, रायबरेली



लालगंज रेलवे स्टेशन पर फैली गंदगी। अमृत विचार

▶▶ रेल विभाग से मानदेय न मिलने पर सफाई कर्मियों ने काम करने से किया मना

अमृत विचार। कई महीने से रेल विभाग से मानदेय न मिलने पर सफाई कर्मियों ने रेलवे स्टेशन पर कार्य बंद कर दिया है। जिससे रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है। आने जाने वाले यात्रियों को भी गंदगी के बीच से ही अपना सफर पूरा करना पड़ता है। सफाई कर्मियों ने पूर्व में ही यह चेतावनी दे दी थी कि यदि उनके मानदेय का भुगतान 15 नवंबर तक नहीं किया गया तो वे सफाई कार्य बंद कर देंगे। इसके बावजूद अभी तक जिले के अधिकांश रेलवे स्टेशनों को धनराशि जारी नहीं की गई है जिससे सफाई कर्मियों ने कार्य करने से इंकार कर दिया है। स्टेशन व प्लेटफार्म पर गंदगी की जिम्मेदारी अब विभागीय अधिकारियों की है।

लालगंज रेलवे स्टेशन पर इन दिनों इस कदर गंदगी फैली हुई है कि यहां पर पड़ी बेंचों पर बैठने के लिए यात्रियों को सोचना पड़ रहा है। पूरे प्लेट फार्म पर यात्रियों के बैठने के लिए बेंचे लगाई गई हैं जिनकी सफाई न होने से वह धूल से सनी हुई हैं। हां इतना जरूर है कि भारत सरकार के स्वच्छता अभियान की रेलवे स्टेशन पर फैली गंदगी हवा निकाल रही है। स्टेशन अधीक्षक कौशलेंद्र शुक्ला के अनुसार साफ-सफाई और अन्य कार्य इंप्रेस्ड धनराशि से होते हैं। एक अप्रैल से कोई भी धनराशि रेल विभाग ने जारी नहीं किया गया है। हम लोग अपने पास से सफाई कर्मचारियों को पैसा दे रहे थे। जब रेल विभाग से धनराशि नहीं भेजी गई तो उन्होंने भी पैसा देना बंद कर दिया। जिसके कारण सफाई कर्मचारियों ने काम करने से मना कर दिया है। ठेकेदारी प्रथा पर स्टेशन की सफाई के लिए दो सफाई कर्मचारी तैनात थे। जिन्होंने अब मानदेय न मिलने से काम करने से मना कर दिया है। जिसका नतीजा है कि प्लेटफार्म से लेकर आरक्षण खिड़की व यात्री हाल में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जगह-जगह पर लोगों द्वारा पान व गुटखा खाकर थूका गया है। चिप्स, गुटखा आदि के खाली रैपर समेत मूंगफली के पड़े झिलके सरकार के सफाई अभियान की कलई खोल रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नहीं है।

स्टेशन अधीक्षक कौशलेंद्र शुक्ला के द्वारा अक्टूबर माह में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को पत्र लिखकर समस्याओं की जानकारी दी गई थी और पैसा निर्गत करने की मांग की गई थी। पत्र में यह भी उल्लेख है कि अगर पैसा नहीं आया तो 15 नवंबर से सफाई कार्य नहीं होगा, लेकिन फिर भी रेल विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंगी और पैसा नहीं भेजा जिसके कारण सफाई कार्य पूर्णतया बंद है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी ने कहा है कि अगर जल्द साफ-सफाई नहीं कराई गई तो आंदोलन किया जाएगा।

# निर्माणाधीन छात्रावास का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली



निर्माणाधीन छात्रावास का निरीक्षण करती डीएम हर्षिता माथुर।

अमृत विचार। शहर से सुदूर गांवों में रहने वाली बेटियों का जल्द ही शहर स्थित जीजीआईसी के छात्रावास में रहकर पढ़ने का सपना साकार हो जाएगा। शहर के पुलिस लाइंस चौराहे पर स्थित जीजीआईसी में निर्माणाधीन राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की क्या प्रगति है, इसकी हकीकत जानने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर पहुंचीं। उन्होंने वहां पर निर्माण कार्यों की हकीकत देखी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश भी दिए। निर्माणाधीन एजेंसी के ठेकेदार से तय समय में निर्माण कार्य को पूरा कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि तय मानकों और गुणवत्ता के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि यह छात्रावास 48 शैय्या से सुसज्जित होगा। बता दें, सरकार की तरफ से माध्यमिक शिक्षा के छात्राओं को सुविधा देने के उद्देश्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्रावास बनवाया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल

रोहनिया, रायबरेली, अमृत विचार। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र में रोहनिया के पटेरवा तिराहे का है, जहां 70 वर्षीय गोंदा देवी पत्नी बैजनाथ यादव निवासी ग्राम पोस्ट गंगश्री अपने भतीजे के घर मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी। तभी उमरन की तरफ जा रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल महिला को सीएचसी ऊंचाहार लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### निपुण एसेसमेंट टेस्ट में बच्चों ने किया प्रतिभाग



आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ़ में आयोजित एसेसमेंट टेस्ट में प्रतिभाग करते बच्चे।

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। शासन के निर्देशानुसार कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट कराया गया। इसमें उत्साह के साथ बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीदगढ़ प्रधानाध्यापक एसएस पाण्डेय ने बताया कि आज आयोजित हुए निपुण एसेसमेंट टेस्ट में मात्र एक छात्र अनुपस्थित रहा। बाकी सभी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सविता एवं पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का शैक्षिक आंकलन करने के लिए यह टेस्ट काफी प्रभावशाली साबित हो रहा है। यह सरकार की सराहनीय पहल है। आयोजित निपुण एसेसमेंट टेस्ट के दौरान विद्यालय की सहायक शिक्षिका एकता श्रीवास्तव एवं शिक्षा मित्र सुमन द्वारा भरपूर सहयोग दिया गया। इस टेस्ट आयोजन में बच्चों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

### सीनियर टेनिस टूर्नामेंट में उपविजेता बने मो. अयाज



ट्राफी के साथ खिलाड़ी।

रायबरेली, अमृत विचार। जिले के टेनिस खिलाड़ी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए नेशनल लेवल पर आयोजित प्रतियोगिता में उपविजेता बने। फाइनल मुकाबले में देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शुमार पवन जैन से हार गए। इससे पहले उन्होंने लीग, क्वार्टर और सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। ईटीएफ की ओर से उत्तराखंड के रुद्रपुर में सीनियर टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। फाइनल मैच में इंडिया नम्बर पवन जैन दिल्ली और मो. अयाज के बीच मुकाबला हुआ। इसमें पवन जैन ने 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वहीं मो. अयाज उपविजेता रहे। 35 वर्ष आयु ग्रुप में मिश्रित वर्ग में सुनील कुमार विजेता, जबकि सिंगल में उप विजेता रहे। रायबरेली के ही हशमत अली 30 वर्ष आयु वर्ग में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सके। वहीं डबल्स के सेमीफाइनल में देहरादून के खिलाड़ियों से हार कर बाहर हो गए।

### गिट्टी लदा डंपर होटल में घुसा, चालक गंभीर



क्षतिग्रस्त डंपर।

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। बांदा-बहराइच हाईवे पर प्रसाद खेड़ा मजरे बन्नावा गांव के पास एक अनियंत्रित डंपर हाईवे किनारे स्थित एक होटल में घुस गया। हादसे में डंफर चालक विचार गौड़ पुत्र बनी गौड़ (54) निवासी गोरखपुर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे चालक को निकलवा कर एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गनीमत रही की होटल के पीछे बने घर तक पहुंचने से पहले डंपर रुक गया वरना हादसा और भी बड़ा रूप ले लेता। होटल संचालक सौरभ ने बताया कि उसका लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

### जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत



दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ करती पुलिस।

हरचंदपुर, रायबरेली। थाना क्षेत्र के डिघौरा गांव में तेज रफ्तार जेसीबी हाइड्रा की टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस में हाइड्रा को कब्जे में ले लिया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत डिगोरा गांव निवासी कमलेश सुबह घर से निकलकर किसी काम से बाजार गया था। वहां से वापस लौटते समय रास्ते में तेज रफ्तार हाइड्रा ने टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक बताया जा रहा है कि 10 वर्ष पहले उसकी शादी हुई थी और दो बच्चे भी है। प्राइवेट नौकरी कर मृतक अपने परिवार का पालन पोषण करता था। मौत की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। परिजन रो-रोकर बेहाल है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई। जेसीबी को कब्जे में ले लिया है। जेसीबी का ड्राइवर घटना होने के बाद फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। मृतक के परिवार की तरफ से किसी भी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मामले में विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी।


## मंडल एसी ने मतदान बूथों का किया निरीक्षण

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। निर्वाचन विभाग के लखनऊ मंडल एडिशनल कमिश्नर घनश्याम सिंह ने लखनऊ से रायबरेली जाते समय बछरावां विधानसभा (177) के कई बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरौरा, बछरावां, कुंदनगंज, खैरहनी, पीठन सहित अन्य मतदान बूथो का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में मौजूद निर्वाचन ड्यूटी में लगाये गये कर्मचारियों से विभागीय संबंधी विशेष जानकारी ली। इसी दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बछरावां में बच्चों के साथ पढ़ाई को लेकर बातचीत की और उनकी कॉपी में उनका नाम अथवा अन्य शब्दों को उनके द्वारा लिखवाया। बच्चों के द्वारा नाम लिख लिये जाने पर एडिशनल कमिश्नर संतुष्ट दिखाई पड़े। निरीक्षण के दौरान उनके साथ तहसीलदार महाराजगंज ध्रुव नारायण यादव, नायब तहसीलदार सरफुद्दीन तथा स्थानीय लेखपाल मौजूद रहे।

# वेटर पर बटोही होटल मालिक ने की थप्पड़ों की बौछार

संवाददाता, रायबरेली



बटोही के बाहर खड़े पीड़ित पिता-पुत्र।

▶▶ बिल में गड़बड़ी होने पर मालिक ने खोया आपा, पीड़ित के परिजनों ने उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार

अमृत विचार। शहर के नामचीन होटलों में शुमार बटोही उस समय हंगामा मच गया, जब वेटर ने मालिक पर संगीन आरोप लगा दिया। बताया कि मामूली बात पर आपा खोते हुए मालिक ने थप्पड़ों की बौछार कर ली। पीड़ित के परिजनों ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जिले में बटोही की अलग-अलग गई शाखाएं हैं। इसी में से एक शाखा कचहरी रोड पर स्थित है। श्रवण कुमार पुत्र रवी प्रकाश शर्मा निवासी बेलीगंज फाटक, घंटाघर थाना कोतवाली ने बताया कि मेरा बेटा अंकित शर्मा बटोही रेस्टोरेन्ट में वेटर का कार्य करता है। 27 नवंबर की शाम को अंकित कस्टमर के बिल पर त्रुटिवश एक पानी की बॉटल का पैसा अलग से चढ़वा दिया, जिस पर कस्टमर ने बटोही रेस्टोरेंट मालिक संजय कुमार को सूचित कर दिया। जिस पर आग बबूला होकर बटोही रेस्टोरेंट के मालिक संजय कुमार ने सबके सामने होटल पर काम कर रहे अंकित को लात-घूसों व थप्पड़ों के काफी मारा-पीटा। यह घटनाक्रम सीसी कैमरे में भी कैद है। डायल 112 पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी तलाश किया, लेकिन मौके पर होटल के मलिक नहीं मिले। पीड़ित ने बताया कि पिता ने होटल मालिक से फोन पर बात किया और पूछा कि आपने मेरे लड़के अंकित शर्मा को क्यों मारा। इस पर होटल के मालिक संजय ने जवाब दिया कि उसने गलती से बिल पर एक पानी की बॉटल का पैसा और जोड़वा दिया था, जिससे मुझे गुस्सा आ गया और मैं तुम्हारे लड़के की वजह से अपने रेस्टोरेंट का नाम नहीं खराब करवांऊगा। धमकी देते हुए कहा कि रुको मैं अपना आदमी तुम्हारे पास भेजता हूं। इसी दौरान बटोही रेस्टोरेंट के मैनेजर समीर सिंह आए और पीड़ित से पुलिस वालों के सामने कहा कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित कर्मचारी ने बताया कि होटल मालिक के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। साथ ही आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत भेजी है। वहीं बटोही संचालक संजय गुप्ता का कहना है कि वेटर ने कस्टमर से अभद्रता की थी। सिर्फ डांटा है। आरोप पूरी तरह से गलत है। सदर कोतवाल राजेश सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### संविदा कर्मी ने सीएचसी में मचाया तांडव

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नव पुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव निवासी राजकुमार पुत्र बसंत लाल (29) जो की विद्युत विभाग बछरावां मे संविदा कर्मचारी के पद पर तैनात है। बृहस्पतिवार की देर शाम उसने घर पर किसी बात से नाराज होकर नशे की हालत में अपनी पत्नी से विवाद किया है। उसके बाद किसी नशीले पदार्थ का सेवन किया। हालत बिगड़ती देख परिवारीजन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां उसने अस्पताल स्टाफ एवं डॉक्टर के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। गाड़र्स ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे चुरुवा चौकी प्रभारी राहुल सिंह चौहान एवं डायल 112 के पुलिस कर्मियों ने युवक को समझाने का प्रयास किया, परंतु उस युवक का अभद्र भाषा का प्रयोग एवं तांडव जारी रहा। इसके बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### रंगोली में खुशनुमा बानो रहीं समूह अव्वल



ऊंचाहार के गवर्मेंट पीजी कालेज में रंगोली बनाती छात्राएं। अमृत विचार

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। शुक्रवार को नगर के गवर्मेंट पीजी कालेज में छात्राओं के मध्य रंगोली प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने अपनी कल्पना के रंगों को जमीन पर ऐसे उतारा की पूरी धरा सप्तरंगी हो गई। इस मौके पर छात्राओं को पुरस्कृत करके उनका उत्साह वर्धन किया गया।

नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. (डा) अर्चना की अध्यक्षता में सांस्कृतिक परिषद के अन्तर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न छात्राओं के ग्रुपों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों में भरा और उसे जमीन पर जब उतारा तो आसमान की सप्तरंगी छटा धरा पर नजर आई। छात्राओं ने अपनी कला के ऐसे ऐसे हुनर दिखाए कि कॉलेज में मौजूद प्राध्यापक और अभिभावक तारीफ करने को मजबूर हो गए। इस प्रतियोगिता में खुशनुमा बानो समूह ने प्रथम स्थान, अर्शला बानो समूह और अनामिका सिंह समूह ने द्वितीय स्थान, अनामिका समूह, फिजा खातून समूह, आर्या समूह और मुस्कान समूह ने तृतीय स्थान, अन्नू सोनी समूह, भानुजा त्रिपाठी समूह, सोनम समूह, रुसी समूह और शहबाज आलम समूह ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. सुषमा, डा. लेखा मिर्जा, डा. गौतम गुप्ता, डा. बालेन्द्र सिंह यादव, डा. सुमन, डा. दीक्षा शर्मा उपस्थित रहे। संचालन सांस्कृतिक परिषद प्रभारी डा. अनुपमा ने किया।

# राष्ट्रीय स्तर पर चौथी रैंक लाने पर मान सिंह का सम्मान

संवाददाता, रायबरेली



भारतीय जीवन बीमा निगम में आयोजित समारोह में सम्मानित किये गये लोग।

अमृत विचार। भारतीय जीवन बीमा निगम रायबरेली में मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मान बहादुर सिंह को सम्मानित किया गया। उन्होंने दो हजार पॉलिसी पूर्ण करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चौथे नम्बर रैंकिंग हासिल की है। सहायक शाखा प्रबंधक एवं नोडल ऑफिसर्स सीएलआईए रमेश चन्द्र, सहायक शाखा प्रबंधक यज्ञ नारायण शुक्ला ने मान बहादुर सिंह को सम्मानित किया


सहायक शाखा प्रबंधक रमेश चन्द्र ने बताया कि रायबरेली जनपद में अपने कार्य और विश्वनीयता से मॉन बहादुर सिंह निरंतर कई वर्ष से सम्पूर्ण भारत मे टॉप 5 में स्थान रखकर रायबरेली का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। मान बहादुर सिंह के सुपरवाइज अभिकर्ता एमडीआरटी अध्यक्ष क्लब सदस्य सुरेश कुमार निषाद, शिव, सोनिया, अनुपमा त्रिवेदी, दिनेश कुमार दुबे, अरविंद कुमार सिंह, राज सविता, दसरथ यादव, सर्वेश कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार तिवारी, सतीश कुमार गुप्ता, नीतू देवी, श्रीकृष्ण, अमरेंद्र बहादुर यादव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, देवेंद्र बहादुर सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, श्रीचन्द्र शर्मा, संगीता यादव, अभिषेक कुमार यादव, शिल्पी मौर्या, नीशा यादव आदि को वित्तीय वर्ष 2024-25 में शानदार नव व्यवसाय के लिए सम्मानित किया गया।

सहायक शाखा प्रबंधक ने कहा कि इस टीम के विकास में इनके सहयोग से सैकड़ो लोगो को रोजगार दिया। सहायक शाखा प्रबंधक यज्ञ नारायण शुक्ला ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम एक अक्टूबर को कई लाभकारी प्लान लांच किए, जिसमें बीमाधारकों को फायदा के साथ साथ सुरक्षा का भी पूरा ध्यान दिया गया है। सभी अभिकर्ता नए प्लान की जानकारी जन जन तक पहुचाए, ताकि कोई बीमा और लाभ से वंचित न रहे। इस मौके पर राम जी वैश्य, मनोज तिवारी, राम सिंह, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

**धर्म-कर्म** कुटी में दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं श्रद्धालु

# सत्यनामी कुटी बनी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केन्द्र

अंगद राही, शिवगढ़, रायबरेली



मेहरबान खेड़ा मजरे गूढ़ा में स्थित सत्यनामी कुटी।



तेज किशुन दास।

अमृत विचार। क्षेत्र के मेहरबान खेड़ा मजरे गूढ़ा स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी साहब ठाकुर दास महराज की सत्यनामी पावन तपोस्थली श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केन्द्र बनी हुई है। वर्तमान गद्दीधर साहब तेज किशुनदास महराज को अपना अराध्यगुरु मानकर उनसे राम-राम सुनकर सत्यमार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। हर साल माघ मास की सप्तमी को जगजीवन दास साहब का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। साहब ठाकुर दास जी महराज की पावन कुटी के छठवे गद्दीधर बाल ब्रह्मचारी तेज किशुनदास महराज बताते हैं कि करीब दो सौ वर्ष पूर्व पाटमऊ जनपद बाराबंकी के रहने वाले बाल ब्रह्मचारी साहब ठाकुर दास महराज अपने शिष्य रेवती दास, सेवक आत्मादास के साथ गूढ़ा एक शादी समारोह में आए थे। शादी समारोह में जनातियों और बारातियों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई कि खाना तो छोड़ दीजिए नाश्ता तक कम पड़ गया था। कन्या के पिता ने जब अपनी व्यथा ठाकुर दास महराज से बताई तो वे भण्डार गृह में गये और सभी व्यंजनों पर चादर ढकवा दी। जिसके बाद भोजन परोसने वाले चादर के नीचे से भोजन निकाल कर परोसते रहे। अन्ततः सभी को भरपेट भोजन कराने के बाद भी व्यंजन वैसे के वैसे रखे रहे। अपनी आंखों से यह आश्चर्य देख एक जमींदार ने उनसे अपने घर की व्यथा बताई, जिनके आशीर्वाद से उनके सारे संकट दूर हो गए। जिसके बाद जमींदार ने प्रसन्न होकर कुटी के लिए 12 बीघे जमीन दी और कुटी बनाने का आग्रह किया।

### स्थापत्य कला का बेजोड़ नमूना है यह कुटी

लखौरी ईंट से बनी इस गुंबदनुमा तपोस्थली को बनाने में 12 वर्ष का समय लगा था, जिसकी नीव 15 फुट गहरी बताई जा रही है। जिसके पास ही बनी दो अन्य तपोस्थली जीर्ण-शीर्ण हो चुकी हैं जिनके कायाकल्प की आवश्यकता है।



क्षेत्रीय विधायक श्याम सुन्दर भारती का कहना है कि ठाकुरदास महराज की यह पावन तपोस्थली क्षेत्र की सबसे पुरानी सत्यनामी कुटी है, जहां आने से मन को सुखद आनन्द की प्राप्ति होती है।



गीता धर्मार्थ चिकित्सालय के संरक्षण डॉ. बलदेव वर्मा बताते हैं कि कुटी में ठाकुर दास महराज के साथ ही गद्दीधर रेवती दास, बच्चूदास, नन्हेदास, महावीर दास सभी बाल ब्रह्मचारी थे।



गूढ़ा निवासी आदर्श वर्मा का कहना है कि कुटी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है, जहां सच्चे मन से आने से मन की हर मुराद पूरी हो जाती है।



गूढ़ा प्रधान प्रतिनिधि अंकित वर्मा बताते हैं कि साल के बारह मास कुटी में दूर-दूर से साधु, संत, महात्मा श्रद्धालु आते रहते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PRG-WRL-106-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3688/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# होटल ओम क्लार्क में लगी आग, लाखों का सामान राख

## आग लगते ही मचगयी भगदड़, आग बुझाने को एक घंटे तक जूझते रहे दमकल कर्मी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिले के नामचीन होटल ओम क्लार्क इन में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक फर्स्ट फ्लोर के किचन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया। सेकेंड फ्लोर पर बने होटल में ठहरे लोगों को इसकी भनक लगी तो उनके होश उड़ गए। भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों को करीब एक घंटे तक आग बुझाने में जूझना पड़ा। गनीमत यह रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

शहर के झलकारी बाई चौराहा निकट लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर ओम क्लार्क इन होटल है। इसी बिल्डिंग में एक ज्वेलरी शोरूम, जबकि बगल में ही बाइक की एजेंसी है। प्रथम तल पर रेस्टोरेंट संचालित है। वहीं द्वितीय तल पर होटल बना हुआ है। सुबह अचानक रेस्टोरेंट के किचन में आग लग गई। देखते ही देखते पूरे किचन को अपने आगोश में ले लिया। आग की लपटे देख कर्मचारियों के होश उड़ गए। वहीं सुबह के समय कमरों ठहरे लोग भी भयभीत हो गए। आग की जानकारी मिलते ही भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हाल यह रहा कि जो जिस पोशाक में था उसी तरह भागने लगा। इसमें कई महिलाएं और बच्चे भी थे। जैसे तैसे सीढ़ियों से सभी बाहर निकले। सूचना मिलते ही शहर कोतवाल राजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों की मदद से आग बुझाने लगे। आग इतनी भयावह थी कि बुझाने में कर्मचारियों को करीब एक घंटे का समय लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दमकलकर्मियों की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू कर लिया गया नहीं तो बड़ी घटना होने से इन्कार नहीं किया जा सकता था।


लखनऊ-प्रयागराज हाइवे पर स्थित होटल ओम क्लार्क में लगी आग।


होटल में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी। अमृत विचार

> रेस्टोरेंट के किचन में लगे एग्जास्ट फैन में कुछ गड़बड़ी आ गई थी। इस वजह से आग लग गई थी। कोई जनहानि नहीं हुई है। किचन का कुछ सामान जल गया है।
> –विवेक शर्मा, मैनेजर ओम क्लार्क इन

> सुबह होटल ओम क्लार्क इन में आग लगने की जानकारी हुई थी। मौके पर पहुंचकर दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। अब स्थिति सामान्य है।
> –राजेश सिंह, सदर कोतवाल

### समय रहते बुझ गई आग, नहीं तो हो सकता था बड़ा हादसा

इसी इमारत में एक नामचीन ब्रांड की ज्वेलरी और बाइक शोरूम भी है। उसी के ऊपर रेस्टोरेंट में आग लग गई थी। धुएं के गुबार को देखकर लोगों के होश उड़ गए। जानकारी पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड की दो-दो गाड़ियां आग बुझाने पहुंच गई थी। यदि समय रहते काबू ना पाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### आग लग गई है सभी लोग भागो

होटल में कई परिवार भी ठहरे हुए थे। पहले तो कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। विकराल रूप लेते ही भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। दिल्ली के रहने वाले सुजीत पांडे ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ दूसरी मंजिल के कमरा नंबर 305 में रुके थे। सुबह वह नहा रहे थे तो अचानक लाइट चली गई। इतने में मुझे कुछ गंध आई तो उनके दोस्त ने कहा कि रूम में धुआं आ रहा है। पता चला कि होटल में आग लगी है। वह अपनी बच्ची, वाइफ व भाई को लेकर किसी तरह बाहर निकले। होटल वालों ने फायर सेफ्टी को लेकर किसी भी प्रकार के इंतजाम नहीं किए हुए थे। यहां पर न ही कोई स्टाफ था और न ही कोई सिक्योरिटी अलार्म बजा। किसी तरह हमने अपनी जान बचाई।

# हाईवे पर बिना एनओसी के संचालित है ओम क्लार्क इन

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** लखनऊ के होटल में आग की घटना के बाद भी जिले के जिम्मेदार नहीं चेत रहे हैं। शुक्रवार को होटल ओम क्लार्क इन में आग लगी तो अफसरों के गैरजिम्मेदार रवैया भी सामने आ गया। इस होटल को अग्निशमन विभाग से एनओसी तक नहीं है। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि लखनऊ में हुई घटना के बाद अग्निशमन विभाग ने बकायदा अभियान भी चलाया था। एक-एक होटल और रेस्टोरेंटों के जांच का दावा भी किया। इसके बावजूद यह होटल बिना एनओसी संचालित होता रहा लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर स्थित इस होटल संचालक की मजबूत पकड़ ही है कि कई सालों से बिना एनओसी संचालित है। इतना ही नहीं इस पर होटल पर आरडीए के अफसर भी खूब मेहरबान है। वजह, बिल्डिंग के मानकों की कौन कहे होटल, रेस्टोरेंट, बाइक और ज्वेलरी शोरूम होने के बावजूद पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। शाम होते ही हाईवे के किनारे वाहनों की लंबी कतार कभी भी देखी जा सकती है। हाईफाई सुविधाओं से परिपूर्ण इस होटल में अफसरों तक का आना-जाना रहता है। शायद यही वजह है कि आज तक इस पर कार्रवाई तो हुई लेकिन सिर्फ कागजों पर। हालांकि एनओसी के बाबत जब होटल मैनेजर विवेक शर्मा से पूछा गया तो उन्होंने बड़ी बेबाकी से जवाब दिया कि अग्निशमन विभाग में एनओसी के लिए आवेदन किया गया है। उनके जवाब से ही स्पष्ट है कि विभागीय जिम्मेदार कितने उदासीन है।

> होटल द्वारा अभी तक एनओसी नहीं लिया गया है। शनिवार से जिले के सभी होटल और रेस्टोरेंट में अभियान चलाकर सुरक्षा के मानकों को देखा जाएगा।
> –सुनील कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, रायबरेली

> होटल काफी पुराना है। प्राधिकरण से मानचित्र के संबंध में जानकारी नहीं है। जांच के बाद ही हकीकत का पता चल सकेगा।
> –एम. अहमद, एक्सईएन रायबरेली विकास प्राधिकरण

# साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** बैसवारा डिग्री कॉलेज एवं कंप्यूटर डॉट नेट लालगंज के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को साइबर क्राइम पर महाविद्यालय के लेक्चर थिएटर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत मोबाइल फ़ोन, कंप्यूटर, वाई-फाई तथा इंटरनेट से हो रहे अपराधों से सम्बंधित जानकारी छात्रों को दी गयी। परिचर्चा में कंप्यूटर डॉट नेट की ओर से आए एक्सपर्ट ने बताया की सार्वजनिक वाई फाई के प्रयोग से किसी भी व्यक्ति का संवेदनशील डाटा, वित्तीय डाटा तथा निजता पर सदैव खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया की मोबाइल फ़ोन से उत्सर्जित होने वाले विकिरण से बचने के लिए हमें सदैव अपने फोनन को डेढ़ मीटर से अधिक की दूरी पर रखकर ही सोना चाहिए।

महविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम ना केवल छात्रों के लिए आवश्यक हैं बल्कि बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत सभी के लिए आवश्यक हैं। भूगोल विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बीरेंद्र कुमार यादव, प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. रमेश चंद्र यादव, डॉ. संजीव कुमार डॉ. नवीन विश्वकर्मा, प्रोफेसर निरंजन राय, प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ. संजीत सिंह चौहान, डॉ. सत्येंद्र सिंह, अंजू सिंह, सुरेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


साइबर क्राइम पर आयोजित गोष्ठी में भाग लेते लोग। अमृत विचार

# दो बाइकों की टक्कर में युवक घायल

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के झाम सिंह के पुरवा के पास दो बाइको में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक घायल हो गया। शुक्रवार को अपनी बाइक से जा रहे आकाश सिंह पूरे नरइन झाम सिंह के पुरवा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गये, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सीएचसी के डॉ. लाइक अहमद ने बताया कि युवक की हालत काफी गंभीर थी, जिसे जिला चिकित्सालय भेजा गया है।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। अज्ञात डंफर की जोरदार टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में मातम छा गया।


पवन कुमार।

बीती रात पूरे राना भीरा गोविंदपुर लालगंज निवासी पवन कुमार पुत्र सुखई अपनी मोटर साइकिल से डलमऊ क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहा था। तभी घुरवारा पुलिस चौकी के सामने एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने युवक को लोडर से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना करने वाले ट्रक की जानकारी के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### गंगोत्री पैरामेडिकल में निःशुल्क शिविर आयोजित


गंगोत्री पैरामेडिकल में आयोजित शिविर में मौजूद डॉक्टरों की टीम।

**रायबरेली, अमृत विचार।** गंगोत्री इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड स्किल डेवलपमेंट में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया। जिनका मेदांता लखनऊ के चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। इस मौके पर आयुष द्विवेदी, संरक्षक डॉ. शक्तिधर वाजपेई, प्रभात मिश्रा, सुनील द्विवेदी, सभासद पुष्पा यादव, क्षमा शुक्ला, अंजली शर्मा, प्राची मिश्रा, विमलेश सोनकर, अरविंद बाजपेई एवं गंगोत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** अपनी भाभी के अंतिम संस्कार में जा रहे बाइक सवार युवक को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यह हादसा चणरई गोकना मार्ग पर हुआ है। सलोन कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अमर बहादुर यादव की भाभी का गुरुवार को निधन हो गया था। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर होना था। इस अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए अमर बहादुर बाइक से गोकना गंगा घाट जा रहे थे, तभी रास्ते में एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। उन्होंने वाहन चालक के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है।

### अवैध कब्जे को लेकर धरने पर बैठा पीड़ित

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में कब्रिस्तान की बेस कीमती जमीन पर जबरन कब्जा करने निर्माण करने और शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई न होने के कारण शिकायतकर्ता शुक्रवार से तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। उसका कहना है कि न्याय मिलने तक वह धरने पर बैठा रहेगा। मामला नगर के बस स्टेशन के पास कब्रिस्तान का है। क्षेत्र के खरउवा कुआं मोहल्ला निवासी इंद्रेश कुमार का कहना है कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान दर्ज है। इस जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा करके जबरन भवन निर्माण कर लिया है। इस निर्माण की शिकायत नगर निकाय और राजस्व विभाग को की गई थी। इसके बावजूद दोनों विभागों ने निर्माण कार्य नहीं रुकवाया और पूरा भवन बनकर खड़ा हो गया है। उसका कहना है कि राजस्व विभाग और स्थानीय निकाय के अधिकारियों की मिलीभगत से सुरक्षित जमीन पर कब्जा किया गया है। इस मामले को लेकर वह शुक्रवार को तहसील मुख्यालय में गांधी प्रतिमा के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। उसका कहना है कि इस प्रकरण में कार्रवाई होने तक वह धरने पर बैठा रहेगा। उधर एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी का कहना है कि मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लाठियों से पीटकर महिला को भगाया, मुकदमा दर्ज

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** दहेज में नकदी की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट की गई। गम्भीर अवस्था में विवाहिता को सीएचसी में भर्ती कराया गया। आरोप है कि जान से मारने की नियत से लाठी डंडो से पिटाई की गई। इसके बाद घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। तहरीर के मुताबिक विवाहिता वन्दना पुत्री सूर्यपाल दुबे निवासी ग्राम रामपुर कसिहा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नुरूद्दीनपुर निवासी सतीश मिश्रा पुत्र घनश्याम मिश्रा के साथ तीन वर्ष उसकी शादी हुई थीं। विवाह के बाद से उपरोक्त विपक्षी प्रार्थिनी को दो लाख रूपये दहेज मायके से लाने का दबाव बनाने लगे। विवाहिता के मुताबिक असमर्थता जताने पर पति सतीश, ससुर घनश्याम, सास गायत्री, देवर लवकेश उसे मारने पीटने लगते थे। विवाहिता ने बताया कि जब इस घटना के बारे में मायके में बताया तो कुछ समय बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा कहकर परिवारिक जन उसे ही समझाते रहते थे। 27 नवम्बर की रात लगभग 11 बजे विपक्षीगण एक राय होकर विवाहिता को गन्दी गन्दी गालिया देने लगे प्रार्थिनी द्वारा विरोध करने पर लात घूसा व लाठी डंडो से पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने उनकी पुत्री को इतना मारापीटा है कि बेटी की जान पर बन आई है। इसके बाद उसे घर से भी भगा दिया है। विवाहिता को इलाज के सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विवाहिता की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवक से दरोगा का बदसलूकी का वीडियो वायरल, निलंबित

**सलोन, रायबरेली, अमृत विचार।** सलोन सर्किल के डीह थाने पर तैनात उप निरीक्षक की युवक से बदसलूकी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने दरोगा को निलंबित कर दिया है। डलमऊ में रिटायर्ड सेना कर्मी को थर्ड डिग्री देने के मामले में सुर्खियों में आये विवादित दरोगा हिमांशु मालिक के एक और कारनामे से पुलिस महकमे की किरकिरी हुई है।

जानकारी के मुताबिक डीह थाना क्षेत्र के इमली चौराहे के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत के दौरान एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे सीएचसी डीह में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी मिलने पर उप निरीक्षक हिमांशु मलिक घटनास्थल पर पहुच गये। इसके बाद घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान गुस्साए उप निरीक्षक हिमांशु मलिक ने मौके पर मौजूद युवक से बदसलूकी शुरू कर डाली। वही मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वही दरोगा के कृत्य की वीडियो वायरल होने के बाद मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने उप निरीक्षक हिमांशु मलिक को निलंबित कर दिया है।

# एम्स के डॉक्टरों ने मरीज को में दिया नया जीवन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज के चिकित्सकों ने शहर के ही 17 वर्षीय बीटेक के छात्र को नया जीवन प्रदान किया। लीवर फेल होने पर उसे गंभीर हालत ने एम्स लाया गया। चिकित्सकों ने प्लाज्मा देकर मरीज को नया जीवन देने में सफल रहे। घर जाते समय रोगी के परिजनों ने डॉक्टर की पूरी टीम को धन्यवाद दिया। रोगी बीटेक का छात्र है। स्वस्थ होने के बाद चिकित्सकों से प्रेरणा लेते हुए डाक्टर बनने की बात कही। डॉक्टर की पूरी टीम ने छात्र को घर भेजते हुए बधाई दी। प्रो डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले युवक को यहां पर भर्ती किया गया था। लिवर में इन्फेक्शन धीरे धीरे पूरे शरीर मे फैलने लगा था। जिसका असर किडनी व फेफड़ा पर भी पड़ने लगा था। ऐसे में मरीज की हालत दिन प्रतिदिन बिगड़ रही थी। मेडिसिन विभाग व ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की मदद से ठीक किया गया। मरीज को ठीक करने के लिए ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के डाक्टर की मदद से उच्च मात्रा प्लाज्मा के तीन चक्रों के साथ प्रबंधित अदला-बदली के बाद लाभ पहुंचाया गया। मरीज को आठ दिन हास्पिटल मे रखा गया। इस दौरान मरीज का विशेष ख्याल रखते हुए डाक्टर की टीम ने पूरी तन्मयता के साथ इलाज कर नया जीवन देने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि मरीज़ पूर्ण रूप से स्वस्थ है।



अधीक्षक प्रो डा नीरज श्रीवास्तव ने डाक्टर की पूरी टीम को बधाई देते कहा कि निदेशक प्रो डा अरविंद राजवंशी के नेतृत्व व देखरेख मे यह सब सम्भव हो पा रहा है। मरीजो का पूरा ख्याल रखा जाता है।

# संघर्षपूर्ण मुकाबले में शारदा स्पोर्ट्स क्लब बी 3 रन से जीता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी पर्व पर जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले में शारदा स्पोर्टस क्लब ने तीन रन से जीत हासिल की।

प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन में फाइनल मैच श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली और श्री शारदा स्पोर्ट्स क्लब रायबरेली बी के मध्य खेला गया, जिसमें कि श्री शारदा स्पोर्टस क्लब रायबरेली बी 03 रनों से विजेता रही। प्रतियोगिता में ईशिता पटेल, निहारिका यादव, अनामिका शुक्ल, अश्वनी चन्द्रा, धनन्जय सिंह, आशीष कुमार त्रिपाठी, सिविल रावत, कुलदीप कुमार, राजेश सिंह, करनवीर सिंह आदि ने अहम भूमिका निभाई। इससे पहले प्रतियोगिता के मैच का उद्घाटन धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा किया गया। इस मौके पर बाबूलाल, मन्जू, नरेश कुमार निषाद, अश्वनी चन्द्रा, शोएब खान आदि मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि, मौजूद क्रिकेट खिलाड़ी।

# बाबा लाठी ने राजस्थान के जल्लाद पहलवान को दी पटखनी

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन क्षेत्र के ख्वाजापुर गांव में आयोजित हो रहे कुश्ती कार्यक्रम में अयोध्या के पहलवान बाबा लाठी ने राजस्थान के जल्लाद पहलवान को अखाड़े में कई पटखनी दी तो दर्शकों ने दांतो तले उंगलियां दबा ली। अंत मे बांदा के फाजिल गनी ने नेपाल के शंकर पहलवान को हराकर दंगल केशरी का खिताब जीता है। ख्वजापुर ग्राम सभा के प्रधान सरवर शेख प्रतिवर्ष रोशन बाबा बस्ती बाबा की याद में विशाल मेले और दंगल का आयोजन करवाते है। शुक्रवार को भी मेले में कुश्ती आयोजित कराई गई, जिसमें एक हजार रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक की कुश्ती में विजेता रकम रखी गई थी। दंगल प्रतियोगिता में सबसे पहले कुश्ती में दिल्ली के अशोक को अयोध्या के महंत संजय दास ने हरा दिया। वही राजू पहलवान ने राजवीर को, मनोज ने सुरेंद्र को मनजीत ने बग्गा को चित कर हजारों रुपये की राशि पर कब्जा किया। जबकि फैसल ने थापा शंकर को रामू ने सुरेंद्र को कई राउंड पटखनी देकर लोगो की तालिया बटोरी। इसमें फाजिल गनी ने इक्कीस हजार रुपये की इनामी रकम जीतकर दंगल केसरी का खिताब जीता। इस मौके पर मोहम्मद शौकत, सुल्ताना, नायब अहमद, काली घटा, मोहम्मद अकमल, अरसद, शब्बीर अहमद आदि लोग मौजूद रहे।


दंगल में जोर आजमाइश करते पहलवान।


कार्यक्रम

चिन्मय मिशन के प्रमुख स्वामी स्वरूपानंद महराज ने कक्षा 11 व 12 के बच्चो को जीवन जीने की कला सिखाई

# किसी की शंका पर क्रोधित होना कायरता : स्वामी स्वरूपानंद

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रभु राम रावण के बीच युद्ध के मैदान में विभीषण द्वारा व्यक्त की गई आशंका का समाधान करते हुए भगवान राम कहते हैं कि "सुनहु सखा कह कृपानिधाना। जेहिं जय होइ सो स्यंदन आना। युद्ध के समय ऐसी शंका को अपनी आलोचना समझकर कोई क्रोध में भी आ सकता है। परन्तु भगवान राम हमें सिखाते हैं कि ऐसे वचन सुनकर विचलित नहीं होना चाहिए। यह कायर की पहचान है। यह विचार चिन्मय मिशन के प्रमुख स्वामी स्वरूपानंद महराज ने विभीषण गीता के तीसरे दिन व्यक्त किए।


अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख स्वामी स्वरूपानंद।

उन्होंने बताया कि विभीषण को कृपानिधान भगवान राम मुस्कराते हुए कहते हैं, 'सुनो मित्र! जिस रथ से विजय होती है, वह रथ ऐसा होता है.. 'ऐसा कहकर भगवान राम ऐसे अद्वितीय रथ का वर्णन करते हैं, जिससे हम संसार रुपी इस रणभूमि में निरंतर चलने वाले राम-रावण के महासंग्राम में विजय प्राप्त कर सकते हैं। निरंतर इन विषमताओं के गड्ढों से टकराते हुए भी चलते जाना धैर्य से संभव है। इन दोनों के बीच रथ के पहियों की तरह संतुलन भी आवश्यक है, जितना अधिक शौर्य वाला पथ आप चुनेंगे, उतना ही धैर्य भी आपको रखना होगा। इससे पूर्व प्रातः कालीन कार्यक्रम में स्वामी स्वरूपानंद ने कक्षा 11 व 12 के बच्चो को जीवन जीने की कला सिखाई।


एनटीपीसी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार स्वामी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव और महासचिव रवींद्र कुशवाहा ने स्वामी स्वरूपानंद का सम्मान किया। इस अवसर पर एनटीपीसी कर्मचारी यूनियन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में चार साल की मानुषी झा ने जब भागवत गीता के बारहवें अध्याय का वाचन मंच से किया तो पूरे श्रोता आश्चर्य से भर गए।

# मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के खजूर गांव में गंगा की रेती में खेती करने के उठे विवाद में परिवार में ही फौजदारी हो गई। दोनों पक्ष से जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें एक पक्ष की गायत्री सोनकर, सोनम सोनकर और सौरभ सोनकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से राजबहादुर सोनकर को चोट आई है। मामले मे पुलिस ने सोनम की शिकायत पर राज बहादुर, वीरेंद्र, अमर और आतिश सोनकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से राजबहादुर की तहरीर पर गायत्री, सोनम देवी और अन्य के खिलाफ ममता दर्ज हुआ है। चारों घायलों का पुलिस ने लालगंज सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया, जहां हालत गंभीर देखते हुए रायबरेली रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट हुई है। दोनों पक्षों का मामला पंजीकृत है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई-निविदा एकल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण–चतुर्थ/उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधीन चारबाग रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप के अन्दर ई.एल.पी.ओ.एच. शॉप में ओवरहॉलिंग सुविधा के लिए स्टील रूफ ट्रस शेड, बिल्डिंग, रोड नाली एवं जल निकासी सुविधा का निर्माण तथा अन्य विविध सिविल कार्य। |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 07 (सात) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 480.10 लाख |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 3,90,100.00 |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख :** निविदाएँ दिनांक 26.12.2024 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 26.12.2024 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र :** विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 04.12.2024 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 12.12.2024 से 26.12.2024 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

**सं.: 73-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-चतुर्थ/लखनऊ दिनांक: 28.11.2024 3678/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला अधेड़ का शव

**पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना पूरा कलन्दर क्षेत्र के मधुपुर गांव स्थित खेत में शुक्रवार को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पूराकलंदर पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार की कोई चोट नहीं दिखाई दी है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण पता चलेगा।

### बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित की भविष्य की योजना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट सोलर सिटी को लेकर विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपने नवीन आविष्कारों से लोगों को प्रभावित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के 28 विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में सोलर ट्रैक्टर का मॉडल सराहनीय रहा। प्रदर्शनी में प्रस्तुत कमरे में लगे सीसीटी कैमरे में एंट्री एण्ड एग्जिट प्वांइट सेंसर लगाने का विचार वाला मॉडल चर्चा में रहा। इसमें प्रदर्शित किया गया कि जो व्यक्ति कमरे में प्रवेश करेगा उसके बाहर निकलने पर सेंसर अलर्ट भी करेगा जिससे आने वाले के जाने के बारे में पता चल सकेगा। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रिक कार वायरलेस चार्जर का मॉडल प्रशंसनीय रहा।

# सात बातें अपना लें तो कभी छू नहीं सकेगी बीमारी

## 10वीं अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन में बोले विशेषज्ञ, मेडिकल कॉलेज में लगी चिकित्सकों की पाठशाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में शुक्रवार से 10वीं अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन-2024 कांफ्रेंस शुरू हुई। तीन दिवसीय कांफ्रेंस के पहले दिन मल्टीपर्पज हॉल में चिकित्सकों की पाठशाला लगी। इस दौरान मेडिसिन के विशेषज्ञों ने साफ कहा कि दवा से ज्यादा महत्वपूर्ण दिनचर्या होती है। हर कोई अगर सात बातें जीवन में उतार लें तो बीमारी नहीं पकड़ेगी। पहले दिन शाम छह बजे तक नौ सेशन चले। इस दौरान बारी-बारी से मंच पर विशेषज्ञों ने अपनी बातों को रखा और चिकित्सकों की जिज्ञासाओं को शांत किया। सभी ने मोबाइल का अधिक प्रयोग हानिकारक बताया। मुख्य कार्यक्रम शनिवार को होगा।

आयोजन सचिव डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि पद्मश्री डॉ. एसएन शंखवार व डॉ. शशांक जोशी ने भी अपनी बातों को रखा। शनिवार को सभी सेशन महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद वर्मा, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. डीके सिंह, डॉ.मनीष वर्मा समेत जिले के भी कई बड़े चिकित्सक मौजूद रहे।



कार्यक्रम में पहुंचने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। कांफ्रेंस में मौजूद मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, डॉ नर सिंह वर्मा, मेडिसिन विभाग के डॉ. अरविंद, आयोजन सचिव व एसोसिएट प्रो. डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. अफरोज खान व अन्य।


कांफ्रेंस को संबोधित करते चिकित्सक।

### सन लाइट में करें काम, रात में आराम

लखनऊ से आये डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि लोगों को सन लाइट में ही काम करना चाहिए। रात को दिन न बनाएं। मोबाइल फ़ोन से दूरी बनाकर रखें। बायोलॉजिकल क्लॉक के मुताबिक शाम के समय व्यायाम जरूर करना चाहिए, लेकिन शुगर रोगी नहीं। उन्होंने दोहराया कि प्रकृति के नियमों से छेड़छाड़ करने वाले अक्सर डायबिटीज, ब्लडप्रेशर समेत गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।

### रात में नींद न आने का कारण गले तक खाना : डॉ. नरसिंह

क्रोनोमेडिसिन के जनक कहे जाने वाले चिकित्सक डॉ. नरसिंह वर्मा ने कहा कि लोग बताते हैं की डॉक्टर साहब रात में नींद नहीं आती है। रात में नींद न आने का कारण गले तक खाना खा लेना है। उन्होंने बताया कि आज कल तो डॉक्टर्स की सीएमई भी रात में ही होती है। आठ बजे शुरू होती है। 11 बजे खत्म होती है। उसके बाद वे खाना खाते हैं। यह बहुत गलत है। शाम को सात बजे से पहले भोजन कर लेना चाहिए। लोगों को सूरज के साथ ही उठना और सोना चाहिए। रात जागने वाला दिन भर सोए तो भी नींद नहीं पूरी होगी। प्रकृति से खिलवाड़ न करें, जो समय जिसका हो उसी को दें। दिनचर्या से खिलवाड़ करने वाले ही बीमार हो रहे हैं। मेरी सात बातें कोई गांठ बांध ले तो वह यह समझ ले कभी बीमार नहीं होगा। डॉक्टरों की दुकानें बंद हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि रात में सोते वक्त मोबाइल का नहीं बल्कि किताबों का उपयोग करें। पढ़ाई करें। ठीक उसी तरह जैसे पांच साल का बच्चा किताब खोलते ही सो जाता है ठीक उसी तरह नींद आ जायेगी। लोग रात भर सोचते हैं कल खूब कमाना है। गहने खरीदने हैं। बैंक में जमा करना है। यह सब बिल्कुल न करें बल्कि चैन की नींद सोये और यह सोचें अगली सुबह मुझे नया जीवन शुरू करना है।

### यह सात बातें नहीं होने देंगी डायबिटीज व रक्तचाप की बीमारी

- **शाम 7 बजे से पहले भोजन।**
- **धीरे-धीरे खाना। 32 दांत, 32 बार चबाना।**
- **बैठ के खाओ।**
- **खाते वक्त पानी न पीएं।**
- **जितनी भूख उसका आधा खाएं।**
- **आठ घंटे की अच्छी नींद।**
- **तनाव मुक्त जीवन।**

### मेहनत न करें तो मांस खाना बहुत नुकसानदायकः डॉ. अनुज

अमेरिका कॉलेज ऑफ फिजिशियन के भारत में गवर्नर डॉ. अनुज माहेश्वरी योगा, सरकेडियम रिदम विषय पर बोलने पहुंचे थे। क्रोनोमेडिसिन कांफ्रेंस से इतर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दिनचर्या में लोगों को योग जरूर शामिल करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ये दोनों ही पूरी नींद नहीं ले पाते, लेकिन योग जरूर करते हैं। यही कारण है वे फिट रहते हैं। आज के लोग दवा भी टाइम से नहीं खाते हैं। डॉक्टर सुबह, दोपहर व शाम की खुराक देंगे तो मरीज सुबह वाली खुराक दोपहर में, दोपहर वाली रात में और रात वाली अगले दिन सुबह खाता है। हर चीज का समय निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कल लोग मांस-मदिरा का सेवन अधिक करते हैं। यह बिल्कुल गलत है। पहले के समय मे जो लोग युद्ध लड़ने जाते थे उन्हें मांस खाने को दिया जाता था। चूंकि मेहनत करते थे। मिलिट्री पर्सन भी खाते हैं। वे भी मेहनत करते हैं, लेकिन आम लोग अत्यधिक खाने लगे हैं। मेहनत बिल्कुल नहीं करते। इसलिए वह नुकसान करता है। लोगों को व्हाइट मीट खाना चाहिए।

## दो बाइकों में टक्कर से भाजपा नेता की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार:** दर्शननगर-भरत कुंड मार्ग पर शुक्रवार को पूराकलंदर थाना क्षेत्र के इटौरा चौराहे के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें भाजपा नेता की मौत हो गई, जबकि उनकी पुत्री और दूसरी बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। दोनों घायलों को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के बढ़नपुर खोखवा सफीपुर निवासी भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार दूबे (47) पुत्र सत्यदेव दूबे शनिवार सुबह अपनी पुत्री शिखा दूबे (16) को चिकित्सक को दिखाने के लिए अपनी बाइक से लेकर मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर जा रहे थे। दर्शन नगर-भरतकुंड मार्ग पर वह पूराकलंदर थाना क्षेत्र में इटौरा चौराहे से थोड़ी दूर आगे बढ़े कि दर्शन नगर की ओर से आ रही एक बाइक से उनकी बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार राजकुमार दुबे व उनकी पुत्री शिखा तथा दूसरी बाइक पर सवार बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ही देवासिया पारा गांव निवासी विजय कपूर (24) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर पहुँचाया। जहां इलाज के दौरान राजकुमार दुबे की मौत हो गई।

# राम दरबार के साथ ही स्थापित होंगे पंचायतन मंदिरों में देवी-देवता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य 40 प्रतिशत हो चुका है। जनवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही मंदिर के परकोटा में निर्माणाधीन पंचायतन मंदिरों के शिखर का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा को स्थापित करने के दौरान इन मंदिरों में देवी-देवताओं को स्थापित कर दिया जाएगा।

70 एकड़ परिसर में संपूर्ण निर्माण कार्य अगले एक वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा। राम मंदिर में भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल के बाद शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ मंदिर की भव्यता और सुरक्षा को लेकर बन रहे 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गणेश, शिव, हनुमान जी, सूर्य माता भगवती और अन्नपूर्णा देवी के मंदिर का भवन बनकर तैयार हो गया है।


राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राम मंदिर के बीच चल रहा दर्शन-पूजन।

### परकोटे की मूर्तियां दिसम्बर में हो जाएंगी तैयार

मूर्तिकार सत्य नारायण पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि परकोटा में लगने वाले मूर्तियों को दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों के लिए भी मूर्तियों को तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शिखर निर्माण के साथ परकोटा के निर्माण का कार्य चल रहा है।

# राम मंदिर में अखंड ज्योति के लिए आया 200 किलो घी


राजस्थान से 200 किलो घी लेकर पहुंचे श्री श्री महर्षि सांदीपनि एवं चंपत राय को रामनामी पगड़ी पहना मिठाई भेंट करते महर्षि।

**जोधपुर से आया है 300 गोवंशों का घी, गुड़, मेवा और सोंठ से बनीं मिठाईयां भी रामलला को समर्पित**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला के गर्भगृह में जलने वाली अखंड ज्योति निरंतर जलती रहे इसके लिए राजस्थान के जोधपुर बंगाड़ा से 200 किलो घी शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किया गया है।

घी से भरे ड्रम लेकर आए महर्षि सांदीपनि ने बताया कि जोधपुर स्थित गोशाला में 350 गोवंशों के दूध से निकले घी, गुड़, मेवा की मिठाई भी राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को समर्पित किया है।

## अनियंत्रित बाइक की टक्कर से पिता-पुत्री घायल, दोनों रेफर

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचार :** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के उमापुर मोड़ पर अनियंत्रित बाइक की टक्कर से साइकिल सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। हादसे की सूचना पर एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना संग्रामपुर क्षेत्र के मल्लूपुर निवासी रामनाथ प्रजापति पुत्र पंचम प्रजापति उम्र 60 वर्ष अपनी पुत्री 16 वर्षीया रीता को लेकर साइकिल पर पीछे बिठाकर घर से लोहियानगर दवा के लिए जा रहे थे। रामनाथ ने अपनी साइकिल उमापुर मोड़ के पास लोहिया नगर की दिशा में घूमा ही रहे थे कि पीछे से तेज गति से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल ने जोर से टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से घायल पिता और पुत्री दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।


अस्पताल में भर्ती रामनाथ प्रजापति।

# ट्रक-स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन लोगों की मौत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** गौरीगंज थाना क्षेत्र में सुलतानपुर मार्ग पर ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद ट्रक मौके पर खड़ी कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार रात सुलतानपुर के करौदी कला से दसगरपारा बबुवान रवनिया से जयप्रकाश सिंह के पुत्र रजनीश सिंह की बारात गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के विशुनदासपुर गांव में विजय बहादुर सिंह के यहां आई थी। रात लगभग 11 बजे बारात में आई एक स्कार्पियो सात-आठ बारातियों को लेकर वापस सुलतानपुर लौट रही थी। इसी बीच जैसे ही स्कॉर्पियो सुलतानपुर रोड पर भारतीय स्टेट बैंक गौरीगंज के सामने पहुंचे ही थी, तभी स्कॉर्पियो ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तत्काल स्कॉर्पियो में सवार लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने नरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र कीरत सिंह 50 वर्ष, रूपक विश्वकर्मा पुत्र महन्त 28 वर्ष व अमृतेश सिंह पुत्र सुनील सिंह 20 को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रदीप सिंह पुत्र तेज सिंह 26, लक्ष्य प्रताप सिंह पुत्र दीप सिंह 14, देव पुत्र दीपक 13 व ऋषभ सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह 20 को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मामले में एएसपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि स्कार्पियो मालिक विष्णुकांत दुबे निवासी ग्राम पट्टी नरेन्द्रपुर थाना सरायतहा जिला जौनपुर की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दुर्घटना करने वाले ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।


अमृतेश व नरेंद्र प्रताप सिंह (फाइल फोटो)।


रूपक (फाइल फोटो)।

**अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज हादसे में चार लोग घायल**


हादसे के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### घायल अवस्था में मिले अधेड़ की हुई मौत

**जगदीशपुर, अमेठी :** थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी फोरलेन पर स्थित आरएल ढाबा के समीप एक अधेड़ को ग्रामीणों ने घायल अवस्था में पड़ा पाया तो हडकंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर मे भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव की शिनाख्त अब्दुल खालिक निवासी पूरे चितई थाना जामो जनपद अमेठी के रूप में की।

## सार-संक्षेप

### विवाद पर दुल्हन के बिना बैरंग लौटी बरात

**गौरीगंज, अमेठी अमृत विचार :** जिले में देर रात आई एक बरात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर घराती और बराती आमने-सामने हो गए, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया। काफी देर चले विवाद के बाद बराती बिना दुल्हन के ही वापस लौट गए। कन्या पक्ष की माने तो बरातियों में किसी बात को लेकर आपस में ही झगड़ा हुआ था जिसके बाद सभी बिना शादी के ही वापस चले गए। पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के संभावा गांव के इन्दई का पुरवा का है। जहां के रहने वाले नंदलाल कोरी की बेटी की शादी सूरज कोरी पुत्र राम अंजोर कोरी थानीपुर थाना उदयपुर जिला प्रतापगढ़ के साथ तय थी। देर रात वर पक्ष बरात लेकर पहुंचा जहां डीजे पर गाना बजाने को लेकर कुछ विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बराती बिना शादी किये ही वापस लौट गए। बरात के वापस जाने के बाद कन्या पक्ष में मायूसी छा गई। दुल्हन के पिता नंदलाल कोरी पुत्र जोगीराम ने बताया कि बराती जनवासे में किसी बात को लेकर आपस मे भीड़ गए थे, जिसके बाद कुछ युवकों में मारपीट हुई थी। घटना के बाद बराती बिना शादी के ही वापस लौट गए। हालांकि लड़के और उसके पिता से बात हुई है। वर-पक्ष फिर वापस आएगा जिसके बाद शादी होगी।

### पंचायत भवनों पर ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन


चौपाल में लोगों की शिकायत सुनते अधिकारी। अमृत विचार

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार :** ग्राम सभा में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान व सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन पंचायत भवन पर शुक्रवार के दिन किया जाता है। इसी क्रम में विकासखंड संग्रामपुर के ग्रामसभा शुकुलपुर पंचायत भवन और मिश्रौली बड़गांव के पंचायत भवन पर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल प्रभारी द्वारा जन शिकायत सुनी गईं और मौके पर ही कुछ शिकायतों का निस्तारण किया गया। खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर शिवपूजन भारतीय ने बताया कि आज संग्रामपुर क्षेत्र के ग्राम सभा मिश्रौली बड़गांव के पंचायत भवन में ग्राम विकास अधिकारी मिथिलेश यादव की देखरेख में पंचायत आयोजन किया गया था। वहीं शुकुलपुर पंचायत भवन पर ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र द्वारा जन शिकायत सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया।

### अधिकारी ने खाद-बीज की दुकानों का किया निरीक्षण


दुकान में निरीक्षण करतीं जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

**फुरसतगंज, अमेठी अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी अमेठी ने शुक्रवार को फुरसतगंज क्षेत्र में खुली खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने कई दुकानों से खाद-बीज के सैंपल भी लिये गए। जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को ब्लॉक बहादुरपुर के फुरसतगंज, नहर कोठी, तेंदुआ, ओदारी में कई खाद बीज की दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देकर कुछ लोगों के यहां से सैंपल भी लिये गए। उन्होंने बताया कि सैंपल की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को जनपद में 1325 मैट्रिक टन व 500 मैट्रिक टन एनपीके खाद रायबरेली रैक से प्राप्त हुई है। वहीं इफको डीएपी 2750 मैट्रिक टन दो दिनों में मिलने की सम्भवना है।

## सामूहिक विवाह समारोह में एक-दूजे के हुए 181 जोड़े


सामूहिक विवाह समारोह में बैठे वैवाहिक जोड़े। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को जनपद के यशोदा देवी बालिका इण्टर कालेज, भेटुआ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 181 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। इस दौरान वर-वधू पक्ष के लोगों ने नवदंपति को आर्शीवाद दिया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि शुक्रवार को विकास खण्डों में अमेठी, भेटुआ, भादर व संग्रामपुर में 181 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया, जिसमें 157 हिन्दू तथा 24 मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान की। इस अवसर पर ब्लॉक जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीसी मनरेगा शेर बहादुर, बीएसए संजय तिवारी, प्रमुख कल्लन देवी, भेटुआ ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल व अमेठी विधायक प्रतिनिधि अनिल प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में योजनाओं की दी जानकारी

**अमेठी:** फेज 5 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने शुक्रवार को केंद्र प्रबंधक गायत्री देवी वन स्टॉप सेंटर अमेठी द्वारा प्राथमिक विद्यालय असैदपुर गौरीगंज में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल में मौजूद सभी छात्र/छात्राओं को बाल अधिकार, महिला हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। महिला किसी भी फील्ड में पुरुषों से कम नहीं हैं, बेटा-बेटी एक समान, बेटी है तो कल है का नारा लगवाया गया। साथ ही महिला कल्याण विभाग की सभी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनामें जानकारी दी गई। इस दौरान प्रबंधक गायत्री देवी,पूजा देवी केस वर्कर, विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहे।

# प्रिया एक दिन के लिए बनी खण्ड शिक्षा अधिकारी

संवाददाता, संग्रामपुर, अमेठी,

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने के लिए व भविष्य मे कुछ ओहदा पाने के प्रयास को सफल बनाने के लिए आज खंड शिक्षा कार्यालय संग्रामपुर में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्रा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संग्रामपुर में पढ़ रही कक्षा 8 की छात्रा प्रिया वर्मा को सांकेतिक रूप से एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया। इस दौरान प्रिया ने खंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठकर अधीनस्थों को निर्देश दिए।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संग्रामपुर छात्रा प्रिया वर्मा ने सबसे पहले सभी प्रधानाध्यापक के साथ बैठक कर शिक्षा की गुणवत्ता और अधिक नामांकन पर जोर देने की बात कही। इसके बाद अपनी टीम के साथ नजदीकी परिषदीय विद्यालय भौसिंहपुर का निरीक्षण भी किया। विद्यालय में पढ़ा रहे अध्यापकों के साथ प्रिया वर्मा ने शिक्षण प्रक्रिया की जानकारी ली।


सांकेतिक रूप से खंड शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठी प्रिया। अमृत विचार

**परिषदीय विद्यालय भौसिंहपुर का किया निरीक्षण**

खंड शिक्षा अधिकारी संग्रामपुर प्रिया वर्मा ने विद्यालय के शौचालय, मिड-डे मील के तहत भोजन विद्यालय की साफ-सफाई के साथ छात्रों से पढ़ने व पढ़ाने पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्रा, सभी आज बने एआरपी टीम और अध्यापक मौजूद रहे।

इस दौरान प्रिया वर्मा ने कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संग्रामपुर की छात्रा भविष्य में एक आईएएस बन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करूंगी। वहीं पांच छात्राओं ने एआरपी पद का निर्वाह बड़े ही सरलता किया। खंड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि आज इस मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम में अनन्या तिहैतनपुर, श्रेजल मड़ौली, काजल अम्मरपुर,आंचल कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय संग्रामपुर, एमआरपी पद का निर्वाहन किया। वहीं कार्यालय के आशुतोष मिश्रा, पवन पाण्डेय, अरूण सिंह, मधुकर त्रिपाठी, वेद प्रकाश द्विवेदी, अशोक सिंह, जीपी सिंह, सहित सभी कर्मचारी व संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे ।

## एक नजर

### बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर जताया रोष

जौनपुर। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ निरन्तर हो रही घटनाओं को लेकर अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डा. प्रवीण तोगड़िया के आह्वान पर जौनपुर के अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता सड़क पर उतर गये। अहिप के जिलाध्यक्ष अजय पाण्डेय के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त घटनाएं पूरे हिन्दू समाज को आतंकित कर रही है।

### बालू के नीचे दबने से खलासी की मौत

मिर्जापुर) कोटवा मोड़ मगर मुडेल गांव में शुक्रवार की सुबह हाइवा वाहन से बालू उतरवाते समय बालू के नीचे दबने से हाइवा खलासी की घटनास्थल पर मौत हो गई। हलिया गांव निवासी फूल चंद्र पाल का 17 वर्षीय पुत्र गांव निवासी हाइवा चालक के साथ हाइवा वाहन पर खलासी का कार्य करता था। शुक्रवार की सुबह मड़ीहान थाना क्षेत्र के कोटवा मोड़ मगर मुडेल गांव में बालू गिराने के लिए हाइवा वाहन का डाला खोलकर बालू गिरवा रहा था की अचानक बालू के नीचे आने से खलासी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### माफियों के खिलाफ हो प्रभावी कार्रवाई : डीएम

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई जहां उन्होंने निर्देश दिया कि चिन्हित माफियाओं को सजा दिलाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाय। विशेष रूप से गम्भीर मामलों में प्रभावी पैरवी की जाय, ताकि अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलायी जा सके।

### महिला ने फंदा लगाकर दी जान

प्रतापगढ़ : सराय सुल्तानी, रानीगंज निवासी श्यामजी पटेल अपनी 23 वर्षीय बेटी माधुरी पटेल की शादी बीते वर्ष मई में प्रयागराज के सराय ममरेज थाना के सैदहा गांव के सूरज पटेल के साथ किया था। 10 नवम्बर को माधुरी अपने ससुराल से मायके सराय सुल्तानी आई थी। किसी बात से नाराज होकर वह कमरे में पंखे के चुल्ले में फंदा डालकर जान दे दी। एसओ आदित्य सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया खुदकुशी लग रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



### दो सगे भाइयों में चले लाठी डंडे, मुकदमा दर्ज

हलिया (मिर्जापुर)। कोटार गांव में गुरुवार की देर शाम दो सगे भाइयों में कहासुनी के बाद लाठी डंडे चले जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आयी है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पडताल में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी प्रथम पक्ष के राकेश ने दी गयी तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर विपक्षी सगे भाई लक्ष्मण घर पर आकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुये हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिससे सर में गम्भीर चोटे आई है। पुलिस तहरीर के अनुसार एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर लिया है वही दूसरे पक्ष के लक्ष्मण की तहरीर पर राकेश व बबुलेश दोनों सगे भाइयों मुकदमा दर्ज कराया है।

### मिर्जापुर में नमाज अदा

हलिया (मिर्जापुर)। संभल जामा मस्जिद की घटना को लेकर स्थानीय थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। दोपहर में जुम्मा नमाज के समय हलिया के विभिन्न मस्जिदों के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।पुलिस के देखरेख जुमे की नमाज अदा की गई।

# खाक चौक के संतों ने किया धरना प्रदर्शन

▶▶ मेलाधिकारी पर गलत भूमि आवंटन का लगाया आरोप



मेला प्राधिकरण कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते खाक चौक के संत। अमृत विचार

प्रयागराज, अमृत विचारः प्रयागराज में बसने जा रहे विशाल आध्यात्मिक मेले महाकुंभ में जमीन आवंटन को लेकर शुक्रवार को संतों के बीच विवाद हो गया। इसके विरोध में खाक चौक के संतों ने मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंच कर धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया।

खाक चौक के संतों का कहना है कि मेला प्रशासन की तरफ गलत तरीके से जमीन आवंटित की जा रही है। अखाड़ों के बाद खाक चौक के संतों को जमीन दी जाती थी, लेकिन इस बार खालसा को दे दी गई। कहा कि वह अपनी मांग को लेकर शांति पूर्वक प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मेला अधिकारी विजय किरन आनंद से भी संतों की बहस हुई। संतों की मांग है कि जिस तरह से पहले भूमि का आवंटन होता था इस तरह से भूमि आवंटित की जाए ताकि, वह अपनी व्यवस्था और अपने ठहरने की जगह बना सके।

वहीं सतुआ बाबा का कहना है अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह हाई कोर्ट तक जाएंगे और अगर उसके बावजूद भी नहीं सुनवाई होती है तो वह इस मेले का बहिष्कार करेंगे।

# 7 को स्थलीय निरीक्षण करेंगे सीएम योगी

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ पीएम मोदी के कार्यक्रम से पहले तैयारी का लेंगे जायजा

अमृत विचारः महाकुंभ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन संगमनगरी प्रयागराज में होना है। जिसको लेकर बड़ी तैयारी शासन और प्रशासन स्तर पर चल रही है। 13 दिसंबर को पीएम मोदी प्रयागराज आएंगे। जो शहर में करीब चार घंटे रहेंगे। मोदी के कार्यक्रम को लेकर सीएम योगी एक बार फिर सात दिसंबर को प्रयागराज आकर तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

दिव्य, भव्य और डिजिटल महाकुंभ की परिकल्पना को साकार करने के लिए पूरा सरकारी अमला काफी समय से जुटा हुआ है। 13 दिसंबर को देश के प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी प्रयागराज आएंगे। वह शहर के कई योजनाओं का लोकार्पण और अनावरण करेंगे। जिसको लेकर सीएम योगी भी पूरी तरह दे निगहबानी कर रहे है। सीएम योगी पीएम के कार्यक्रम को लेकर 7 दिसंबर को फिर प्रयागराज आएंगे। वह एयर पोर्ट से लेकर सभा स्थल तक पूरी तैयारी को देखेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ की नजर एयरपोर्ट, श्रृंगवेरपुर, अरैल और संगम तक में चल रही तैयारियों पर है। वह तैयारियों की पूरी रिपोर्ट अधिकारियों से ले रहे हैं। प्रधानमंत्री विशेष वायुयान से प्रयागराज के बम्हरौली एयरपोर्ट पहुंचेगे। यहां से वह सेना के हेलीकाप्टर से श्रृंगवेरपुर जाएंगे। इसके बाद हेलीकाप्टर से अरैल, नैनी के डीपीएस स्कूल में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। इसके बाद वह कार से अरैल के वीवीआईपी घाट पहुंचकर निषादराज क्रूज से संगम जाएंगे। वह महाकुंभ के सकुशल संपन्न होने के लिए विधि विधान के साथ पूजन करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संगम पर होने वाली जनसभा में करीब बीस हजार से अधिक लोग होंगे। इसमें स्वच्छता कर्मी, गंगा सेवा दूत, नाविकों के साथ ही स्कूलों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियां तेजी से चल रही है। पीएम के आने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तैयारियों का जायजा लेने 7 दिसंबर को प्रयागराज फिर आएंगे।

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

## मानिकपुर व महेशगंज के रहने वाले दोनों युवक, गंभीर रूप से घायलों का चल रहा इलाज

कुंडा/बाबागंज, प्रतापगढ़



रोते बिलखते मदन मौर्य के परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार : मानिकपुर के डंडौली गुड़ियापुर गांव निवासी 35 वर्षीय फूलचंद पुत्र बुधई गुरूवार की रात करीब नौ बजे बाइक से 27 वर्षीय पत्नी रीता देवी व 20 वर्षीय साले गोलू के साथ आलापुर की तरफ जा रहे थे। मानिकपुर के बजहा गांव के पास सामने अचानक आए नीलगाय से बाइक भिड़ गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग घायलों को उपचार के लिए कुंडा सीएचसी ले आए। यहां पर चिकित्सकों ने फूलचंद्र को मृत घोषित कर दिया। पत्नी रीता देवी को गम्भीर हालत में एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ दीप नारायन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बाबागंज प्रतिनिधि के महेशगंज थाना क्षेत्र के शेषपुर चौरास निवासी 38 वर्षीय मदन मौर्य गुरुवार की रात अपने साथी बृजमोहन सिंह के साथ मोटरसाइकिल से रामपुर बावली लकुरी में सम्बन्धी के यहां तिलक समारोह में गए थे। निमंत्रण से वह घर वापस लौट रहे थे कि पूरे चेतमन नहर के पास अचानक नीलगाय आने से जोरदार टक्कर हुई। वह सड़क पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए। पीछे बैठा साथी भी घायल हो गया। हादसे की जानकारी होने पर लोग किसी तरह ट्रामा सेन्टर लालगंज ले गई। जहां चिकित्सकों ने मदन मौर्य को मृत घोषित कर दिया। घायल बृजमोहन सिंह का इलाज चल रहा है। मौत की सूचना पर पत्नी राजकुमारी मौर्या, आठ वर्षीय बेटी शिवांशी व पांच वर्षीय शिवांगी रो रो कर बेहाल हैं। महेशगंज पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संभल हिंसा : जुमे की नमाज पर हाई अलर्ट जारी, शहरों में लगाई गई फोर्स

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ चौराहों पर दो से अधिक लोगों के खड़े होने पर शुरू पाबंदी

अमृत विचार : यूपी के संभल जिले में हुई हिंसा के बाद संगमनगरी में भी सख्ती बढ़ा दी गई है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर शहर में हाई अलर्ट रहा। संभल में हुए हिंसा खाक जुमे नमाज के दौरान विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी को लेकर पुलिस और प्रशासन की टीमें स्क्रीय रही। शहर के चौक जामा मस्जिद सहित अन्य बड़ी मस्जिदों के बाहर और आसपास भारी संख्या में फोर्स तैनात रही। इतना ही नहीं एलआईयू की टीमें और ख़ुफ़िया एजेंसी भी लगातार सर्च करती रहीं।

संभल में भड़की हिंसा के बाद प्रयागराज जिला भी जुमे की नमाज पर छावनी में तब्दील रहा। शहर के चौक, नखासकोहना, नूरुल्ला रोड, रोशनबाग, मंसूर अली पार्क, अटाला, रसूलपुर, अकबरपुर, शाहगंज, सेंवई मंडी, रानीमंडी, दरियाबाद, हसन मंजिल, करेली सहित कई इलाकों में पुलिस की कड़ी सुरक्षा रही। याद हो कि प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद ही अटाला में हिंसा और बवाल हुआ था। जिसके बाद पूरा प्रयागराज उस हिंसा की आग में सुलग गया था। कई दिनों तक बवाल चला और कई लोग जेल भी भेजे गये थे।

# तीन दिन में आवास का निर्माण पूरा करें लाभार्थी

प्रतापगढ़, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के ऐसे लाभार्थी जिनके आवास का निर्माण अधूरा है, तीन दिन में निर्माण पूर्ण कर रिपोर्ट निकायों को दे दें। ऐसा नहीं करने पर उनसे धनराशि की वसूली शुरू कर दी जाएगी।

परियोजना अधिकारी डूडा देश दीपक सिंह ने बताया कि नगर पंचायत अंतू, नगरपालिका बेल्हा, नगर पंचायत डेरवा, ढकवा, गड़वारा, हीरागंज बाजार, कटरा गुलाबसिंह, कटरा मेदनीगंज, कोहंडौर, कुंडा, लालगंज, मानधाता, मानिकपुर, प्रतापगढ़ सिटी, पृथ्वीगंज, रामगंज, रानीगंज व सुवंशा की स्वीकृत डीपीआर में प्रथम किस्त व द्वितीय किस्त पाने वाले लाभार्थियों के आवास अधूरे होने की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। तीन दिन में आवास का निर्माण पूरा नहीं होने पर इन्हें अपात्र घोषित कर धनराशि की वसूली कराई जाएगी।

# बेसहारा मवेशी को लेकर युवक पर पत्थर से हमला, मौत

गौरा प्रतापगढ़, अमृत विचार : बेसहारा मवेशी छोड़ने से मना करने की बात पर युवक पर पत्थर से हमला कर दिया। उपचार के दौरान युवक की अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।



रमाशंकर सरोज (फाइल फोटो)।

फतनपुर थाना क्षेत्र के नईकोट सुवंसा निवासी 38 वर्षीय रमाशंकर सरोज राजस्थान में एक निजी कंपनी में कार्य करते थे। गुरुवार की रात करीब दस बजे कुछ ग्रामीण पैदल बेसहारा मवेशी को छोड़ने पहुंचे। रमाशंकर ने विरोध करते हुए मवेशी ना छोड़ने की बात कही तो कहासुनी हो गई। इस दौरान रमाशंकर के सिर पर पत्थर मार दिया। पत्थर से उनके भतीजे रोशन लाल सरोज के हांथ में भी चोट लग गई। गम्भीर रूप से घायल स्थित में रमाशंकर को परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां से मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही पत्नी रीतू देवी व बच्चे आदित्य,साहिल व साधना रो रो कर बेहाल हो गए। सूचना पर सुवंसा चौकी इंचार्ज पहुंचे। उसके बाद फतनपुर पुलिस और सीओ विनय प्रभाकर साहनी पहुंचे। परिजनों के साथ ग्रामीणों ने पुलिस के प्रति नाराजगी जताई।

# फिल्म अभिनेता राजपाल यादव पहुंचे प्रयागराज

उत्साहवर्धन

▶▶ बोले- महाकुंभ पूरे देश का सबसे बड़ा संस्कृतिक आयोजन

▶▶ मेला प्राधिकरण में मेला अधिकारी की प्रशंसा की



प्रयागराज मेला अधिकारी विजय किरण आनंद से बातचीत करते राजपाल यादव।

अमृत विचारः फिल्म जगत के चर्चित हास्य अभिनेता राजपाल यादव शुक्रवार को संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज पहुंचकर उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में मेला अधिकारी विजय किरण आनंद से मुलाकात की।

राजपाल यादव ने कहा कि महाकुंभ पूरे देश का सबसे बड़ा संस्कृतिक व आध्यात्मिक की नगरी में आयोजित होता है। इस बड़े समागम की तैयारी बड़े जोर शोर से चल रही है। इस बड़े समागम में जुड़ने वालों को यह आवडर बड़े सौभाग्य से मिलता है। मेला प्राधिकरण में मेला अधिकारी की उन्होंने काफी प्रशंसा की। कुंभ मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

राजपाल यादव ने बताया कि दद्दा शिष्य मंडल की तरफ से संगम नगरी में हर वर्ष माघ मेला या कुंभ या फिर महाकुंभ में शिविर का आयोजन होता है। यह पहला कुंभ है जब इस बार पूज्य गुरुजी देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी हमारे साथ नहीं है। कहा जाए तो वह भौतिक रूप से हमारे साथ नहीं है लेकिन यह भी कहा जा सकता है की वह निराकार रूप में हमारे साग शिविर में मौजूद रहेंगे।

अनदेखी

करोड़ों की लागत से बने पुल में हो सकता है बड़ा हादसा

# उद्घाटन से पूर्व नए टोंस पुल में पड़ने लगीं दरारें

संवाददाता, बारा/नैनी/ प्रयागराज



अमृत विचारः बारा, मेजा तथा कोरांव तहसील को जोड़ता हुआ उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र से सटा तमसा नदी पर बना नया पुल वर्ष भर पहले चालू हो गया है। उद्घाटन के पूर्व ही पुल में दरारें पड़ गईं। साथ ही पुल के आसपास की रोड धसने लगी।

ज्ञात हो कि सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला तमसा नदी पर स्थित पुराना पुल जिसे गऊघाट पुल के नाम से भी जाना जाता है 1952 में बनाया गया था जो बाद में काफी जर्जर हो गया था। इसके परिणाम स्वरूप इसके बगल में ही नए पुल का प्रस्ताव रखा गया और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराया। फिर शासन से बजट मंजूर कराया और वह अब बनकर तैयार हो गया। मांडा प्रतापपुर स्टेट हाईवे पर स्थित कई जिलों को जोड़ने वाले पुल के निर्माण की आधारशिला 11 दिसंबर 2020 को रखी गई। इसके लिए शासन द्वारा 63 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था। यह पुल 670 मीटर लंबा है और इसे बनने में ढाई वर्ष का समय लगा।

# एडीएम ने गड़बड़ा धाम मेले का लिया जायजा, दिए निर्देश

हलिया (मिर्जापुर), अमृत विचार। अगहन महीने में पंद्रह दिवसीय लगने वाले मेले के मद्देनजर गड़बड़ा धाम में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व शिव प्रताप शुक्ला ने भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया।

गड़बड़ा धाम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था समुचित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने शीतला मंदिर से हनुमान मंदिर तक बिजली का पोल लगवाने प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त कराने को कहा तथा एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव को मेला क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के अलावा शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। सेवटी नदी में पुल के बगल में बनी अस्थायी पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर नाराजगी जताई।

पानी से नदी के कटान के कारण गड़बड़ा गोकुल गांव से धाम की तरफ आने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग पर रेलिंग लगवाने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद हल्का लेखपाल को मेला क्षेत्र के प्रमुख जगहों पर अलाव जलाने को कहा आने वाले श्रद्धालुओं के साथ अवैध वसूली करने की शिकायत न मिले, थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह को निर्देशित किया।

## सार-संक्षेप

### मृतक पंकज के घर पहुंचे मंत्री ओम प्रकाश राजभर



जौनपुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं यूपी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर शुक्रवार को जलालपुर थाना क्षेत्र के रेहटी गांव पहुंचकर मृतक पंकज राजभर के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी लिये। साथ ही परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाये। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तार हो चुकी है। पुलिस के कार्य से परिवार के लोग संतुष्ट है। क्षेत्रीय विधायक जगदीश नारायण राय के बारे में उन्होंने कहा कि वह हमारे पार्टी को धोखा देकर लाल टोपी वालों के साथ हैं। वक्त आने पर उनको जनता सबक सिखायेगी। बता दें कि बीते मंगलवार की रात रेहटी गांव के निवासी पंकज राजभर को मकरा चौराहे के पास मामूली विवाद में दबंगों द्वारा कार से कुचलकर मार डालने की घटना हुई थी जिसके बाद यह हत्याकाण्ड अब राजनीतिक रूप ले चुका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके साथ जखनिया विधायक बेदी राम, सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव डा. जेपी सिंह, अरविन्द राजभर सहित तमाम लोग मौजूद थे। जैसे ही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर वापस लौटे, उसके कुछ ही देर बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर भी केराकत विधायक तूफानी सरोज के साथ पंकज के घर पहुंच गये। परिजनों से मिलकर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाते हुये मीडिया के माध्यम से सरकार से मांग किया कि सरकार पीड़ित परिवार को एक सरकारी नौकरी एवं 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद करे।

### किन्नर अखाड़ा ने शिविर के लिए किया भूमि पूजन



महाकुंभ में शिविर के लिए भूमि पूजन करतीं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी। अमृत विचार

प्रयागराज : अखाड़ा ने महाकुंभ में शिविर लगाने के लिए मेला क्षेत्र के सेक्टर –16 के संगम लोवर, भारद्वाज मार्ग पर शुक्रवार को विधि विधान से पूजन, हवन किया। पूजन हवन में किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष एवं उप्र किन्नर वेलफेयर एसोसिएशन की वरिष्ठ सदस्य एवं महाकुंभ प्रभारी महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी पवित्रा नंद गिरी, महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि, महामंडलेश्वर स्वामी मणिकंडन महराज काशी, संरक्षक दुर्गा दास महराज, श्रीमहंत संजनानंद गिरि व वैष्णवी नंद गिरी ,पुनीत पागल बाबा बनारस,मोनू बाबा डमरू दल बनारस सहित बड़ी संख्या में किन्नर शिष्य शामिल हुए। जगद्गुरु स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महराज श्रृंगवेरपुर धाम ने सकुशल मेला संपन्न होने के लिए आशीर्वाद दिया। उधर किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने बताया कि महाकुंभ मेला के लिए किन्नर अखाड़ा के संत, महात्मा और बड़ी संख्या में शिष्य 10 जनवरी तक मेला क्षेत्र में लगे शिविर में पहुंच जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में कथा, पूजन, हवन, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम होंगे जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

### बच्चे मेधावी, क्षमताओं की बहुत संभावना : पीएन सिंह

प्रयागराज : समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्रयागराज में करियर मेले का आयोजन आज किया गया। इसमें मुख्यमंत्री विद्यालयों में विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देने के लिए पंख पोर्टल का संचालन शुरू किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं यूनिसेफ की सहायता से संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में अध्यनरत छात्र–छात्राओं को करियर के बारे में नि:शुल्क मार्गदर्शन प्रदान करना है। करियर मेले का आरंभ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पीएन सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम मिश्रा ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों एवं सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने अभिभावकों एवं छात्राओं को अभिप्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का है, हमें अपने बच्चों की क्षमताओं एवं रुचियों का ध्यान रखते हुए उच्च अध्ययन के क्षेत्र एवं करियर का चुनाव करना चाहिए। मेले में हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट, मॉडल करियर सेंटर, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, त्रिशक्ति डिफेंस एकेडमी, एच एम एफ ए मेमोरियल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, हंडिया, उर्मिला महिला महाविद्यालय, इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस, यूनाइटेड ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस ,एलडीसी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के विशेषज्ञ और प्रतिनिधियों ने विभिन्न करियर क्षेत्रों के बारे में छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया।

### कर्तव्यों का निर्वहन करने पर स्वत: मिलते हैं मौलिक अधिकार

प्रतापगढ़ : जिला बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ इकाई के संयोजन में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित की गई। डॉ.भीमराव आम्बेडकर व महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने कहा कि भारतीय संविधान ने हमें अधिकार समाज में विभिन्न अधिकार दिए हैं। हमारा दायित्व व कर्तव्य है कि संविधान का सम्मान करें। 26 जनवरी 1950 को संविधान के प्रावधान देश में लागू किए गए थे,लेकिन कुछ प्रावधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत करने के साथ ही लागू हुए थे। जब हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं तो हमें स्वत : मौलिक अधिकार मिल जाते हैं। विशिष्ट अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित पवार ने कोस–कोस में बदले पानी,चार कोस में बानी का उदाहरण देकर संविधान की मजबूती की बात कही। अति विशिष्ट अतिथि अपर सत्र न्यायाधीश एससी–एसटी बाबू राम ने भी सम्बोधित किया।

## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-6200 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 79,150 |
| सोना रवा | 79,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 63,000 |
| चांदी तैयार | 92,600 |
| चांदी (999) | 92,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 1,20,000 |

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा

वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि बृहस्पतिवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सितंबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 , 0.4 , 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

## राष्ट्रीय

# वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : मोदी

## विपक्ष पर प्रधानमंत्री ने किया कटाक्ष, बोले- सत्ता के भूखे लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

भुवनेश्वर, एजेंसी



भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते।

उन्होंने कहा कि इनका (विपक्ष का) मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह करने के लिए सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं और गुस्सा जनता पर निकालने लगे हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है। अब उन्होंने इस अभियान को और तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका एक झूठ लोगों पर काम नहीं करता, तो उससे बड़ा दूसरा झूठ ये गढ़ते हैं। ये अपने कार्यकर्ताओं को भी झूठा दिलासा देने के लिए यही करते हैं। उन्होंने विपक्ष के कारनामों को बहुत बड़ी चुनौती करार दिया और देशवासियों से हर पल सतर्क और जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पार्टी कार्यकर्ताओं में विश्वास भर दिया है और यही भाजपा की विशेषता और उसके कार्यकर्ताओं का सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ सुबह शाम दुष्प्रचार करते रहते हैं। लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है।

### राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने ओडिशा को केंद्र से मिलने वाले बजट को तीन गुणा किया, नई-नई योजनाएं चलाईं। उन्होंने कहा कि इसलिए ओडिशा की जनता भाजपा की नीति और कार्यशैली को जान सकी। उनके मन में भाजपा को लेकर विश्वास पैदा हुआ और उन्होंने भाजपा को अशीर्वाद दिया। मोदी ने कहा कि दुनिया में भारत का प्रभाव 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद कई गुना अधिक हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है, लेकिन कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव यह हुआ है कि संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है और लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज केंद्र सरकार ओडिशा के गौरव को बड़ी प्राथमिकता दे रही है और वह इस राज्य को देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के नक्शे पर लाना चाहती है।

# गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

मंदिरों में प्रसाद का मामला

# टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

# मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

अजमेर दरगाह



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

# वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

# मप्रः खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

**खंडवा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि यह घटना गुरुवार आधी रात की है जब जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को उल्टा करके बुझाने के लिए पानी से भरे कंटेनर में डाला जा रहा था, तभी आग की लपटें धधक उठीं। कुछ सेकेंड तक इन लपटों से आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया। प्रतिबंधित छात्र इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के सदस्यों द्वारा 2009 को मारे गए पुलिसकर्मी सीताराम सहित तीन लोगों की याद में हर साल ये जुलूस निकाला जाता है।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

# लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में



**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

### इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के .राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

### इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

### आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठीं वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।



## गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

सिंगापुर, एजेंसी

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

## खेल डायरी

### मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

### हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

## कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

# बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

कैनबरा, एजेंसी



**मैच : सुबह 9:10 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश :** जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है । टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमेन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

**मेलबर्न।** नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी श्रृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

### राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

**कैनबरा।** चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें । अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

## बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

पुणे, एजेंसी

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

## ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

क्राइस्टचर्च, एजेंसी



- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर

‹‹ पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बॉलीवुड हलचल



### बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

### पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति



**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

### मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

ब्यूरो, देहरादून



- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

### अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है। फोर्ब्स पत्रिका ने आनंद को मलेशिया का छठा सबसे अमीर व्यक्ति बताया था जिनकी कुल संपदा 5.1 अरब डॉलर की है।

### खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा, अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया।

### ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा। हेग के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले स्काई न्यूज और द टाइम्स ऑफ लंदन समाचार पत्रों में खबरें आई थीं, जिनमें कहा गया है कि हेग पर धोखाधड़ी का आरोप तय हुआ है। खबर के अनुसार हेग ने 2013 में कहा था कि उनका सेलफोन चोरी हो गया है।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्य: संरा

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। संयुक्त राष्ट्र के तहत कार्यरत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

### चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर 1,900 हुई

**बीजिंग।** कृत्रिम प्रजनन पद्धति के इस्तेमाल के बाद चीन में विशाल पांडा की आबादी बढ़कर लगभग 1,900 हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भालू के परिवार के ये सदस्य गोल चेहरे, मोटे शरीर और शरीर पर सफेद तथा काले बालों के विशिष्ट निशान के लिए पहचाने जाते हैं। इनकी आबादी बढ़ने के साथ ही ये लुप्तप्राय से संवेदनशील श्रेणी में आ गये हैं। चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि विशाल पांडा का प्रजनन सबसे कठिन प्रक्रिया थी।

## चक्रवात की आशंका



आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

## डेमोक्रेटिक सांसदों को बम विस्फोट की मिली धमकी

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी के कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के कम से कम चार सांसदों को उनके घरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सांसदों एवं उनके कार्यालयों ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि सभा के सदस्यों जिम हिम्स, जो कोर्टनी, जॉन लार्सन और जहाना हेस ने उन्हें धमकियां मिलने की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि उसे सांसदों की संपत्तियों पर विस्फोटक सामग्री से संबंधित कोई सबूत नहीं मिला।

राज्य से प्रतिनिधि सभा के पांचवें डेमोक्रेटिक सदस्य रोसा डेलाउरो और कनेक्टिकट से डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सीनेटर को भी धमकियां मिली हैं या नहीं। इससे एक दिन पहले, अमेरिका में कैबिनेट स्तर के कई मनोनीत और शीर्ष प्रशासनिक अफसरों को धमकी मिली थी।

# भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो रहा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत



वैश्विक शांति और स्थिरता की दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

## भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।



जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

### बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

ढाका। बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

### ब्रिटेन के सांसद ने हिंदुओं के उत्पीड़न का मामला संसद में उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की। ब्लैकमैन ने सांसदों को बताया उन्हें (दास) बांग्लादेश में गिरफ्तार किया गया है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या की जा रही है, उनके घरों और मंदिरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा बांग्लादेश के उच्च न्यायालय में यह फैसला देने का प्रयास किया गया कि इस्कॉन को देश से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए, जो हिंदुओं पर सीधा हमला है।

### चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश



बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

**ढाका।** बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबां लगाने की मांग की।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

**अहमदाबाद, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि जय अंबे सोसायटी, तीसरे फाटक के पास, गांव आरभडा, ओखा मंडल, देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी। इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।



गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

## कैमरून में नाव पलटी, 20 की मौत

**याउंडे।** कैमरून के सुदूर उत्तरी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव पलट जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार शाम को बताया कि नाव उस समय पलट गई, जब वह लोगोने-एट-चारी डिवीजन के क्षेत्र में दारक द्वीप से यात्रियों को ले जा रही थी। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है, इससे और अधिक लोगों के हताहत होने की आशंका है। सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नाव दुर्घटनाएं आम हैं।

# अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

- वायु सेना निरंतर परीक्षण के लिए 259 मिसाइलों का करेगा उपयोग

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है।

जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है। सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है।

## चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति की यात्रा को लेकर की आलोचना

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रपति लाइ चिंग-ते दक्षिण प्रशांत की अपनी यात्रा के दौरान हवाई और गुआम में ठहरेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है। लाइ शनिवार को ताइवान से मार्शल द्वीप समूह, तुवालु और पलाऊ की यात्रा के लिए रवाना होंगे जो ताइवान के तीन राजनयिक सहयोगी हैं। लाइ के कार्यालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह अमेरिका के प्रांत हवाई और अमेरिकी क्षेत्र गुआम में रुकेंगे। उनकी इस योजना की चीन ने आलोचना की है।

# वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति बनाने के करीब पहुंचे

- पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का मिला समर्थन

**बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए।

पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है। वहीं, कुछ प्लास्टिक उत्पादक और सऊदी अरब सहित तेल एवं गैस उत्पादक देशों ने प्लास्टिक उत्पादन को संधि में शामिल किये जाने का विरोध किया।

## युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान

**बेरूत।** लेबनान के प्रधान मंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

# रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

**सियोल, एजेंसी**

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।



## उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

**खगोल विज्ञान** चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

# वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है । मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैनेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।



### लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

**नैनीताल :** ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।